# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | भोपाल, बुधवार 28 जनवरी 2026


## बजट 2026 की तैयारी पूरी

### नॉर्थ-ब्लॉक में हुई 'हलवा' सेरेमनी



**नई दिल्ली।** नॉर्थ ब्लॉक में यूनियन बजट 2026-27 की तैयारी अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हलवा बांटकर टीम के परिश्रम का सम्मान किया, जो इस बजट की ▸▸ शेष पेज 4 पर


MSN माता श्री नेत्रालय
मल्टीस्पेशलिटी नेत्र संस्थान
माताश्री नेत्रालय विगत 42 वर्षों से नेत्र सेवा में तन्मयता से सेवारत...
नेत्र सेवा में विश्वास
डॉ. पी.एस. बिन्द्रा
M.B.B.S., M.D., D.O.M.S.
डॉ. प्रीति बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FCRS लेजर विशेषज्ञ
डॉ. चाहवीर बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FRVS रेटिना विशेषज्ञ
जी-2, मनोरा होम्स के पास (ओरा मॉल के पीछे) गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल
समय : सुबह 10.30-3 बजे तक शाम 4.30-6.30 बजे (रविवार अवकाश)
फोन : 0755-2562222, 2562233
मो.: 9826084896

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### अरिजीत का प्लेबैक सिंगिंग से सन्यास

**नई दिल्ली।** अच्छा चलता हूं दुआओं में याद रखना... और खैरियत पूछो कभी तो, जैसे



आइकॉनिक गाने गा चुके प्लेबैक गायक अरिजीत सिंह ने प्लैबैक सिंगिंग से रिटायरमेंट अनाउंस कर दिया है। सिंह ने पोस्ट में नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इतने सालों तक मेरे गाने सुनकर मुझे इतना प्यार देने के सभी का धन्यवाद। मुझे यह ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि अब से मैं प्लेबैक वोकलिस्ट के तौर पर कोई नया असाइनमेंट नहीं लूंगा।

### कार में पुजारी का मिला शव, पिस्टल बरामद

**इंदौर।** महालक्ष्मी नगर इलाके में मंगलवार सुबह 5 बजे एक पुजारी का शव कार में मिला है। कार



अंदर से लॉक थी, जिसे पुलिस ने शीशे तोड़कर खोला। मौके से एक पिस्टल भी बरामद हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। खजराना पुलिस के मुताबिक सतीश शर्मा (36) पुत्र कैलाश शर्मा का शव सुबह करीब 5 बजे महालक्ष्मी नगर के एक सुनसान इलाके में खड़ी कार में मिला। उनके सिर में गोली लगी थी।

### महाकाल मंदिर में कोई भी 'वीआईपी' नहीं है

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर के गर्भगृह में वीआईपी लोगों को प्रवेश की अनुमति के मामले पर सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई



सूर्यकांत ने कहा कि महाकाल के परिसर में कोई वीआईपी नहीं है, लेकिन इस तरह की याचिका दाखिल करना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता का मकसद भी श्रद्धा नहीं लगता है। बेंच ने याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए कहा कि मंदिर में किसे प्रवेश मिले, यह तय करना कोर्ट का काम नहीं है।

## पीएम मोदी ने कहा

### अब इस साझेदारी को पूरे समाज की साझेदारी में बदलने का समय, यह 'मदर ऑफ ऑल' ट्रेड डील



पीएम नरेंद्र मोदी

*भारत-यूरोपियन यूनियन में 18 साल बाद बड़ी ट्रेड डील...इस समझौते को 2027 में लागू किए जाने की संभावना*

# ट्रंप की दादागीरी पर 'बड़ा प्रहार'

**मोदी बोले**

आज दुनिया में व्यापार तकनीक और रेयर खनिजों को हथियार बनाकर इनका इस्तेमाल दबाव बनाने के लिए किया जा रहा है, इसलिए भारत और ईयू को मिलकर अपनी निर्भरता कम करनी चाहिए

**ईयू बोला**

यूरोप समझौते करने में समय जरूर लेता है, लेकिन जब समझौता हो जाता है तो वह उसे निभाता है और लागू करता है। यूरोप अपने वादों और समझौतों पर कायम रहता है और यही बात उसे खास बनाती है

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मंगलवार को भारत और यूरोपियन यूनियन (ईयू) ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों पर एक बड़ा प्रहार कर दिया। ट्रंप की नाजायज धमकियों के बीच भारत और यूरोपियन यूनियन (27 देशों का समूह) के बीच 18 साल की लंबी बातचीत के बाद मंगलवार को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) हो गया है।

भारत और यूरोपियन यूनियन के नेताओं ने मंगलवार को 16वें भारत-ईयू समिट के दौरान इसका ऐलान किया। इस समझौते को 2027 में लागू किए जाने की संभावना है। इस डील के बाद भारत में यूरोपीय कारें जैसे कि बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज पर लगने वाले टैक्स को 110% से घटाकर 10% कर दिया जाएगा। इसके अलावा भारत में यूरोप से आने वाली शराब और वाइन पर टैक्स कम हो सकता है। यूरोपीय देशों की शराब पर अभी 150% टैरिफ लगता है। इसे घटाकर 20–30% किया जाएगा। भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जबकि यूई दूसरी सबसे बड़ी। दोनों मिलकर वैश्विक जीडीपी का करीब 25% और दुनिया के कुल व्यापार का लगभग एक-तिहाई हिस्सा रखते हैं।

**इंपोर्टेड लग्जरी कारों पर टैरिफ 110% से घटकर 10%, प्रीमियम शराब पर 150% की जगह 20% टैक्स**



समझौते के बाद प्रफुल्लित दिखे (बाएं से) एंटोनियो, पीएम मोदी और उर्सुला

### ईयू में भारत का निवेश 4 लाख करोड़ से ज्यादा

पीएम मोदी ने कहा कि ईयू में भारत का निवेश अब करीब 40 अरब यूरो (4 लाख 36 हजार करोड़ रुपए) तक पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि आज भारत और यूरोप की कंपनियां रिसर्च, मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस जैसे हर क्षेत्र में मिलकर काम कर रही हैं। और इसमें कारोबारी नेताओं की अहम भूमिका है। मोदी ने कहा कि भारत और ईयू के बीच जो नजदीकी बढ़ रही है, वह अपने आप नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि भारत और यूरोप दोनों ही मार्केट बेस्ड इकोनॉमी वाले देश हैं। दोनों के मूल्य मिलते-जुलते हैं, दुनिया में शांति और स्थिरता को लेकर सोच एक जैसी है और खुले समाज होने की वजह से लोगों के बीच भी स्वाभाविक जुड़ाव है।

### मोदी बोले- रेयर अर्थ मिनरल्स को हथियार बनाया जा रहा

भारत-ईयू बिजनेस फोरम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि कारोबारी इस फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से मिलने वाले मौकों का पूरा फायदा उठाएंगे। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारत और ईयू दोनों की प्राथमिकताओं से जुड़ा है और इससे व्यापारिक साझेदारियों को भी लाभ होगा। आज दुनिया में व्यापार तकनीक और रेयर खनिजों को हथियार बनाकर इनका इस्तेमाल दबाव बनाने के लिए किया जा रहा है, इसलिए भारत और ईयू को मिलकर अपनी निर्भरता कम करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी चिप्स और दवाओं के कच्चे माल जैसे सेक्टर्स में बाहरी निर्भरता घटाने और भरोसेमंद सप्लाई चेन बनाने पर साथ काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत और ईयू दोनों ही डिफेंस इंडस्ट्री और नई तकनीकों पर ध्यान दे रहे हैं और कारोबारियों से डिफेंस, स्पेस, टेलीकॉम और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ाने की अपील की। उन्होंने ग्रीन हाइड्रोजन, सौर ऊर्जा और स्मार्ट ग्रिड जैसे सेक्टर्स में मिलकर रिसर्च और निवेश बढ़ाने की बात कही। इसके साथ ही छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर, टिकाऊ ट्रासपोर्ट, वाटर मैनेजमेंट, सर्कुलर इकोनॉमी और टिकाऊ खेती जैसे क्षेत्रों में भी मिलकर काम करने पर जोर दिया। ▸▸ पढ़ें पेज 08 भी

### आम भाषा में इस ट्रेड डील के फायदों को ऐसे समझें?

- भारत के लेबर बेस्ड प्रोडक्ट्स को यूरोपीय मार्केट में आसानी से जगह मिलेगी
- कपड़ा, जेम्स एंड ज्वेलरी, ऑटो पार्ट्स और इंजीनियरिंग सामान को फायदा होगा
- फल, सब्जियां, प्रोसेस्ड फूड और समुद्री उत्पादों के लिए भी नए मौके खुलेंगे, जिससे किसानों और मछुआरों को सीधा लाभ मिलेगा
- सर्विस सेक्टर को भी फायदा होगा। खासतौर पर आईटी, एजुकेशन, पारंपरिक चिकित्सा और बिजनेस सर्विसेज को फायदा मिलेगा

### भारत-यूरोपियन यूनियन कारोबार का फिलहाल क्या सीन?

- पिछले 10 सालों में भारत और यूरोप के बीच व्यापार दोगुना होकर करीब 180 अरब यूरो तक पहुंचा
- इस समय भारत में 6 हजार से ज्यादा यूरोपीय कंपनियां काम कर रही हैं
- यूरोप से भारत में 120 अरब यूरो से ज्यादा का निवेश आ चुका है
- करीब 1,500 भारतीय कंपनियां भी यूरोपियन यूनियन के देशों में कारोबार कर रही हैं
- दोनों मिलकर वैश्विक जीडीपी का करीब 25% और दुनिया के कुल व्यापार का लगभग एक-तिहाई हिस्सा रखते हैं

*यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला बोलीं*

## एफटीए से 43 हजार करोड़ रुपए के टैरिफ कम होंगे



उर्सुला वॉन डेर

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि इस फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से हर साल करीब 4 अरब यूरो (43 हजार करोड़ रुपए) के टैरिफ कम होंगे और भारत व यूरोप में लाखों लोगों के लिए रोजगार के नए मौके बनेंगे। उन्होंने कहा कि भारत–ईयू फ्री ट्रेड एग्रीमेंट दुनिया को साफ संदेश देता है कि आज की ग्लोबल चुनौतियों का सबसे अच्छा जवाब आपसी सहयोग है, न कि अलग-थलग होकर फैसले लेना।

### समझौते की 5 प्रमुख बातें

**1 व्यापार और शुल्क में कटौती**
यूरोपीय संघ ने भारत के 99% से अधिक निर्यात (मूल्य के आधार पर) को अपनी सीमाओं में शुल्क-मुक्त प्रवेश देने पर सहमति जताई है। इससे भारत के कपड़ा, चमड़ा, फुटवियर और इंजीनियरिंग सामानों को सीधा लाभ मिलेगा। अनुमान है कि इस समझौते से 2032 तक यूरोपीय संघ का भारत को होने वाला निर्यात दोगुना हो जाएगा।

**2 रक्षा और सुरक्षा**
दोनों पक्षों ने पहली बार एक सुरक्षा और रक्षा साझेदारी पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी अभियान और अंतरिक्ष में सहयोग को प्राथमिकता दी गई है। भारतीय और यूरोपीय रक्षा उद्योगों के बीच सह-उत्पादन और तकनीक हस्तांतरण पर जोर दिया गया है।

**3 जलवायु और हरित ऊर्जा**
यूरोपीय संघ ने भारत के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के प्रयासों में मदद के लिए 500 मिलियन यूरो की वित्तीय सहायता का वादा किया है। कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म जैसे नियमों पर भारत को तकनीकी सहयोग और लचीलापन देने का आश्वासन दिया गया है, ताकि भारतीय निर्यातकों पर इसका बुरा असर न पड़े।

**4 तकनीकी और डिजिटल सहयोग**
सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी भविष्य की तकनीकों में दोनों पक्ष मिलकर काम करेंगे। अगली पीढ़ी के टेलीकॉम नेटवर्क और सुरक्षित डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए साझा रोडमैप तैयार किया गया है।


**5 सेवा क्षेत्र और लोगों की गतिशीलता**
भारतीय आईटी पेशेवरों, इंजीनियरों और स्वतंत्र पेशेवरों के लिए यूरोप के बाजार में प्रवेश आसान बनाया गया है। छात्रों के लिए पोस्ट-स्टडी वर्क अवसर और भविष्य में सामाजिक सुरक्षा समझौतों के लिए एक रूपरेखा तैयार की गई है।

*सनकी आशिक का खूनी खेल*

## प्रेमिका के घर में घुसकर भाई को चाकू से गोदा, मौत हो गई

***करीब एक साल से लिव-इन में रह रहा था***

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर



आरोपी वेदांत



मृतक वेदांश

एयरोड्रम थाना क्षेत्र स्थित 60 फीट रोड पर सोमवार रात दिल दहला देने वाली वारदात हुई। एक सनकी आशिक ने युवती के घर में घुसकर उसके परिजनों पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया। इस खूनी हमले में युवती के भाई की मौत हो गई, जबकि युवती और उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस के अनुसार आरोपी वेदांत सोलंकी और युवती विधि लुनावत के बीच दोस्ती थी। पिछले कुछ दिनों से उनके बीच झगड़ा चल रहा था। सोमवार रात करीब 10 बजे वेदांत विधि के घर पहुंचा। घर में घुसते ही उसने विधि उसकी मां अनीता और भाई वेदांश पर चाकू से जानलेवा वार कर दिए। हमले में वेदांश गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत अरबिंदो अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने खुद को भी चाकू मार ▸▸ शेष पेज 4 पर

*खंडवा में अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़*

## रिहायशी इलाके के एक मकान से 20 क्विंटल विस्फोटक जब्त

***कांग्रेस नेता के मकान में अवैध पटाखे की थी फैक्ट्री***

***फैक्ट्री से सुतली बम और बारूद बरामद किए***

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खंडवा

जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संचालित एक पटाखा फैक्ट्री का खुलासा किया है। इस फैक्ट्री में भारी मात्रा में सुतली बम तैयार किए जा रहे थे। पुलिस ने मौके से करीब 20 क्विंटल सुतली बम, बारूद और अन्य कच्चा सामान जब्त किया है।

यह अवैध फैक्ट्री खंडवा शहर से सटे सिंहाड़ा गांव के पास एक कॉलोनी के सुनसान मकान में संचालित की जा रही थी, जिससे आसपास के लोगों की जान हमेशा



ये है विस्फोटक सामग्री

खतरे में बनी हुई थी। बताया जा रहा है की कांग्रेस नेता यशवंत सिलावट का यह मकान था, जिसमें अवैध रूप से पटाखा फैक्ट्री संचालित की जा रही थी। एक और कांग्रेस नेता इमरान प्रियानी द्वारा यह अवैध पटाखा का कारोबार में ▸▸ शेष पेज 4 पर






*प्रदेश में सक्रिय मौसम प्रणालियों से अचानक बदला मौसम*

## 15 जिलों में तेज बारिश-आंधी, गुना, शाजापुर मंदसौर, सीहोर और आगर-मालवा में ओलावृष्टि

**भोपाल में भी रात को मध्यम से तेज बारिश, ग्वालियर में आज स्कूलों की छुट्टी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रदेश में सक्रिय मौसम प्रणालियों के कारण इन दिनों वातावरण में नमी है, जिससे मौसम का मिजाज लगातार बिगड़ा हुआ है। मंगलवार को गुना, शाजापुर मंदसौर, सीहोर और आगर-मालवा जिले में ओलावृष्टि हुई। जिससे सड़क पर बर्फ की सफेद चादर बिछ गई।

भोपाल में रात को गरज चमक के साथ तेज बारिश हुई। जबकि ग्वालियर में लगातार बारिश के चलते ठंड बढ़ गई। हालात को देखते हुए ग्वालियर प्रशासन ने बुधवार को कक्षा 8वीं तक के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी है। राज्य के 15 से ज्यादा जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश दर्ज की गई है। बारिश और ओलावृष्टि ▸▸ शेष पेज 4 पर







नलखेड़ा में सड़क पर ओलावृष्टि से बिछी सफेद चादर

### इन जिलों में बारिश-आंधी

गुना, शाजापुर, बड़वानी, छतरपुर, मंदसौर, रतलाम, अशोकनगर, भिंड, मुरैना, राजगढ़, शिवपुरी, ग्वालियर, टीकमगढ़, आगर-मालवा सहित कई जिलों में बारिश दर्ज की गई। रतलाम, शाजापुर और आगर में तेज आंधी से खड़ी ▸▸ शेष पेज 4 पर

### इन जिलों के लिए अलर्ट जारी

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार विभिन्न मौसम प्रणालियों के चलते बुधवार को ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुर, मंदसौर, नीमच, भोपाल, विदिशा, उज्जैन, रीवा, सतना, पन्ना, छतरपुर सहित कई जिलों में गरज-चमक के साथ वर्षा और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विज्ञानियों ने बताया कि 30 जनवरी की रात से एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा। इसके असर से 31 जनवरी से दो फरवरी तक प्रदेश में वर्षा का एक और दौर देखने को मिल सकता है।

खबर संक्षेप

## डॉ. पांडेय को नेशनल प्राइड एंड एक्सीलेंस अवॉर्ड

**भोपाल।** गणतंत्र दिवस पर त्रेतायुग फाउण्डेशन अयोध्या द्वारा आयुर्वेद क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान देने के लिए आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ राकेश पाण्डेय को नेशनल प्राइड एण्ड एक्सीलेंस अवार्ड 2026 से सम्मानित किया। डॉ राकेश पाण्डेय के निवेदन पर यह उत्कृष्टता पुरस्कार उनकी माता रुक्मिणी पाण्डेय ने प्रदान किया, जो कार्यक्रम का भावनात्मक और प्रेरणादायक क्षण रहा।



## पुलिस ने किया चोरी का ई-रिक्शा बरामद

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद में ई-रिक्शा चोरी के मामले में पुलिस वाहन बरामद कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 23 जनवरी को गुफरान खान, पिता इरफान खान, उम्र 45 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनके अपना घर के बाहर से ई-रिक्शा चोरी हुआ है। पुलिस ने सीसीटीवी और मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। सूचना मिली कि ई-रिक्शा एमपी नगर में है। घेराबंदी के दौरान ई-रिक्शा में बैठा आरोपी भीड़ का लाभ उठाकर फरार हो गया।

## फब्तियां कस रहे बाइक सवार मनचलों पर हुई कार्रवाई

**भोपाल।** बड़े तालाब स्थित बोट क्लब पर कुछ बाइक सवारों के नियमों की अनदेखी और सार्वजनिक कमेंट्स को लेकर सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हुए थे। इस पर श्यामला हिल्स थाना पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर बाइक सवारों को हिरासत में लिया। नाबालिग होने के कारण परिजनों को थाने में बुलाया। उन पर धाराओं के कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया गया।

### शासकीय होम्योपैथी औषधालय कबीटपुरा में लगाया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

# गणतंत्र दिवस पर आसरा वृद्धा आश्रम में हुई बुजुर्गों की जांच

### स्वास्थ्य शिविर में स्वस्थ्य रहने के उपाय बताए

### निःशुल्क औषधियों का वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय होम्योपैथी औषधालय कबीटपुरा के औषधालय प्रभारी डॉ. अशोक कुमार पचौरी के नेतृत्व में शाहजहांनाबाद स्थित आसरा वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।

यहां बुजुर्गों की स्वास्थ्य जांच कर योग द्वारा स्वस्थ रहने के उपाय बताए गए। डॉ. पचौरी ने बताया कि स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन कार्य योजना के तहत गणतंत्र दिवस पर वृद्धा आश्रम में योग और होम्योपैथी चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें डॉ. अशोक कुमार पचौरी द्वारा उपस्थित व्यक्तियों के मानसिक स्वास्थ्य का परीक्षण कर निःशुल्क औषधियों का वितरण कराया गया। डॉ. पचौरी ने बताया कि इस अवसर पर युवा एवं वृद्धजनों से आदर्श जीवन शैली को विकसित करने के लिए योग अभ्यास भी करवाए गए।


स्वास्थ्य शिविर में मरीज की जांच करते डॉक्टर।

## दिव्यांगों को लगाए निःशुल्क इलेक्ट्रॉनिक प्रोस्थेटिक्स हाथ

दिव्यांगों के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए दो दिवसीय विशेष शिविर में बिना हाथ के 113 लोगों को इलेक्ट्रॉनिक प्रोस्थेटिक हैंड्स लगाए गए। सिविल अस्पताल हथाईखेड़ा में आयोजित इस शिविर में बिना हाथ के जन्मे या दुर्घटना में हाथ गंवाने वाले लोगों को ये सेवा निःशुल्क दी गई। शिविर इनाली फाउंडेशन के सहयोग से लगाया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ये महत्वपूर्ण पहल राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत की गई है। इस कृत्रिम हाथ के माध्यम से दैनिक कार्य जैसे वस्तुओं को पकड़ना, खाना, लिखना, डिजाइन जैसे कार्य आसानी से किए जा सकते हैं। इस कृत्रिम हाथ से बारीक चीजों के अलावा सात किलो तक का वजन आसानी से उठाया जा सकता है। सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि गैंग्रीन, कैंसर, रोड अथवा ट्रेन एक्सीडेंट, इलेक्ट्रिक शॉक, मशीन क्रश से एक या दोनों हाथ गंवाने वाले ऐसे लोग, जिनके कोहनी से निचला हिस्सा नहीं है, उन्हें सरकार द्वारा यह सेवा निःशुल्क दी गई है।

## कैंसर रोग से बचाव की जानकारी दी



**भोपाल।** लक्षिता सनसनवाल हेल्थ सोसाइटी और कृष्णा कैंसर हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम किया गया। 40 से 50 कैंसर सर्वाइवर्स ने रैम्प वॉक और कुश डांस के माध्यम से यह संदेश दिया कि कैंसर कोई ऐसी बीमारी नहीं है, जिसे हराया नहीं जा सकता। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अशोक वार्ष्णेय, राष्ट्रीय संगठन सचिव, आरोग्य भारती और विशिष्ट अतिथि मिहिर कुमार, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, आरोग्य भारती थे। कृष्णा कैंसर हॉस्पिटल की संचालिका डॉ. कृष्णा कटेवा ने बताया कि कैंसर के रोगी पूर्णतः ठीक हो जाते हैं और यह रोग असाध्य नहीं है, जरूरत है समय पर इलाज की। वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील कुमार ने कैंसर से बचाव की जानकारी प्रदान की।

**चार दिनों बाद दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में फिर शुरू हुई पार्सल बुकिंगः भोपाल।** भोपाल स्टेशन से दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में मंगलवार से एक बार फिर पार्सल बुकिंग सेवा शुरू हो गई। जिससे लोगों ने चैन की सांस ली है।

### कबीर कैफे की प्रस्तुतियों से कोलार में बही देशभक्ति की धारा

# जिस भूमि पर भगत सिंह पैदा हुए, उसे भारत में मिलाने का हैं संकल्पः विधायक शर्मा


मलखंभ प्रतिभागियों के साथ विधायक रामेश्वर शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गणतंत्र दिवस पर कोलार स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम परिसर में विधायक रामेश्वर शर्मा ने गणतंत्रोत्सव का आयोजन किया।

समारोह में कबीर कैफे बैंड द्वारा प्रस्तुत लोक-सांस्कृतिक एवं राष्ट्रभक्ति के गीतों ने जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान युवाओं द्वारा प्रस्तुत मलखंब प्रदर्शन ने भी विशेष ध्यान आकर्षित किया। मलखंब का प्रदर्शन करने वाले युवाओं को रामेश्वर शर्मा द्वारा 25 हजार रुपए का पुरस्कार देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में में रामेश्वर ने कहा कि आज संकल्प लेकर मां भारती से प्रार्थना करते हैं कि हमें इतना सामर्थ्य देना कि हम भारत को पुनः अखंड बना सकें। जिस भूमि पर शहीद हेमू कालाणी और भगत सिंह पैदा हुए उसे भारत का अभिन्न हिस्सा बना सकें।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्कूल को मिला प्रथम स्थान

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की प्रतियोगिता में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कोलार के मदर टेरेसा स्कूल ने द्वितीय स्थान एवं माइलस्टोन स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रामेश्वर शर्मा द्वारा में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## एसजीएसयू में एमपी स्किल कॉम्पिटिशन 2026 का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में युवाओं के कौशल विकास और तकनीकी दक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एमपी स्किल कॉम्पिटिशन 2026 का आयोजन हुआ।

यह प्रतियोगिता भारत सरकार की इंडिया स्किल्स एंड वर्ल्ड स्किल्स इंडिया पहल के तहत आयोजित हुई। प्रतियोगिता में 10वीं-12वीं उत्तीर्ण, आईटीआई एवं कॉलेज स्तर के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों के तकनीकी ज्ञान, प्रायोगिक कौशल, रचनात्मकता और समस्या-समाधान क्षमता का आकलन किया गया। राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता में 9 प्रमुख स्किल्स में प्रतिस्पर्धा कराई गई, जिनमें वेब टेक्नोलॉजी, सॉफ्टवेयर एप्लीकेशंस डेवलपमेंट, साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड कंप्यूटिंग, 3डी डिजिटल गेम आर्ट, डिजिटल इंटरएक्टिव मीडिया, ग्राफिक डिजाइन टेक्नोलॉजी, रिटेल सेल्स एवं विजुअल मर्चेंडाइजिंग शामिल रहीं। सभी प्रतियोगिताएं एप्टीट्यूड, प्रैक्टिकल एवं स्किल-आधारित रहीं, जिनमें प्रतिभागियों द्वारा आधुनिक एआई टूल्स एवं विभिन्न सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म्स का उपयोग किया गया।

### अपना परिवार सामाजिक संगठन ने समाजसेवा में कार्य कर रहे लोगों को किया सम्मानित

## महेश, रेखा और राजेश को राष्ट्रीय गौरव सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अपना परिवार सामाजिक संगठन (भारत) द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही विभूतियों को 'राष्ट्रीय गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। समारोह में उन्हें अंग वस्त्र, शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सम्मान पाने वालों में भोपाल शहर में जनसेवा एवं निस्वार्थ भावना से कार्य कर रही कायस्थ विभूतियों महेश सक्सेना को (पत्रकारिता, साहित्य एवं बाल कल्याण) कला एवं भाषा क्षेत्र में कार्यरत रेखा भटनागर एवं समाजसेवा, चित्रांश धाम के निर्माण में कार्यरत एडवोकेट राजेश नारायण श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया।


राजेश श्रीवास्तव, महेश सक्सेना और रेखा भटनागर को सम्मानित किया गया।

## गुप्त नवरात्र का समापन मंदिरों में हुए हवन-पूजन

**भोपाल।** गुप्त नवरात्र का मंगलवार को समापन हो गया। इस अवसर पर मंदिरों में हवन-पूजन हुए। मां चामुंडा दरबार के गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि गुप्त नवरात्र में वैसे तो सभी नौ दिन महत्वपूर्ण हैं, पर धर्म शास्त्रों के अनुसार नवमी की पूजा का विशेष महत्व है। जिंदगी की आपाधापी में विधि-विधान से पूजा करने से विशेष पुण्य लाभ मिलता है। गुप्त नवरात्र का समापन अवसर पर देवी मंदिरों में विशेष पूजा पाठ, हवन की पूणार्हुति और महाआरती और धार्मिक अनुष्ठान हुए।

### हल्दी-कुमकुम परिवार मिलन समारोह

## महाराष्ट्रीयन कुणबी पाटिल समाज के 'रत्नों' व 'भूषणों' का सम्मान


उत्कृष्ट कार्यों के लिए समाज की विभूतियों को सम्मानित करते मंत्री विश्वास।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

महाराष्ट्रीयन कुणबी पाटिल समाज द्वारा धन्वंतरि पार्क में हल्दी-कुमकुम परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम में समाज के 600 से अधिक परिवारों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में समाज की वार्षिक समाज पुस्तिका का विमोचन मंत्री विश्वास सारंग द्वारा किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने एक-दूसरे को हल्दी-कुमकुम लगाकर सुहाग की दीर्घायु की कामना की तथा खेलकूद गतिविधियों में भाग लिया। इस वर्ष एक नए समाज भूषण सम्मान की घोषणा की गई। समाज रत्न सम्मान समाज सेवा में अतिविशिष्ट योगदान के लिए स्वर्गीय रत्नाताई पाटिल को प्रदान किया गया। समाज भूषण सम्मान सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य स्वर्गीय गणेश फकीरा पाटिल को मरणोपरांत प्रदान किया गया। दूसरा समाज भूषण सम्मान डॉ. विजय नारायण पाटिल (सेंधवा) को तथा तीसरा समाज भूषण सम्मान विश्वास दयाराम पाटिल (भोपाल) को प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ. अभिजीत देशमुख, समाज अध्यक्ष केबी पाटिल उपस्थित रहे।

## संदेशे आते हैं, मेरा रंग दे बंसती चोला... जैसे देशभक्ति गीतों से सजा मां तुझे प्रणाम कार्यक्रम


कार्यक्रम में उपस्थित जयवर्धन सिंह, पीसी शर्मा व पदाधिकारी।

**कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने दिलाई गोरक्षा की शपथ**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गणतंत्र दिवस पर मां वैष्णो देवी उत्सव एवं जन कल्याण समिति द्वारा कोलार के जेके रोड पर आयोजित मां तुझे प्रणाम कार्यक्रम ने देशभक्ति का समां बांध दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा शामिल हुए। समिति के अध्यक्ष राहुल सिंह राठौर ने जयवर्धन सिंह का शाल श्रीफल एवं भारत माता की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम में दिव्यांग गायक सुशील कैंथल, गायक वैभव तिवारी, अनिरुद्ध सक्सेना, प्रतिमा गोस्वामी के देशभक्ति गीत सुनकर युवाओं ने देशभक्ति के नारे लगाए। जयवर्धन सिंह ने गोरक्षा का संकल्प दिलाया। दिव्यांग गायक सुशील कैंथल का कांग्रेस नेता अरुण श्रीवास्तव ने पांच हजार की आर्थिक मदद देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में अरुणेशवर शरण सिंह देव, चंद्रभूषण सिंह बुंदेला, गुड्डू राजा, अरुण श्रीवास्तव, संजीव सक्सेना, प्रवीण सक्सेना सहित सैकड़ों देशभक्त मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी 125 लोगों की गुहार

### महिला कलेक्टोरेट पहुंची, तो वहां से भी आवेदन लेकर कर दिया रवाना

# तीन महीने पहले दो लाख स्वीकृत मां जोन-वार्ड के काट रही चक्कर



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

साहब, तीन महीने पहले बेटे की मौत के मामले में नगर निगम से अनुग्रह राशि मंजूर हुई थी। जिसके लिए दो लाख रुपए दिए जाने हैं। पिछले तीन महीने से वार्ड और जोन दफ्तर में राशि देने को लेकर टालमटोल की जा रही है। परिवार की हालत बहुत खराब है। यह बात मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में जेपी नगर छोला रोड निवासी ऊषा गौर पत्नी मुन्नालाल गौर ने कही। जिस पर जनसुनवाई में बैठे अफसर ने उसका आवेदन लेकर नगर निगम को मार्क कर दिया। मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में 125 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश किए। इनमें से अधिकतर लोगों को आश्वासन दिया गया है। दरअसल प्रत्येक जनसुनवाई में आने वाले आवेदनों का निराकरण मौके पर नहीं किया जाता है। जिसकी वजह से इसकी शिकायतों का अंबार लगता जा रहा है।

महिला ने बताया कि मेरे पुत्र अनिल कुमार का जनवरी -2024 में देहांत हो गया था। जिसके तहत नगर निगम के वार्ड-15 में आवेदन करने पर दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि स्वीकृत हुई थी। इस राशि के लिए मैं पिछले तीन महीने से चक्कर लगा रही हूं। जोन-4 में जाने पर अफसर कहते हैं कि आपका काम अगले माह होगा। मंगलवार को भी महिला को निराशा ही हाथ लगी।

### ईदगाह हिल्स पर दो प्लॉट हड़पे

नफीस पिता अतीक निवासी बालविहार रोड नियर लक्ष्मी टॉकीज निवासी ने शिकायत दर्ज कराई है कि देवेंद्र, फैसल नईम, समी और युसुफ ने उसके दो प्लॉटों पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। जिसको लेकर पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई है। आवेदक ने बताया कि रिलायबल हाउसिंग सोसाइटी के दो प्लॉटों पर अवैध रूप से कब्जा किया गया है।

### दो बेटों ने मां को पीटा, जेवर भी चुराए

शंकरलाल पिता रामप्रसाद निवासी सूखी सेवनिया ने शिकायत दर्ज कराई है कि मेरे पुत्र हरि और महेंद्र परेशान करते हैं। कुछ दिन पहले मैं बहन के घर गया था, तब दोनों पुत्रों ने घर में रखी दो जोड़ चांदी की पायल सहित चांदी के अन्य जेवर चुरा कर ले गए। इसके साथ दोनों पुत्रों ने मां के साथ भी मारपीट कर दी।



भोपाल

बुधवार, 28 जनवरी 2026

माघ मास शुक्ल पक्ष–10

वर्ष : 12, अंक : 298

पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **


**मौसम**

अधि. 26

न्यूून. 14


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



13 टी-20 वर्ल्ड कप चैंपियन टीम....





विचार पेज

06 वैश्विक चुनौतियों से ....



haribhoomi.com


## टोरेंट, अडाणी और हिंदुस्तान थर्मल ने एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के साथ किया एमओयू

# मप्र में 4 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए हुए तीन बड़े उद्योग समूहों से 'अनुबंध'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में 4 हजार मेगावाट के नए बिजली संयंत्र लगने का रास्ता तय हो गया। अनूपपुर जिले में यह बिजली संयंत्र लगाए जाएंगे। इस पर कुल 60 हजार करोड़ रुपए की लागत आएगी। इससे 8 हजार लोगों को रोजगार मिल सकेगा। इससे मप्र में कुल विद्युत उपलब्धता में बढ़ोतरी होने के साथ-साथ बिजली की मांग की शत-प्रतिशत आपूर्ति संभव होगी।

यह बिजली संयंत्र डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ओन एंड ऑपरेट (डीबीएफओओ) मॉडल पर स्थापित होंगे। टोरेंट, अडाणी ▶▶ शेष पेज 4 पर

**60 हजार करोड़ रुपए लागत के यह समझौते प्रदेश के स्थाई विकास का बनेंगे आधार**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव, ऊर्जा मंत्री और कंपनी के प्रतिनिधि एमओयू दिखाते हुए

**नए विद्युत संयंत्रों से लगभग 8 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा अनूपपुर में स्थापित होंगे नए पावर हाउस**

### बिजली का महत्व शरीर में प्राणों के समान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बिजली का महत्व शरीर में प्राणों की समान है। जैसे समस्त गतिविधियों के संचालन के लिए शरीर में प्राण आवश्यक है, वैसे ही किसी भी राज्य की प्रगति और उन्नति के लिए पर्याप्त विद्युत उपलब्धता जरूरी है। प्रदेश में ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 800 मेगावाट की बिजली खरीद का विकल्प भी शामिल

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी ने राज्य में स्थापित किए जाने वाले नए विद्युत संयंत्रों से डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ओन एंड ऑपरेट (डीबीएफओओ) के तहत विद्युत दर आधारित प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के माध्यम से 3200 मेगावाट बिजली खरीद के लिए बोलियां आमंत्रित की थीं। इसमें बिजली खरीद के ग्रीन शू विकल्प के तहत अतिरिक्त 800 मेगावॉट की बिजली खरीद का विकल्प भी शामिल था। इसके अनुसार मे. हिंदुस्तान थर्मल प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को 800 मेगावाट, टोरेंट पावर लिमिटेड को 1600 मेगावाट तथा अदानी पावर लिमिटेड को 800 मेगावाट व ग्रीन्शू विकल्प के तहत अतिरिक्त 800 मेगावाट क्षमता आवंटित की गई है। टोरेंट 24 हजार करोड़ रुपए, अडाणी पावर 24 हजार करोड़ रुपए तथा हिंदुस्तान थर्मल 12 हजार करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है। इन सभी क्षमताओं के लिए विद्युत आपूर्ति अनुबंध संबंधित चयनित विकासकों की ओर से गठित स्पेशल पर्पस व्हीकल्स के साथ किए गए हैं। इन विद्युत आपूर्ति अनुबंधों के अंतर्गत वर्ष 2030 से विद्युत आपूर्ति होना संभावित है।

## खबर संक्षेप

### ममता कुलकर्णी को किन्नर अखाड़े ने बाहर निकाला



**प्रयागराज।** किन्नर अखाड़े में चल रहे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को लेकर विवाद के बाद पूर्व अभिनेत्री और महा-मंडलेश्वर ममता कुलकर्णी को अखाड़े से बाहर कर दिया गया है। अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने वीडियो संदेश जारी कर बताया कि पदाधिकारियों की विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया। अब ममता कुलकर्णी का अखाड़े से कोई आधिकारिक संबंध नहीं है।

### तेंदुए ने दो लोगों को हमला कर किया घायल



**श्योपुर।** ओछापुरा के पास जंगल में तेंदुआ द्वारा दो दिन में दो लोगों पर हमला कर देने से क्षेत्र में दहशत व्याप्त हो गई है। परिजन हमला करने वाले जानवर को टाइगर बता रहे हैं लेकिन क्षेत्र में टाइगर की मूवमेंट नहीं होने से इसे भ्रम माना जा रहा है। मंगलवार को तेंदुआ के हमले में घायल हुई महिला को ग्वालियर रेफर किया गया है। ओछापुरा निवासी रामरति बाई मवेशियों के लिए चारा लेने जंगल की गई थी।

### सोना 5 हजार रु. महंगा 1.59 लाख रु. पर पहुंचा



**नई दिल्ली।** चांदी-सोने के दाम मंगलवार को अब तक के अपने सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए हैं। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव कारोबार बंद होने पर 4,591 रुपए बढ़कर 1,58,901 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 26,859 रुपए बढ़कर 3,44,564 रुपए पर पहुंच गई है। सुबह कारोबार खुलने पर इसका दाम 3,42,507 रुपए पर था। इससे पहले इसकी कीमत 3,17,705 रुपए किलो थी।

**मोहन सरकार का कैबिनेट में बड़ा फैसला**

पचमढ़ी नगर का नजूल क्षेत्र अभयारण्य क्षेत्र से बाहर कर राजस्व नजूल घोषित

# अब हिल स्टेशन पचमढ़ी को लगेंगे पंख पचमढ़ी अभयारण्य व नगर दोनों 'अलग'

*पिछले साल भी यह प्रस्ताव कैबिनेट में आ चुका था, किंतु इसमें सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आधार पर कुछ खामी रह गई थीं, जिसे सुधारते हुए अब दोबारा इसे मंजूरी दी गई है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हिल स्टेशन पचमढ़ी का विकास अभयारण्य की वजह से रूका हुआ था। देश भर से आने वाले पर्यटकों की वह जरूरतें पूरी नहीं हो पाती थी, जो आममतौर पर दूसरे पर्यटन स्थलों पर मिल जाया करती हैं। कैबिनेट ने मंगलवार को पंचमढ़ी नगर के नजूल क्षेत्र को पंचमढ़ी अभयारण्य क्षेत्र से बाहर कर राजस्व नजूल घोषित करने को मंजूरी दी है। अब हिल स्टेशन पचमढ़ी में बहुमंजिला होटल, शॉपिंग कांप्लेक्स, आदि से लेकर आधुनिक सुख सुविधाएं मिलने लगेंगी।

यह मप्र के पर्यटन क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में हुई। कैबिनेट ने पचमढ़ी नगर के साडा के नियंत्रण वाली नजूल क्षेत्र रकबा 395.931 हेक्टेयर भूमि को संशोधित कर रकबा 395.939 हेक्टेयर भूमि को पचमढ़ी अभयारण्य क्षेत्र से बाहर कर राजस्व नजूल घोषित करने की मंजूरी दी गई है। कैबिनेट में लिए गए निर्णयों के बारे में एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

**पचमढ़ी में बहुमंजिला होटल, शॉपिंग कांप्लेक्स से लेकर आधुनिक सुख सुविधाएं मिलने लगेंगी**



कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित मंत्रीगण

### पिछड़े वर्ग के 600 युवाओं को रोजगार के लिए विदेश भेजा जाएगा

कैबिनेट ने पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को विदेश में रोजगार उपलब्ध कराने की योजना 2022 के स्थान पर संशोधित योजना अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए विदेश में रोजगार नियोजन योजना 2025 की स्वीकृति ▶▶ शेष पेज 4 पर

**ये भी फैसले**

- *ओबीसी के बेरोजगार युवक-युवतियों को विदेश में रोजगार उपलब्ध कराने की योजना मंजूर*
- *जनजातीय कार्य, खाद्य और राजस्व विभाग की योजनाओं के लिए 17,864 करोड़ 26 लाख रुपए की स्वीकृति*
- *टाइगर रिज़र्व के तहत बफर क्षेत्रों के विकास लिए 390 करोड़ रुपए की प्रशासकीय मंजूरी*

### अभयारण्य और पचमढ़ी नगर की सीमा अलग-अलग

पिछले साल भी यह प्रस्ताव कैबिनेट में आ चुका है, किंतु इसमें सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आधार पर कुछ खामी रह गई थीं, जिसे सुधारते हुए अब दोबारा इसे मंजूरी दी गई है। बताते हैं कि पिछले प्रस्ताव में पचमढ़ी नगर तथा कुछ नदी-नाले आदि क्षेत्र को बाहर नहीं किया जा सका था। नए प्रस्ताव के आधार पर टाइगर रिजर्व एरिया के बफर जोन में 390 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति देते हुए योजना बनाकर विकास के कार्य करने को मंजूरी दी गई है। इसे भी सुप्रीम कोर्ट ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पचमढ़ी के विकास के लिए 390 करोड़ रुपए की मंजूरी

कैबिनेट ने प्रदेश के 9 टाइगर रिज़र्व के तहत बफर क्षेत्रों का विकास करने के लिए आने वाले 5 वर्षों, वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक के लिए कुल 390 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इस योजना के तहत बफर क्षेत्रों के विकास के तहत संवेदनशील क्षेत्रों में चेनलिंक फेंसिंग, वन्यप्राणी सुरक्षा, चारागाह विकास, जल स्त्रोतों का विकास, अग्नि सुरक्षा, वन्य प्राणी उपचार और कौशल उन्नयन जैसे कार्य किए जाएंगे। ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

**यूजीसी की नई नियमावली पर बवाल**

यूजीसी के नए नियमों पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान बोले

# किसी के ऊपर भी अत्याचार या भेदभाव नहीं किया जाएगा




**हर कॉलेज और यूनिवर्सिटी में जाति आधारित भेदभाव रोकने के लिए एक समानता सिस्टम अनिवार्य किया गया है**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए एंटी-डिस्क्रिमिनेशन नियमों को लेकर देश भर में बवाल मच गया है और शिक्षण संस्थानों में नई बहस छिड़ गई है। यूजीसी नियमावली पर मचे बवाल के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का बड़ा बयान आया है। प्रधान ने मंगलवार को मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए स्पष्ट किया कि इस कानून के तहत किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नियमों का कोई दुरुपयोग नहीं कर पाएगा। प्रधान ने स्पष्ट किया कि नए नियमों का उद्देश्य न्याय सुनिश्चित करना है, न कि किसी का उत्पीड़न। उन्होंने कहा कि मैं बहुत विनम्रता से आश्वस्त करना चाहता हूं कि किसी का उत्पीड़न होने नहीं दिया जाएगा। भेदभाव के नाम पर किसी को भी कानून का दुरुपयोग करने का अधिकार नहीं रहेगा। प्रधान ने जोर दिया कि कानून का निष्पक्ष पालन यूजीसी, केंद्र और राज्य सरकारों का सामूहिक दायित्व है, और यह व्यवस्था पूरी तरह भारतीय संविधान के दायरे में है। निर्दोष छात्रों के फंसने की आशंकाओं पर, उन्होंने स्पष्ट किया कि यह विषय सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में है।

### वो नियम जिस पर मचा है बवाल?

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 13 जनवरी को 'प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशन रेगुलेशन 2026' लागू किया है। इसका मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग ▶▶ शेष पेज 4 पर

### समानता समिति में सवर्ण के लिए कोई अनिवार्य प्रतिनिधित्व नहीं

इनमें कम से कम पांच सीटें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन और महिलाओं के लिए अनिवार्य रूप से आरक्षित होंगी। इस आरक्षण के कारण सामान्य वर्ग के प्रतिनिधित्व पर चिंताएं उठी हैं। इसी चिंता ने विरोध और प्रदर्शन की स्थिति ▶▶ शेष पेज 4 पर

### समानता समिति को जानें

- समिति का कार्यकाल 2 साल का होगा
- शिकायत आने पर 24 घंटे में बैठक और 15 दिन में रिपोर्ट जरूरी होगी
- नियम तोड़ने पर कॉलेज की ग्रांट, कोर्स और मान्यता तक पर असर पड़ सकता है

### तीन बड़े बदलाव

1. अब जातीय भेदभाव की साफ परिभाषा दी गई है। जाति, धर्म, लिंग, जन्म स्थान या विकलांगता के आधार पर पढ़ाई में बाधा डालने वाला कोई भी व्यवहार भेदभाव माना जाएगा।
2. अब इस परिभाषा में ओबीसी छात्रों को भी शामिल कर लिया गया है, जो पहले ड्राफ्ट में नहीं थे।
3. ड्राफ्ट में झूठी शिकायत करने पर सजा का प्रावधान था, लेकिन फाइनल नियमों में इसे हटा दिया गया है। ▶▶ पढ़ें पेज 12 भी

### विरोध करने वालों की मुख्य आपत्तियां

- भेदभाव की परिभाषा को एकतरफा बताया जा रहा है
- जनरल कैटेगरी को पीड़ित नहीं, बल्कि संभावित आरोपी माना गया है।
- झूठी शिकायत करने वालों पर कोई सजा तय नहीं है।
- 24 घंटे में कार्रवाई का नियम दुरुपयोग को बढ़ा सकता है

## मप्र की झांकी ने कर्तव्य पथ पर बढ़ाई शोभा

**लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती को समर्पित**




*भोपाल। नई दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड 2026 में मप्र की झांकी 'पुण्यश्लोका लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर' ने कर्तव्य पथ पर अपनी भव्य प्रस्तुति से देशवासियों का ध्यान आकर्षित किया। यह झांकी लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती को समर्पित रही। जिसमें उनके गौरवशाली व्यक्तित्व,* ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 12 भी

श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति का प्रस्ताव

# 46 मंदिरों में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर रोक की पूरी तैयारी

**मंदिरों की पवित्रता को बनाना है उद्देश्य**

एजेंसी ▶▶ गंगोत्री

चार धाम यात्रा से पहले बद्रीनाथ, केदारनाथ और गंगोत्री धाम में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर बैन की तैयारी की जा रही है। यही नहीं प्रदेश के कुछ और प्रमुख मंदिरों में भी गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर बैन लगाया जा सकता है। श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के



अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। द्विवेदी ने कहा है कि राज्य के सभी प्रमुख मंदिरों के स्टेक होल्डर और पुजारियों का मानना है कि मंदिरों की पवित्रता ▶▶ शेष पेज 4 पर

## राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल से बैंकिंग उद्योग का कामकाज रहा ठप

# बैंककर्मियों की हड़ताल से मप्र में 12 लाख 58 हजार करोड़ रु. का बैंकिंग व्यवसाय प्रभावित

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर मंगलवार को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल के कारण भोपाल, मध्यप्रदेश सहित देशभर में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में बैंकिंग सेवाएं ठप रहीं।

देशव्यापी हड़ताल के चलते मध्यप्रदेश में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की 40 हजार और राजधानी भोपाल के 5 हजार बैंक अधिकारी -कर्मचारियों के हड़ताल पर होने से मध्यप्रदेश में 12 लाख 58 हजार




बैंक कर्मियों ने पंजाब नेशनल बैंक इंदिरा प्रेस कांप्लेक्स शाखा भोपाल के सामने एकत्रित होकर अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की

करोड़ रुपए का कुल बैंकिंग कारोबार प्रभावित हुआ। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स मध्य प्रदेश ▶▶ शेष पेज 4 पर

## संतों के अपमान और यूजीसी के नए नियम पर विवाद गहराया

संतों, प्रशासन और सरकार के बीच चल रहे विवाद में विपक्ष के साथ अब अफसर भी कूदे

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के अपमान और यूजीसी मुद्दे पर दो अफसरों के इस्तीफे हुए

**1 आरोपः यूपी में लंबे समय से ब्राह्मण विरोधी अभियान**

### पीसीएस अफसर अलंकार का इस्तीफा, निलंबित किए गए



अलंकार अग्निहोत्री

**बरेली।** उप्र के बरेली सिटी मजिस्ट्रेट पद से पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने इस्तीफा दे दिया। बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट पद से पीसीएस अधिकारी अग्निहोत्री ने सोमवार को सरकारी नीतियों, खासकर नए यूजीसी नियमों से गहरे मतभेद का हवाला देते हुए इस्तीफा ▶▶ शेष पेज 4 पर

- आधी रात सरकारी आवास खाली कर चले गए

**2 शंकराचार्य की सीएम पर टिप्पणी से बेहद खफा**

### डिप्टी कमिश्नर ने सीएम योगी के समर्थन में दिया 'इस्तीफा'



प्रशांत कुमार सिंह

**अयोध्या।** शंकराचार्य द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर की गई टिप्पणी के विरोध में अयोध्या से एक बड़ा प्रशासनिक घटनाक्रम सामने आया है। राज्यकर विभाग, अयोध्या संभाग में तैनात जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर प्रशांत कुमार सिंह ने अपने ▶▶ शेष पेज 4 पर

- दो पन्नों का इस्तीफा राज्यपाल को भेजा

**3 अविमुक्तेश्वरानंद विवाद पर बोलीं उमा भारती**

### शंकराचार्य होने का सबूत मांगना यह तो मर्यादा का साफ उल्लंघन



उमा भारती

**लखनऊ।** मप्र पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती वाले मसले पर कहा कि किसी व्यक्ति से यह मांग करना कि वह शंकराचार्य होने का सबूत दे, मर्यादा का उल्लंघन है। उन्होंने जोर देते हुए कहा ▶▶ शेष पेज 4 पर

- धार्मिक पदों की वैधता पर सवाल उठाना प्रशासन का काम नहीं

खबर संक्षेप



## विंध्य एकता परिषद् मप्र की अध्यक्ष बनीं द्विवेदी

**भोपाल।** विंध्य एकता परिषद् मप्र की नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी की प्रथम बैठक एवं पदभार ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। बैठक में वंदना द्विवेदी को पुनः प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम दरबार के पूजन एवं श्रीरामचरित मानस के सुमिरन के साथ हुआ। वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन प्रसाद मिश्रा द्वारा रामायण की प्रस्तुति दी गई, फिर पदाधिकारियों ने पदभार ग्रहण कराया।

## शिक्षा क्षेत्र में योगदान के लिए राठौर सम्मानित



**भोपाल।** राजधानी स्थित बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति ने भारतीय स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त सहायक महाप्रबंधक गोपाल राठौर को सम्मानित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन, 500 से अधिक पुस्तकें दान की। जनभागीदारी अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार और प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने राठौर की अस्वस्थता के कारण उनके निवास पर पहुंचकर शॉल, श्रीफल और सम्मान पत्र प्रदान किया।

## जल-सुनवाई, 42 सैंपल की जांच, 5 शिकायतें

**भोपाल।** मंगलवार को नगर निगम के 85 वार्डों में सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक जल सुनवाई हुई। इस दौरान 42 पानी के सैंपल की जांच की गई जबकि अलग-अलग क्षेत्रों में पानी की समस्या ओ लेकर पांच शिकायतें दर्ज करवाई गई हैं। निगम प्रशासन के अनुसार सामान्य मानकों रंग, स्वाद, गंध, पीएच, कुल क्षारीयता, क्लोराईड, कुल कठोरता, कैल्शियम कठोरता, मैग्निषियम कठोरता, टीडीएस, टरबीडिटी के साथ ही रेसिडुअल क्लोरीन, कोलीफार्म, ई-कोलाई आदि मानकों के आधार पर जल परीक्षण किया जा रहा है।

# किसान कल्याण वर्ष में हर खेत तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने का है संकल्प

### सोहागपुर क्षेत्रवासियों को मिली सौगात, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन का आभार माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र को हर क्षेत्र में लगातार बड़ी सौगातें मिल रही हैं। पिछले 11 वर्षों के कालखंड में संपूर्ण देश के साथ हमारा प्रदेश भी बदल रहा है। राज्य सरकार ने वर्ष-2026 को किसान कल्याण वर्ष घोषित किया है। पूरे साल में अनेक किसान हितैषी निर्णय लिए जाएंगे। प्रदेश सरकार ने हर खेत तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने का बीड़ा उठाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुंदेलखंड से केन-बेतवा नदी जोड़ो अभियान की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार की शाम मुख्यमंत्री निवास में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने क्षेत्रवासियों को मिली सौगातों के लिए मुख्यमंत्री का आभार माना। सोहागपुर से आए पार्टी पदाधिकारी, स्थानीयजन एवं विस्थापित जनजातीय परिवारों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने पर क्षेत्र के कई जिलों के किसानों के खेतों में फसलें लहलहाएंगी। राज्य सरकार प्रदेश की प्रगति में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में नर्मदापुरम जिले में 2 सिंचाई परियोजनाओं के लिए 215 करोड़ 47 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। इससे सोहागपुर और पिपरिया क्षेत्र के किसानों एवं स्थानीय जनजातीय भाई-बहनों को अनुपम सौगात मिली है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन का आभार व्यक्त करते विधायक विजयपाल सिंह और सोहागपुरवासी।

### विरासत भी और विकास भी: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र का वार्षिक बजट अब 4 लाख 21 हजार करोड़ रुपए हो चुका है। प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने के लिए हमारी सरकार संकल्पित है और इसके सुखद परिणाम अब जमीन पर नजर आने लगे हैं। नर्मदापुरम जिले में बाबई-मोहासा औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। इससे निकट भविष्य में सोहागपुर-पिपरिया और आसपास के क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। राज्य सरकार विरासत के संरक्षण के साथ विकास के पथ पर अग्रसर है। प्रदेश के गरीब, किसान, युवा और नारी कल्याण के लिए जनहितैषी निर्णय लिए गए हैं। प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पचमढ़ी में कैबिनेट बैठक आयोजित कर हमने क्षेत्र के गौरव राजा भभूत सिंह का स्मरण किया। इसी प्रकार इंदौर, खजुराहो, ग्वालियर जैसे स्थानों पर भी कैबिनेट बैठकों में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

### मुख्यमंत्री ने विक्रमोत्सव- 2026 की तैयारियों के संबंध में ली बैठक

# विक्रमोत्सव में विक्रमादित्य के व्यक्तित्व के सभी आयामों का हो 'प्रकटीकरण'

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सम्राट विक्रमादित्य के साहस और सृजन ने शौर्य और संगठन के नए प्रतिमान स्थापित करते हुए भारतीय संस्कृति को समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित विक्रमोत्सव में उनके व्यक्तित्व के सभी आयामों का प्रभावी प्रकटीकरण सुनिश्चित किया जाए।

नई पीढ़ी को सम्राट विक्रमादित्य के योगदान से परिचित कराना, भारतीय ज्ञान और सांस्कृतिक परंपरा की निरंतरता के लिए आवश्यक है। डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि आयोजन पूर्ण भव्यता, सुव्यवस्था और सांस्कृतिक गरिमा के उच्चतम मानकों के अनुरूप हो। उन्होंने उज्जैन में होने वाले विक्रमोत्सव-2026 की तैयारियों के संबंध में मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में बैठक के दौरान यह निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयोजन की समग्र रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं विभागीय समन्वय की विस्तार से समीक्षा की।

**खास बातें**

- पार्श्व गायक सोनू निगम वर्ष प्रतिपदा 19 मार्च को उज्जैन में देंगे प्रस्तुति
- वेद अंताक्षरी, शोध संगोष्ठी और कवि सम्मेलन होंगे आकर्षण का केंद्र



बैठक में अधिकारियों से चर्चा करते सीएम: डॉ. यादव।

### विक्रमोत्सव को लेकर मुख्यमंत्री ने दिए ये निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन प्रदेश तथा अन्य राज्यों के प्रमुख नगरों में भी किया जाए। उन्होंने स्कूल-कालेजों में सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उज्जैन में कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत हो रहे विक्रमोत्सव में कृषि पर केंद्रित प्रदर्शनी तथा अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएं। डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि सम्राट विक्रामादित्य के वैज्ञानिक पक्ष पर केंद्रित आयोजनों में विज्ञान महाविद्यालय, इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों को भी जोड़ा जाए। सम्राट विक्रमादित्य अलंकरण में भारत सरकार की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उसे भव्य और राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया जाए।

### उज्जयिनी गौरव दिवस के रूप में मनेगा वर्ष प्रतिपदा

बैठक में 15 फरवरी से शुरू होने वाले विक्रमोत्सव 2026 के कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया गया कि इस समापन 19 मार्च को गुड़ी पड़वा पर रामघाट दत्त अखाड़ा पर सूर्योपासना के साथ होगा। इसके साथ ही 19 मार्च वर्ष प्रतिपदा, सृष्टि आरंभ दिवस को उज्जयिनी गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम शिप्रा नदी के तट पर होगा, जिसके अंतर्गत सम्राट विक्रमादितय अलंकरण और विक्रम पंचांग 2082-83 व आर्ष भारत द्वितीय संस्करण के लोकार्पण के साथ ही महादेव की नदी कथा-नृत्य नाट्य की प्रस्तुति होगी। सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक सोनू निगम सांगितिक प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर भव्य आतिशबाजी भी की जाएगी। गुड़ी पड़वा पर प्रदेश के सभी जिलों में विक्रमोत्सव का आयोजन होगा। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन, अपर मुख्य सचिव संस्कृति शिवशेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र कुमार सिंह, सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय तथा प्रबंध संचालक मप्र पर्यटन विकास निगम डॉ इलैया राजा टी, आयुक्त जनसम्पर्क दीपक कुमार सक्सेना तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### चारकोल प्लांट के समझौते और संचालन की स्थिति पर रिपोर्ट मांगी

# कलियासोत कचरा डंपिंग मामले में एनजीटी ने निगम से किया जवाब तलब, 13 को सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कलियासोत क्षेत्र में ग्रीन बेल्ट में कचरा डंपिंग मामले को लेकर एनजीटी ने सख्त रुख अपनाते हुए नगर निगम से जवाब तलब किया है। साथ ही चारकोल प्लांट के समझौते और संचालन की स्थिति पर रिपोर्ट भी मांगी है।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में अब इस मामले की अगली सुनवाई 13 फरवरी को होगी। तब तक सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों को अनुपालन रिपोर्ट तैयार करनी होगी। भोपाल नगर निगम को इस मामले को लेकर हल्फनामा देना होगा। मंगलवार को नितिन सक्सेना बनाम मध्यप्रदेश राज्य व अन्य मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस शिव कुमार सिंह और




विशेषज्ञ सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी ने कलियासोत क्षेत्र सहित शहर के ग्रीन बेल्ट में कचरा डंपिंग और कचरा जलाने की घटनाओं को गंभीर पर्यावरणीय अपराध बताया। ट्रिब्यूनल ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उल्लंघन को स्पष्ट मानते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्रमुख सचिव (नगरीय विकास) और सभी कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया है कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 का सख्ती से पालन कराया जाए।

### *चारकोल प्लांट के संचालन की रिपोर्ट भी मांगी*

*एनजीटी की ओर से भोपाल नगर निगम आयुक्त को एनटीपीसी और भोपाल आरएनजी प्राइवेट लिमिटेड के साथ चारकोल प्लांट के समझौते और संचालन की स्थिति पर रिपोर्ट देने को कहा गया है। साथ ही सभी स्थानीय निकायों को पर्यावरण सेल गठित करने और पर्यावरण विशेषज्ञ की नियुक्ति के निर्देश भी दिए गए हैं। आदमपुर डंप साइट और लेगेसी वेस्ट पर रिपोर्ट तलब भोपाल कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त को आदमपुर खंती और अन्य स्थानों पर वर्षों से जमा पुराने कचरे के निस्तारण पर एक्शन टेकन रिपोर्ट देने के आदेश दिए गए हैं।*

### दूषित पानी के विरोध में होगा आयोजन, मृतकों के परिजनों को एक-एक करोड़ देने की मांग: यश

# इंदौर में यूथ कांग्रेस की जन अधिकार यात्रा आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इंदौर जल त्रासदी को लेकर राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। यश घनघोरिया ने कहा कि इंदौर के भागीरथपुरा में जहरीले पानी से हुई मौतें हत्या के समान हैं। भाजपा की असंवेदनशील सरकार इस पूरे मामले में सच्चाई छिपाने का प्रयास कर रही है। सरकार के आंकड़े वास्तविकता को नहीं दर्शाते, जबकि अब भी हजारों लोग प्रभावित हैं और 200 से 250 लोग अस्पतालों में भर्ती हैं। उन्होंने बताया कि 2 जनवरी को यूथ कांग्रेस ने इंदौर नगर निगम का घेराव किया था, लेकिन सरकार और प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। हाल ही में महू में भी इसी तरह की घटना दोहराई गई, जहां दर्जनों लोग अस्पताल में भर्ती हुए और एक व्यक्ति की मौत हो गई। यश घनघोरिया ने कहा कि सरकार की संवेदनशीलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मंत्री और महापौर ने पीड़ितों को लेकर अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। ऐसे बयान जनता की भावनाओं का अपमान हैं और लोकतंत्र में यह स्वीकार्य नहीं है।

**28 से 5 तक जन अधिकार न्याय पदयात्रा**

युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने ऐलान किया कि 28 जनवरी से 5 फरवरी तक प्रदेशव्यापी जन अधिकार न्याय पदयात्रा निकाली जाएगी। पदयात्रा की शुरूआत इंदौर की 9 विधानसभा क्षेत्रों से होगी और माता अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अन्याय के खिलाफ संघर्ष की प्रेरणा माता अहिल्या से मिलती है। इस पदयात्रा में प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर का कांग्रेस नेतृत्व भी शामिल होगा।

## सियासतनामा



### विस्तार में एक आदिवासी, एक दलित मंत्री की छुट्टी संभव

प्रदेश में अब तक राज्य मंत्रिमंडल में प्रस्तावित फेरबदल नहीं हो सका बावजूद इसके दो मंत्रियों की रवानगी तय बताई जा रही है। इनमें एक हैं दलित वर्ग की प्रतिमा बागरी और दूसरे आदिवासी वर्ग के विजय शाह। बागरी के कारण सरकार और संगठन की पहले ही काफी किरकिरी हो चुकी है और शाह को लेकर सुप्रीम कोर्ट की ताजा टिप्पणी के कारण सरकार फंस गई है। अब तक के कोर्ट के रुख को देखकर नहीं लगता कि शाह के मसले पर वह कोई दलील सुनने वाली है। इनके स्थान पर दलित-आदिवासी वर्ग के ही विधायकों को जगह दी जाएगी। संगठन के अंदर वैकल्पिक नामों पर विचार भी चल रहा है। मंत्रिमंडल में फेरबदल के दौरान ही यह होगा ताकि कार्रवाई हो जाए और दलित-आदिवासी वर्ग में भाजपा के खिलाफ मैसेज भी न जाए।

### मुख्यमंत्री की भार्गव की पहल से सीख लेने की सलाह

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव वैसे तो कई साल से अपने खर्च पर बीमार लोगों का इलाज कराते आ रहे हैं, लेकिन अब उन्होंने अपने भोपाल स्थित बंगले में बच्चों के लिए जो पहल की है, इसे लेकर वे चर्चा में हैं। भार्गव के बेटे अभिषेक भार्गव के यहां बिटिया हुई थी, उसके हृदय में छेद था। डॉक्टरों ने कहा था कि इसका ज्यादा दिन तक जीवित रहना मुश्किल है, लेकिन भार्गव परिवार ने हार नहीं मानी। दिल्ली में उसका इलाज कराया। किस्मत से बिटिया स्वस्थ हो गई। इसके बाद परिवार में चर्चा हुई और उन बच्चों के इलाज कराने का निर्णय लिया गया, जो ऐसी बीमारी लेकर पैदा होते हैं और समुचित इलाज के अभाव में जिंदगी पूरी नहीं कर पाते। इसके बाद गोपाल की नातिन वेदिका के नाम पर वेदिका फाउंडेशन का गठन हुआ और बाल-गोपालों के इलाज का सिलसिला शुरू हुआ। एक साल में ही गंभीर किस्म के चार बच्चों का सफल इलाज हो चुका है। भार्गव ने बंगले के एक कमरे को खेल खिलौने के साथ सुसज्जित कराया। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया और कहा कि अन्य विधायकों को भी भार्गव की इस पहल से प्रेरणा लेना चाहिए।

### छिंदवाड़ा में अपने ही लगे भाजपा के पैर उखाड़ने?

छिंदवाड़ा में जिलाध्यक्ष शेषराज यादव और सांसद बंटी साहू के बीच विवाद भाजपा के लिए मुसीबत बन गया है। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने इस विवाद को सागर के भूपेंद्र सिंह-गोविंद राजपूत की तर्ज पर निबटाने की कोशिश की है। खंडेलवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने दोनों को भोपाल स्थित पार्टी कार्यालय में तलब किया। साथ बैठाकर बातचीत कराई गई और पार्टी की एकता बनाए रखने का सख्त अल्टीमेटम दिया गया। सांसद साहू और जिलाध्यक्ष यादव के बीच मतभेद खुलकर सामने आ चुके हैं। जिलाध्यक्ष की बैठकों में सांसद शामिल नहीं हो रहे, जबकि यादव सांसद के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। यह विवाद जिला कार्यकारिणी गठन, पदों के बंटवारे और संगठनात्मक फैसलों को लेकर गहरा गया था।

### तीर कमान से निकल गया अब डैमेज कंट्रोल बेअसर

प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कलेक्टर-कांफ्रेंस बैठक की समीक्षा के दौरान क्या कहा, यह वे खुद और सुनने वाले अफसर ही बता सकते हैं लेकिन जो खबर सुर्खियों में आई, उससे सरकार के लिए मुश्किल बढ़ गई। कांग्रेस को भी सरकार पर हमला करने का अवसर मिल गया। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ समूची कांग्रेस ने जैन के बयान के आधार पर सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा था कि उन्हें, मुख्यमंत्री, यहां तक कि पीएमओ को भी कलेक्टरों की हर एक्टिविटी की जानकारी है। कलेक्टरों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायते हैं। खास बात यह है कि मुख्यमंत्री के विदेश दौरे के दौरान यह बैठक हो रही थी। इसे लेकर डैमेज कंट्रोल की कोशिश की गई लेकिन तीर कमान से निकल चुका था।

### इंतजाम नाकाम, अब महू में जहरीला पानी

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी के शिकार लोगों की मौत का सिलसिला अभी थमा भी नहीं और इसी जिले के महू से जहरीले पानी से तबाही की खबर आ गई। भागीरथपुरा में दूषित पानी से अब तक 28 मौतें हो चुकी हैं। इंदौर जिले के ही महू में दूषित पानी से लोगों के अस्पताल पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ हो गया। पहले ही दिन 6 बच्चों समेत 25 लोग मध्य भारत अस्पताल में भर्ती हो गए। प्राथमिक जांच में पता चला है कि अधिकांश लोगों को पीलिया हुआ है। इसके पीछे की वजह दूषित पानी की सप्लाई को ही बताया जा रहा है। महू अब आंबेडकर नगर के नाम से जाना जाता है। हालात देख कर लगता है कि यहां भी लोगों को साफ पेयजल नहीं मिल पा रहा है।

- दिनेश निगम 'त्यागी'

# कैबिनेट बैठक में 2 सिंचाई परियोजनाओं के लिए 215 करोड़ 47 लाख रुपए की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में नर्मदापुरम में 2 सिंचाई परियोजनाओं के लिए 215 करोड़ 47 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस अनुसार तवा परियोजना (दायीं तट नहर) की बागरा शाखा नहर होज सिंचाई परियोजना की लागत 86 करोड़ 76 लाख रुपए, प्रस्तावित सिंचाई क्षेत्र 4200 हेक्टेयर की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।

परियोजना से नर्मदापुरम जिले की बाबई एवं सोहागपुर तहसील के 33 ग्रामों को सिंचाई सुविधा का लाभ होगा। नर्मदापुरम जिले की तवा परियोजना की दांयी तट नहर से पिपरिया ब्रांच कैनाल होज सिंचाई परियोजना की लागत 128 करोड़ 71 लाख रुपए, प्रस्तावित सिंचाई क्षेत्र 6000 हेक्टेयर की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। परियोजना से नर्मदापुरम जिले की सोहागपुर तहसील के 30 ग्राम लाभान्वित होंगे। इससे अब फसलों का उत्पादन बढ़ सकेगा।

### 17 योजनाओं की निरंतरता के लिए 17,864 करोड़ 26 लाख की मंजूरी

कैबिनेट ने जनजातीय कार्य विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग और राजस्व विभाग की वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 की अवधि के लिए 17 योजनाओं की निरंतरता के लिए 17,864 करोड़ 26 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। इस अुनसार जनजातीय कार्य विभाग की शुल्क की प्रतिपूर्ति, परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण, स्काउट गाइड, परिवहन, स्वास्थ्य, विभिन्न पुरस्कार आदि 15 योजनाओं के लिए 377 करोड़ 26 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई। इसीतरह खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की मुख्यमंत्री कृषक फसल उपार्जन सहायता के लिए 15 हजार करोड़ रुपए और राजस्व विभाग की तहसील, जिला संभाग के कार्यालय एवं आवासीय भवन का निर्माण योजनाओं के लिए 2,487 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है।

### यूजीसी के 'उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्धन के लिए विनियम, 2026' का उद्देश्य महत्वपूर्ण, परंतु विनियमों में स्पष्टता, संतुलन आवश्यक : अभाविप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी अधिसूचना विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्धन हेतु) विनियम, 2026 का उद्देश्य महत्वपूर्ण है, परंतु इन विनियमों में स्पष्टता और संतुलन अत्यंत आवश्यक है। अभाविप मानती है कि यूजीसी तथा सभी शैक्षणिक संस्थानों को लोकतंत्र में अंतर्निहित भावना को अक्षुण्ण रखना चाहिए, जहां प्रत्येक नागरिक के पास समान अधिकार हों और भारत भेदभाव मुक्त तथा समता युक्त बने।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि, शैक्षणिक परिसरों में सौहार्द एवं समानता सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है, जिसके लिए अभाविप ने सदैव प्रयास किए हैं। शैक्षणिक परिसरों में सभी वर्गों के लिए सामाजिक समानता होनी चाहिए तथा परिसरों में भेदभावों के लिए कोई स्थान नहीं हैं। इस विनियम को लेकर विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं हितधारकों के मध्य भ्रांतियां व्याप्त हैं, जिन पर यूजीसी को संवाद करते हुए संबंधित भ्रांतियों को दूर करने हेतु तत्काल स्पष्टीकरण देना चाहिए। अभाविप सदैव ही शैक्षिक परिसरों में सकारात्मक और समतायुक्त परिवेश बनाने की दिशा में कार्य करती रही है।

### प्रमुख अभियंता राणा तथा बघेल ने उत्कृष्ट कार्य के लिए किया सम्मानित

देशभक्ति गीत एवं संस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ

# 77वें गणतंत्र दिवस समारोह में प्रमुख अभियंता ने किया सेवानिवृत्त अभियंताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक निर्माण विभाग के मुख्यालय निर्माण भवन में 77वें गणतंत्र दिवस का आयोजन भव्य रूप से किया गया। इस बार कार्यक्रम में नवाचार करते हुए प्रमुख अभियंता केपीएस राणा तथा प्रमुख अभियंता भवन एसएस बघेल ने सेवानिवृत प्रमुख अभियंता और मुख्य अभियंताओं को शॉल और श्रीफल तथा मोमेंटों देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर हेल्पलाइन कल्याण सरोवर तथा वाचक निरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मैदानी अफसर को भी सम्मानित किया गया। एक और नवाचार करते हुए आगामी 6 माह में सेवानिवृत होने कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभाग के कर्मचारियों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। राष्ट्रीय गीत का गायन किया गया।




### इन पूर्व अधिकारियों का हुआ सम्मान

इस मौके पर सेवानिवृत्त ईएनसी अखिलेश अग्रवाल, एमसी सोनी, विजय सिंह वर्मा, आरके मेहरा, नरेंद्र कुमार, पीसी बारस्कर, व्हीके अमर, बीपी पटेल, आरके अहिरवार, केसी अहिरवार, जीपी कटारे, डीएस भदौरिया, एसके बेहरे, पीसी निगम, एमके गुप्ता, मनोज पौराणिक आदि सेवानिवृत्त इंजीनियरों को सम्मानित किया गया।

### इन अभियंताओ को मिले प्रशस्ति-पत्र

कुलदीप सिंह (अधीक्षण यंत्री), राकेश तिवारी (कार्यपालन यंत्री), दीपिका तिवारी, कार्यपालन यंत्री (वि./ यां.), संवेदना पालिया, (कार्यपालन यंत्री), आसिफ मण्डल (अधीक्षण यंत्री), अंशुल श्रीवास्तव, सहायक यंत्री, मानवेन्द्रसिंह चौहान, सहायक यंत्री, जितेन्द्र खरे, उपयंत्री, टीपी श्रीवास्तव एसडीओ, गौरव गुप्ता (अनुविभागीय अधिकारी) शिवपुरी।

### सम्मानित होने वाले कर्मचारी यह रहे

बसंत सराठे, मोहन अय्यर, उषा अजीत, अशोक यादव निज सहायक प्रमुख अभियंता, विनिता तोनगरिया सहायक मानचित्रकार, कुलदीप शर्मा, सहायक ग्रेड-3 ( बजट शाखा), नीरज कुमार डेहरिया सहायक ग्रेड-3, सोबन सिंहनेगी आदि।

# भोपाल में देर शाम बूंदा-बांदी, रात में बादलों की गड़गड़ाहट के साथ तेज बारिश

## कई कॉलोनियों की बिजली गुल, देर रात तक घनघनाते रहे बिजली दफ्तरों के फोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में दो दिन से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। प्रदेश से लगे राजस्थान और ऊपरी पंजाब में सिस्टम सक्रिय होने से प्रदेश में इसका असर दिख रहा है। सोमवार से मंगलवार के बीच करीब आधे प्रदेश में गरज-चमक और बादल-बारिश के साथ ओले गिरे। कुछ जिलों में हल्की बौछारें पड़ीं। बुधवार को डेढ़ दर्जन के करीब जिलों में बादल, बारिश और कुछ जगह ओले गिरने की उम्मीद है। इसके साथ ही मंगलवार देर रात करीब 9:30 बजे भोपाल में बूंदाबांदी हुई। वहीं देर रात करीब 11 बजे तेज हवा और बादलों की गड़गड़ाहट के साथ करीब तेज बारिश हुई, जो देर रात तक जारी रही। इस बीच चली तेज हवाओं से एमपी नगर, रचना नगर, अशोका गार्डन, होशंगाबाद रोड, अवधपुरी, भेल, अयोध्या बायपास, इंद्रपुरी, कोलार समेत पुराने शहर की गई कॉलोनियों की बिजली गुल हो गई, जिससे बिजली कंपनियों के दफ्तरों के फोन घनघनाते रहे। वहीं देर रात बिजली न होने से लोग भीर परेशान रहे। इधर, मौसम विभाग ने बुधवार को भी मौसम ऐसा ही रहने का अनुमान जताया है, जिसके अनुसार बुधवार को भी शहर में तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है।

*देर रात तक होती रही बारिश, अंधेरे में डूबे रहे शहर के कई इलाके*

*बिजली मेंटेनेंस की खुली पोल, जरा सी हवा चलते ही गिरी पेड़ों की पत्तियां, सड़कों पर पसरा कचरा*

*आगर, भिंड, मुरैना, शिवपुरी, ग्वालियर, निवाड़ी, ओरछा और दतिया में बारिश के साथ ओले गिरे*

### भोपाल सहित कई जिलों में बारिश, ओले


शुक्ला के अनुसार बुधवार को ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां जिलों में कुछ जगह ओले गिरेंगे। यहां घना कोहरा भी रहेगा। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, देवास, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, दतिया, रीवा, सतना, नरसिंहपुर, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां में कुछ जगह बारिश हो सकती है।

### तापमान में बढ़ोतरी जारी

*प्रदेश में बारिश, ओले के बीच मंगलवार को कुछ जिलों को छोड़ शेष जिलों के दिन और रात के तापमान में औसतन डेढ़ डिग्री तक बढ़त रही। भोपाल में दिन का पारा 28 डिग्री पर थमा रहा, जबकि रात में 2.8 डिग्री की वृद्धि के साथ न्यूनतम पारा 14 डिग्री रहा। हालांकि देर रात हुई बारिश से पारे में कुछ गिरावट दर्ज की गई। प्रदेश में सबसे अधिक रात का पारा उज्जैन में 16 और दिन का तापमान मंडला में 30.7 डिग्री रहा है।*

### तेज हवा ने गिराए पेड़ों से पत्ते, सड़कें पत्तों से पटीं

तेज हवा के साथ हुई बारिश में शहरों की सड़कें सूखे पत्तों से पट गईं। दरअसल, बीते कई दिनों से तापमान बढने के कारण पेड़ों के पते सूखकर पीले पड़ गए थे। इसलिए एक बारगी तो लगा कि पतझड़ आ गया है लेकिन पेड़ों से पत्ते हवा की गति धीमी होने के कारण उतनी मात्रा में नहीं गिर रहे थे। लेकिन मंगलवार दोपहर से ही बादल छाने और हवा चलने की गतिविधियां शुरू हो गई थीं। इसके बाद देर रात तेज हवा के साथ हुई बारिश ने शहर की सड़कों पर पत्तों का अंबार लगा दिया।


शाम 4 बजे के करीब मिंटो हॉल के आसपास कुछ ऐसे थे हाल।

## एम्स की लिफ्ट में अस्पताल की कर्मचारी के साथ चेन स्नेचिंग की वारदात

# लिफ्ट में चेन छीनी, तसल्ली से सीढ़ियों से भाग गया, 450 सुरक्षा गार्ड नहीं पकड़ पाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स अस्पताल के इंडोर पेशेंट डिपार्टमेंट (आईपीडी) में अब किसी भी व्यक्ति को बिना अटेंडर कार्ड के प्रवेश नहीं दिया जाएगा। रविवार शाम करीब 6 बजे महिला कर्मचारी के साथ लिफ्ट में चेन स्नेचिंग की घटना हुई थी। तब पूरे परिसर में करीब 450 सुरक्षा गार्ड तैनात थे। रविवार और 26 जनवरी की छुट्टी के बाद मंगलवार को 3 बजे से 5 बजे तक एम्स निदेशक की अध्यक्षता में हाई लेवल बैठक हुई। सुरक्षा एजेंसी, प्रशासनिक अधिकारी और संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सुरक्षा को लेकर निर्णय लिए गए।

दरअसल, ब्लड बैंक के पीछे लिफ्ट में शाम 6 बजे एक युवक ने महिला कर्मचारी का मंगलसूत्र झपट लिया और फरार हो गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोमवार को सामने आया। पीड़िता ने पहले सुरक्षा एजेंसी को इसकी सूचना दी, इसके बाद बागसेवनिया थाने में लिखित आवेदन दिया। हालांकि, खबर लिखे जाने तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी।

एम्स निदेशक की अध्यक्षता में हाई लेवल की मीटिंग में लिए कई निर्णय

आईपीडी में बिना अटेंडर कार्ड के नहीं दिया जाएगा प्रवेश

### स्त्री रोग विभाग में अटेंडर पीड़िता से आरोपी पूछता रहा नेत्र विभाग का पता


लिफ्ट के सीसीटीवी के कैद हुई वारदात।

पीड़िता वर्षा सोनी एम्स के स्त्री रोग विभाग में अटेंडर के पद पर कार्यरत हैं। घटना के समय उनके गले में सोने की मोतियों की माला और मंगलसूत्र था। लिफ्ट में आरोपी ने पहले उनसे पूछा कि नेत्र रोग विभाग किस फ्लोर पर स्थित है। महिला ने उसे तीसरे फ्लोर की जानकारी दी। जैसे ही लिफ्ट तीसरे फ्लोर पर पहुंची और दरवाजा खुला, आरोपी बाहर निकला। इसके बाद अचानक मुड़कर उसने महिला पर झपट्टा मारा और मंगलसूत्र खींचने लगा। महिला ने विरोध किया, लेकिन आरोपी ने उन्हें धक्का दिया और सीढ़ियों से भाग गया। इस दौरान मोतियों की माला फर्श पर गिर गई, जबकि आरोपी मंगलसूत्र लेकर फरार हो गया।

### 53 घंटे बाद आरोपी आया पकड़ में

सूत्रों के हवाले से खबर मिली है कि एम्स में लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को 53 घंटे बाद गिरफ्तार कर लिया है। वहीं सूत्र बताते हैं कि आरोपी मेडिकल का छात्र है। आरोपी का नाम सुनील बताया जा रहा है और वह कटारा हिल्स इलाके में किराए के कमरे में रह रहा था। सूत्रों के अनुसार कॉलेज में अधिक उधारी और आर्थिक तंगी के चलते उसने लूट की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

### घटना के समय गायब थे सुरक्षा कर्मी

एम्स के ब्लड बैंक के पीछे स्थित लिफ्ट में महिला कर्मचारी का जहां लुटेरे ने मंगलसूत्र झपटा था, वहां कोई सुरक्षा कर्मी मौजूद नहीं था। महिला कर्मचारी करीब 10 मिनट तक शोर मचाती रही, लेकिन कोई गार्ड नहीं आया। घटना के बाद महिला कर्मचारी वहां बैठकर रोती रही। लेकिन न कोई डॉक्टर आया और न ही कोई सुरक्षा गार्ड। एम्स परिसर में इससे पहले लैपटॉप, पर्स और सामान चोरी की शिकायतें मिल चुकी हैं, लेकिन महिला कर्मचारी को टारगेट कर चेन स्नेचिंग की यह पहली घटना है।

### सुरक्षा एजेंसी को कड़े निर्देश

एम्स निदेशक डॉ. माधवानंद कर ने सुरक्षा एजेंसी को निर्देशित किया है कि सभी एंट्री और एग्जिट पॉइंट्स पर गार्ड अनिवार्य रूप से मौजूद रहें। अस्पताल के डार्क स्पॉट और संवेदनशील स्थानों की लगातार मॉनिटरिंग की जाए। राउंड सिस्टम मजबूत किया जाए और सीसीटीवी निगरानी में लापरवाही न हो।

### अनाधिकृत आवाजाही पर रोक

एम्स प्रबंधन का मानना है कि बिना वैध अटेंडर कार्ड एंट्री न मिलने से अनधिकृत लोगों की आवाजाही पर रोक लगेगी। बैठक में बताया कि ओपीडी के दौरान अस्पताल में 10 हजार से अधिक लोग मौजूद रहते हैं। हालांकि ओपीडी के बाद अस्पताल के कई हिस्से सुनसान हो जाते हैं। इसी स्थिति का फायदा उठाकर आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया।

## छोटे तालाब में सीधे मिल रहा नाला, किनारे पर बदबूदार पानी

# तालाबों की सेहत से खुला खिलवाड़...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी को पहचान देने वाले तालाब ही साफ-सुथरे नहीं हैं। इनमें गंदे नालों का पानी सीधे तौर पर मिल रहा है। इसके बाजवूद जिम्मेदारों ने सकी रोकथाम के लिए कदम नहीं उठाया। छोटे तालाब में बाणगंगा क्षेत्र से नाला सीधे मिल रहा है। नाले का गंदा पानी तालाब किनारे एकत्र होने से आसपास बदबू फैली रहती है। यहां बजाए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने के तालाब किनारे नगर निगम ने ट्रैक बना दिया और उसके नीचे से पाइप को तालाब में ही मिला दिया।

गर्वनर हाउस से रविंद्र भवन होते हुए सीएम हाउस को जोड़ने वाले अहम रोड पर नाले का सीधा जुड़ाव छोटे तालाब से है। सालों बाद भी इसकी रोकथाम नहीं की गई। नगर निगम द्वारा तालाब किनारे सुंदर गार्डन और ट्रैक बनाए, लेकिन यहां फैली गंदगी और बदबू के बीच तो लोगों का वहां खड़े होना तक मुश्किल है। यह सब कुछ वहां हैं जहां से प्रदेश सरकार के गर्वनर हाउस और सीएम हाउस का जुड़ाव है। जबकि कई मंत्री और अधिकारियों की तो यहां से रोज आवाजाही होती है।

### 8 साल पहले एसटीपी बनाने का था प्लान


लोक भवन के पास से निकला नाला छोटे तालाब में जाता हुआ।

जिस स्थान से नाला तालाब में मिल रहा है वहां आठ साल पहले एसटीपी बनाने की योजना बनाई तो गई, लेकिन उस पर कदम नहीं उठाया गया। गंदगी को ढंकने के लिए नाले के दोनों तरफ कवर्ड जरूर किया गया। अक्सर यहां गंदगी इतनी हो जाती है कि जेसीबी से सफाई में निगम कर्मी जुटते हैं, लेकिन इसका स्थायी निराकरण नहीं हो रहा है।

### अमृत योजना में शामिल थी योजना

2020 में अमृत योजना के तहत तालाब के पास एसटीपी बनाने की योजना नगर निगम के सीवेज प्रकोष्ठ द्वारा बनाई गई थी। इसके अलावा हथाईखेड़ा डेम पर भी इसकी प्लानिंग थी। दोनों ही जगह यह प्लांट नहीं बन पाए। निगम प्रशासन के अनुसार शहरभर के तालाबों में जहां नालों का पानी मिल रहा है वहां सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने के लिए अमृत 2.0 के तहत जल्द काम शुरू होगा।

### सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए रिटेंडर हो रहे हैं

निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि जहां नालों का पानी तालाब में मिल रहा है, वहां सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जाने हैं। उनके लिए रिटेंडर हो रहे हैं। जल्द ही अमृत 2.0 के तहत एसटीपी बनाने का काम शुरू होगा।


छोटे तालाब किनारे कीचड़ भरा बदबूदार पानी।

## शहर में स्वच्छता परीक्षा की तैयारी, फरवरी से शुरू होगा मैदानी मूल्यांकन



**भोपाल।** नगर निगम की शहर में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की परीक्षा के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। दरअसल उक्त व्यवस्था का मैदानी मूल्यांकन फरवरी माह के दूसरे सप्ताह से शुरू हो जाएगा। हालांकि सर्वेक्षण के लिए टीम मार्च के अंत या अप्रैल के पहले सप्ताह में राजधानी आएगी। इसके पूर्व निगम प्रशासन आम लोगों से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुझाव भी लेगा ताकि उनके आधार पर सुधार किया जा सके।

■ निगम प्रशासन आम लोगों से लेगा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुझाव

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में नागरिकों की भूमिका मजबूत की गई है। रैंकिंग में जनता के फीडबैक का वेटेज बढ़ाकर 35 प्रतिशत कर दिया गया है जो पहले 32 प्रतिशत था। अब फीडबैक पूरे साल डिजिटल प्लेटफार्म के जरिए लिया जाएगा, जिससे नागरिक सीधे रैंकिंग को प्रभावित कर सकेंगे। इसके अलावा स्वच्छ शहर जोड़ी कार्यक्रम के तहत भोपाल और बैरसिया की स्वच्छ शहर जोडी बनाई गई है। इन शहरों के स्वच्छता अंक भी रेटिंग निर्धारित करेंगे। इसलिए नगर निगम भोपाल लगातार बैरसिया में स्वच्छता को लेकर कार्यशाला, स्वच्छता मुहिम चलाने जैसे कार्यक्रमों के अलावा कचरा वाहन मुहैया करवाए गए हैं।

## मप्र राज्य कोटा का लाभ लेने दिया था प्रमाण पत्र

# फर्जी मूल निवासी से मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लेने वाले डॉक्टर को 3 वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्री मेडीकल टेस्ट (पीएमटी ) परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद मप्र राज्य कोटा का लाभ लेने के लिए मप्र राज्य का फर्जी मूल निवासी प्रमाण पत्र बनाकर गांधी मेडीकल कॉलेज भोपाल में एमबीबीएस में प्रवेश प्राप्त करने वाले डॉ. सुनील सोनकर पुत्र पारसनाथ सोनकर(35) निवासी ग्राम पडरहा तहसील त्योंथर जिला रीवा को अपर सत्र न्यायाधीश अतुल सक्सेना ने भादंसं की धारा-420, 467, 468 एवं धारा-471 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। विशेष लोक अभियोजक सुधा विजय सिंह भदौरिया तथा विशेष लोक अभियोजक आकिल अहमद खान द्वारा प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी की गई थी। व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) द्वारा 1 जनवरी 2010 को पीएमटी परीक्षा का आयोजन किया गया था। आरोपी डॉक्टर सुनील सोनकर ने पीएमटी परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद मप्र राज्य कोटा का लाभ लेने के लिए ग्राम पडरहा तहसील त्यौंथर जिला रीवा का मूल निवासी बताते हुए फर्जी प्रमाणपत्र बनवाकर उसके आधार पर गांधी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लिया था। राज्य सभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने एसटीएफ के तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार शाही को 6 अक्टूबर 2014 को मामले की शिकायत की थी। एसटीएफ ने 24 जनवरी 2020 को आरोपी डॉक्टर के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार कर विवेचना अधिकारी ने प्रकरण की संपूर्ण विवेचना के पश्चात गवाहों की सूची सहित अभियोग पत्र जिला न्यायालय में प्रस्तुत किया था।

## आवारा श्वान को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**भोपाल।** देश आवारा श्वानों के बढ़ते हमलों और सुरक्षा के इंतजामों को लेकर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। इसमें नगरीय प्रशासन विभाग के आला अधिकारी सुनवाई में अपना पक्ष रखेंगे।

सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिए गए बीते आदेशों में आवारा श्वानों को लेकर शेल्टर बनाने, स्कूलों, कॉलेज, पार्क और सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा के लिए कदम उठाने को कहा गया था, लेकिन राजधानी भोपाल में नगर निगम द्वारा शेल्टर बनाने की बात तो कही गई, लेकिन नया एक भी नहीं बना। इस मामले को लेकर अब सबकी निगाह बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई पर टिकी हैं। दरअसल, कोर्ट ने कुत्तों के हमले में घायल होने की घटनाओं को लेकर मामले को गंभीरता से लिया है।

## लखेरापुरा, चौक, जुमेराती, लोहा बाजार, आजाद मार्केट में हुई कार्रवाई

# पुराने शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी तोड़ दिए पक्के निर्माण, 8 ट्रक सामान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुराने शहर के बाजारों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। मंगलवार को लखेरापुरा, चौक, जुमेराती, लोहा बाजार, आजाद मार्केट आदि क्षेत्रों से निगम के अतिक्रमण अमले ने कब्जे हटाए व दुकानों के सामने बने पक्के निर्माण तोड़े। अतिक्रमण अधिकारी शैलेंद्र भदौरिया का कहना है कि बुधवार को भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।

कार्रवाई के दौरान उक्त क्षेत्रों में दुकानों के बाहर रखा सामान, फुटपाथों से सब्जी की दुकानें, अवैध चबूतरे, स्पीड ब्रेकर, खंबों पर लगे कटाउट, दो पहिया वाहन, ठेले, गुमठी, पान पार्लर, बोर्ड काउंटर, स्टैंड व अन्य अतिक्रमण हटाकर फाईवर, स्टूल, टेबिल, ठेले सहित आठ ट्रक विभिन्न प्रकार का सामान जप्त किया।

इसके अलावा निगम अमले ने काटजू हास्पिटल से टीटी नगर स्टेडियम, कोलार बंजारी से डी-मार्ट, ललिता नगर, दानिश चौराहा से बीकानेर स्वीट्स, भारत माता चौराहा, पांच नंबर स्टॉप, रविन्द्र भवन, शाहपुरा, शैतान सिंह चौराहा, जहांगीराबाद, एक्सटाल कालेज, बुधवारा, काली जी मंदिर, मोती मस्जिद, हमीदिया काला दरवाजा, करोंद, विश्वकर्मा नगर, हाउसिंग बोर्ड, पीपल चौक, अशोका गार्डन, प्रभात चौराहा आदि क्षेत्रों में कार्यवाई की।


आजाद मार्केट में कार्रवाई करता अमला।

## महिला आयोग ने शक्ति सदन में शुरू की 'तेरे मेरे सपने' काउंसलिंग

# नए जोड़ों की होगी प्री-वेडिंग काउंसलिंग, दोनों का बदलेगा नजरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शादी के बाद बिना पूछे एक-दूसरे का फोन चैक करना, दोनों का एक दूसरे के दोस्तों के साथ बाहर जाने पर नाराज होना, ऐसा मजाक जिससे भावनाएं आहत होती हैं, पुरुषों द्वारा घर का काम नहीं करना, बिना एक-दूसरे की सलाह के बड़े फैसले करना, एक-दूसरे के सपनों और लक्ष्यों को पूरा करने में मदद नहीं करना जैसे बड़े कारण आज समाज में शादी टूटने की वजह बन रहे हैं। प्रदेश के इंदौर में पिछले साल 4 हजार और भोपाल में 3539 से अधिक मामले फेमिली कोर्ट में तलाक के दर्ज किए गए हैं। जिसको देखते हुए टूटते रिश्तों को बचाने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग ने पहल करते हुए प्री वेडिंग काउंसलिंग का काम शुरु किया है। जिसकी मदद से शादी के पहले ही युवक-युवती को शादी के बाद आने वाली परेशानियों के बारे में उनको मानसिक रूप से तैयार किया जाएगा।

राजधानी में प्रदेश का पहला प्री-वेडिंग काउंसलिंग सेंटर फोर क्वार्टर शक्ति सदन प्रोफेसर कॉलोनी में शुरु किया गया है। जहां पर तेरे मेरे सपने पहल के तहत शादी के पहले काउंसलिंग की जाएगी। शक्ति सदन में शुरु हुए प्री-वेडिंग काउंसिलिंग सेंटर में तीन महिला काउंसलर्स को तैनात किया है। जिसमें प्रशासन अकादमी की पूर्व निदेशक प्रतिभाराज गोपाल, पूजा सिंह राणा और निर्भया महिला आश्रय गृह की डायरेक्टर समर खान को नए जोड़ों की काउंसलिंग करने की ट्रेनिंग दी गई है।

### ईगो और बेवफाई से टूट रहे रिश्ते



प्रोफेसर कॉलोनी स्थित काउंसलिंग सेंटर।

प्री-वेडिंग काउंसलर समर खान ने बताया कि वर्तमान समय में शादी के बाद रिश्ता टूटने की सबसे बड़ी वजह आपसी समझ की कमी, एक-दूसरे से बेवफाई, वित्तीय मुद्दे और इगो का टकराव सबसे प्रमुख हैं। इसके अलावा, पारिवारिक हस्तक्षेप, घरेलू हिंसा, भावनात्मक व शारीरिक समन्वय की कमी और एक-दूसरे के प्रति सम्मान न होना भी शादी टूटने की बड़ी वजह है।

### पांच साल से रिलेशन लड़की के जॉब पर चुप्पी

इमामी गेट से पहला जोड़ा आया, तो काउंसलर्स ने बातचीत शुरू की। युवक ने बताया, हम दोनों 5 साल से रिलेशन में है, अब शादी करना चाहते हैं। लड़का खुद का कारोबार करता है, लड़की बैंक जॉब में है। जब पूछा कि क्या लड़की शादी के बाद भी जॉब करेगी, तो दोनों चुप हो गए। दरअसल, लड़की की मां और छोटा भाई का भरण पोषण लड़की की सेलरी से ही होता है। ऐसे में दोनों को आपस में बातचीत करने की सलाह दी गई है।

### इन विषयों पर होगी खुलकर बात

- शादी का रिश्ता भरोसे पर टिका होता है। झूठ बोलना, धोखा देना या शक करना रिश्ते को खोखला कर देता है।
- समझदारी से समस्याएं सुलझाने के बजाय अहंकार के कारण छोटी-छोटी बातों को बड़ा बना लेना
- एक-दूसरे से अपनी भावनाओं, जरूरतों या परेशानियों को खुलकर न कह पाना
- पैसे से जुड़ी समस्याएं या आर्थिक असमानता
- सास-ससुर या परिवार के अन्य सदस्यों का बहुत अधिक दखल देना
- पार्टनर से बहुत ज्यादा उम्मीदें रखना और फिर उन पर खरा न उतरने पर निराश होना
- एक-दूसरे के लिए समय न निकाल पाना और भावनात्मक रूप से दूर हो जाना

### पंडित और काजी करेंगे जागरुक

*प्री-वेडिंग काउंसलिंग के लिए फेरे कराने वाले पंडित और निकाह पढ़ाने वाले काजियों की मदद ली जाएगी। जिसके लिए शहरकाजी सैय्यद मुश्ताक अली नदवी ने भी इस पहल का समर्थन किया है। इसके साथ ब्यूटिशन्स, बुटिक ऑनर्स और मैरिज गार्डन संचालकों को काउंसलिंग कराने ब्रांड एंबेसडर बनाया जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### ब्रिजस्टोन ने परमिश वर्मा से मिलाया हाथ

**चंडीगढ़।** ब्रिजस्टोन इंडिया ने पंजाब के लोकप्रिय गायक, अभिनेता एवं यूथ आइकॉन परमिश वर्मा के साथ साझेदारी का एलान किया है। यह साझेदारी प्रमुख क्षेत्रीय बाजारों में उपभोक्ताओं के साथ अपने जुड़ाव को मजबूती देने की कंपनी की विशेष रणनीति का हिस्सा है। ब्रिजस्टोन कार को लेकर मशहूर परमिश की सुरक्षित मोबिलिटी और ड्राइविंग को लेकर व्यक्तिगत रुचि ने उन्हें ब्रिजस्टोन का स्वाभाविक सहयोगी बनाया है।

### दो दिवसीय ग्रीन एक्सपो 14 फरवरी से

**नई दिल्ली।** विकास प्राधिकरण द्वारा दो दिवसीय पहला डीडीए ग्रीन एक्सपो 2026 का आयोजन 14 और 15 फरवरी 2026 को बांसेरा पार्क, नई दिल्ली में किया जा रहा है। यह एक्सपो भारतीय शहरों के भविष्य की कल्पना करने के लिए एक प्रमुख राष्ट्रीय मंच के रूप में काम करेगा, जबकि शहरी नियोजन और शहर के विकास में पर्यावरणीय स्थिरता प्रतिबद्धता को रेखांकित करेगा।

### सैमसंग ने पेश की कूलिंग इनोवेशंस की झलक

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने अपनी आगामी कूलिंग इनोवेशंस की एक झलक पेश की। इसे आधुनिक घरों में आराम, इंटेलिजेंस और ऊर्जा दक्षता को नए सिरे से परिभाषित करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। सैमसंग ने यह संकेत दिया है कि आने वाली एयर कंडीशनिंग तकनीक पारंपरिक कूलिंग से आगे बढ़कर स्मार्ट और अधिक उन्नत अनुभव देगी।





# पेट्रोल एवं डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के साथ टोल टैक्स की दरों को युक्तिसंगत बनाया जाए

**ट्रांसपोर्ट सेक्टर देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय बजट 2026–27 से भोपाल सहित मध्यप्रदेश और देशभर के ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े ट्रांसपोर्ट व्यापार जगत, आम व्यापारी एवं सामान्य जनता को अनेक महत्वपूर्ण अपेक्षाएं हैं। ट्रांसपोर्टरों ने कहा कि ट्रांसपोर्ट सेक्टर देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। सड़क परिवहन के माध्यम से ही देश का अधिकांश व्यापार, उद्योग और रोजमर्रा की जरूरतों की आपूर्ति होती है। ऐसे में इस क्षेत्र से जुड़े मुद्दों का समाधान सीधे तौर पर महंगाई नियंत्रण और जनहित से जुड़ा हुआ है। आरटीओ एंड ट्रैफिक कमेटी के चेयरमैन और ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस, नई दिल्ली के सीएल मुकाती ने पीएम मोदी सरकार के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 1 फरवरी को पेश किए जाने वाले आम बजट को लेकर ट्रांसपोर्ट व्यापार जगत के हित में छः सूत्रीय मांगे की है।

**यह है प्रमुख मांगें एवं अपेक्षाएं**


सीएल मुकाती

- पेट्रोल एवं डीजल को जीएसटी के अंतर्गत लाया जाए, जिससे ईंधन की कीमतों में पारदर्शिता आए और परिवहन लागत में कमी हो। इसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा।
- टोल टैक्स की दरों को युक्तिसंगत (रिवाइज) किया जाए तथा देशभर में नेशनल टोल परमिट की व्यवस्था लागू की जाए, ताकि बार-बार टोल भुगतान से वाहन मालिकों और व्यापारियों को राहत मिल सके।
- राष्ट्रीय राजमार्गों एवं राज्य राजमार्गों पर व्याप्त भ्रष्टाचार पर सख्ती से लगाम लगाई जाए, जिससे अनावश्यक खर्च कम हो और परिवहन सुगम एवं सुरक्षित बने।
- इन सुधारों से परिवहन लागत में कमी आएगी, जिसका सीधा प्रभाव वस्तुओं की कीमतों पर पड़ेगा और महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा। इससे न केवल ट्रांसपोर्ट व्यापार को मजबूती मिलेगी, बल्कि आम व्यापारी और आम जनता को भी बड़ी राहत प्राप्त होगी।
- ट्रांसपोर्ट व्यापार जगत को आशा है कि केंद्र सरकार बजट 2026–27 में इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर सकारात्मक निर्णय लेकर देश की अर्थव्यवस्था को और सशक्त बनाएगी।

**मंडी बोर्ड की भावांतर योजना झांकी को मिला पहला पुरस्कार**

# झांकी बनी कृषि प्रगति और किसानों के सशक्तिकरण का प्रतीकः कुमार पुरुषोत्तम






वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

गणतंत्र दिवस समारोह में लाल परेड ग्राउंड में विभिन्न विभागों की झांकियां प्रदर्शित हुई। प्रदर्शित झांकियां सरकार की उपलब्धियां और योजनाओं को दिखाया गया,लेकिन मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा प्रदर्शित की गई भावांतर भुगतान योजना को समर्पित झांकी जहां आकर्षण का केंद्र रही हैं तो वहीं मध्यप्रदेश सरकार द्वारा मंडी बोर्ड की भावांतर योजना की चलित झांकी को पहला पुरस्कार प्रदान किया गया। गौरतलब है कि मंडी बोर्ड की चलित झांकी को गणतंत्र दिवस समारोह पर लोकरंग कार्यक्रम में राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव सहितसंस्कृति विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रथम पुरस्कार के रूप में ट्राफी तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। उक्त ट्राफी तथा प्रमाण पत्र मंडी बोर्ड के आयुक्त सह प्रबंध संचालक के निर्देश पर मंडी बोर्ड के सहायक संचालक योगेश नागले ने प्राप्त किया।

मंडी बोर्ड को पहला पुरस्कार ट्राफी और प्रमाण पत्र मिलने पर बोर्ड के आयुक्त सह प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम ने कहाकि झांकी कृषि प्रगति और किसानों के सशक्तिकरण का प्रतीक बनी। भावांतर योजना को पूरे देश में काफी सराहना मिली है। मंडी प्रशासन के लिए यह गर्व का विषय है कि समस्त किसानों, व्यापारियों के सहयोग से सफल योजना को समर्पित झांकी को पहला पुरस्कार मिला।

**वुडवर्ड्स की नई शुरुआतः विरासत ब्रांड ने टमी रोल-ऑन लांच किया**

# देश का नंबर 1 ग्राइप वाटर ब्रांड होने के नाते वुडवर्ड्स हमेशा एक ही वादे पर रहा कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

लगभग 175 वर्षों से वुडवर्ड्स भारतीय घरों का एक भरोसेमंद साथी रहा है, जो 1851 से शिशुओं की देखभाल करता आ रहा है। पेट दर्द, गैस और अपच से राहत दिलाने से लेकर बच्चों की सुकून भरी नींद लौटाने तक, यह ब्रांड सुरक्षित, विश्वसनीय और समय की कसौटी पर खरे उतरे उपायों के साथ पीढ़ियों से माताओं और दादा-दादियों का भरोसा बना हुआ है। देश का नंबर 1 ग्राइप वाटर ब्रांड होने के नाते, वुडवर्ड्स हमेशा एक ही वादे पर कायम रहा है नाजुक पेट के लिए कोमल राहत, जो प्राचीन आयुर्वेदिक ज्ञान पर आधारित है और दादी-नानी की सदियों पुरानी मान्यताओं से प्रेरित है। अब, अपने लंबे इतिहास में पहली बार, वुडवर्ड्स अपने पोर्टफोलियो का




विस्तार कर रहा है। वुडवर्ड्स टमी रोल-ऑन के लांच के साथ, ब्रांड शिशुओं के लिए एक संपूर्ण टमी केयर विशेषज्ञ बनने की दिशा में अपना पहला कदम बढ़ा रहा है।

शिशु के पेट पर गरम हींग लगाने के पारंपरिक घरेलू उपाय से प्रेरित, टमी रोल-ऑन में हींग, सौंफ और डिल ऑयल जैसे प्राचीन आयुर्वेदिक तत्वों को एक आधुनिक और आसान रोल-ऑन फॉर्मेट में शामिल किया गया है। न गर्म करने की जरूरत। न मिलाने की। न किसी तैयारी की। बस पेट पर हल्के गोलाकार तरीके से लगाइए—कभी भी, कहीं भी।आज की तेज़ रफ्तार पेरेंटिंग लाइफ को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया टमी रोल-ऑन, खासतौर पर देर रात या यात्रा के दौरान, वही भरोसेमंद उपाय एक सुविधाजनक रूप में प्रदान करता है, जिस पर माता-पिता बिना किसी हिचक के भरोसा कर सकते हैं। वुडवर्ड्स टमी रोल-ऑन अमेज़न, फ्लिपकार्ट, फर्स्टक्राय, टाटा 1 एमजी और फार्मईज़ी सहित प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध होगा, और जल्द ही प्रमुख क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर भी विस्तार की योजना है।

## बिजनेस न्यूज

### मानसरोवर ग्रुप ने धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



**भोपाल।** मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस और मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के सभी शैक्षणिक संस्थानों सहित में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मानसररोवर समूह के सभी कैंपस में झंडावंदन किए जाने के पश्चात विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य, गायन आदि सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति की भावना से सभी को ओत-प्रोत कर दिया। कैंपस में प्रो-चांसलर प्रो. अरुण कुमार पाण्डेय, आयुर्वेद संचालक डॉ. बाबुल ताम्रकार और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में झंडावंदन किया गया। इस मौके पर डीन डॉ. अरविन्द अठावले, डॉ. ए.एस. यादव, डॉ. गुरुदत्त नायक, डॉ. अनुराग सिंह राजपूत, प्राचार्या मनीषा राठी सहित सभी संकायों के प्राचार्य, शिक्षक शिक्षिकाएं आदि उपस्थित रहे।

### एलएनसीटी में गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन



**भोपाल।** राजधानी के कोलार रोड स्थित एलएनसीटी यूनिवर्सिटी परिसर में भी गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन किया गया। देशभक्ति के रंग में रंगे इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्टाफ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एलएनसीटी यूनिवर्सिटी की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पूजाश्री चौकसे ने तिरंगा फहराया। पूजा श्री चौकसे ने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान में दिए गए अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा और अनुशासन के माध्यम से देश के विकास में योगदान दें। समारोह के अंत में सभी ने एकजुट होकर देश की प्रगति, शांति और समृद्धि के लिए संकल्प लिया।

### श्री सत्य साई में गणतंत्र दिवस का आयोजन



**भोपाल।** श्री सत्य साई महिला महाविद्यालय में भारतीय गणतंत्र का 77वां पर्व अत्यंत उत्साह एवं देशभक्ति से परिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। महाविद्यालय की निदेशक डॉ. प्रतिभा सिंह ने महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. रेणु मिश्रा, विधि प्राचार्य डॉ. अंजू बाजपेयी, एनएसएस अधिकारी डॉ. मनीषा त्रिपाठी, एनसीसी अधिकारी डॉ. सरिता कुशवाह सहित परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्रसंघ प्रभारी डॉ. शोभना श्रीवास्तव व डॉ. रूपा गुहा नंदी समेत समस्त प्राध्यापिकाएं, कर्मचारी व छात्राएँ उपस्थित थे।

### पीएनबी ने मनाया 77 वां गणतंत्र दिवस



**भोपाल।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने नई दिल्ली स्थित अपने मुख्यालय में बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ 77वां गणतंत्र दिवस मनाया। समारोह की शुरुआत पीएनबी के एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्र द्वारा बैंक के कार्यपालक निदेशकों, मुख्य सतर्कता अधिकारी, मुख्य महाप्रबंधकों, महाप्रबंधकों, और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई। इस मौके पर पीएनबी के एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्र ने कहाकि इस गणतंत्र दिवस पर, हम अपने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान, अपने संविधान के निर्माताओं की दूरदर्शिता और हमारे सशस्त्र बलों के साहस को याद करते हैं जो सबसे कठिन परिस्थितियों में देश की रक्षा करते हैं।

### एसबीआई के प्रधान कार्यालय में हुआ गणतंत्र दिवस का गरिमामय आयोजन



**भोपाल।** भारतीय स्टेट बैंक के स्थानीय प्रधान कार्यालय में गणतंत्र दिवस उत्साह, अनुशासन एवं देशभक्ति से परिपूर्ण समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभाष कुमार सुबुद्धि, मुख्य महाप्रबंधक द्वारा ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक कुंदन ज्योति, महाप्रबंधक ओंकार नाथ चौधरी, महाप्रबंधक मनोज कुमार तथा महाप्रबंधक शुभकांता कानूनगो प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। समारोह की शोभा लेडीज क्लब की अध्यक्षा एवं सदस्यों की उपस्थिति रहे। साथ ही बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिससे संगठनात्मक एकता, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण का सशक्त संदेश दिया गया। भारतीय स्टेट बैंक के स्थानीय प्रधान कार्यालय में आयोजित यह गणतंत्र दिवस समारोह न केवल एक औपचारिक आयोजन रहा, बल्कि राष्ट्र निर्माण में बैंक की प्रतिबद्धता, सेवा भावना और सामूहिक संकल्प का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा।

### सीईओ प्रीतेश जोशी ने किया भोपाल दुग्ध संघ परिसर में ध्वजारोहण



**भोपाल।** भोपाल दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रीतेश जोशी ने संघ परिसर में गणतंत्र दिवस पर सुबह ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहरण कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों और श्रमसेवकों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर भारत माता की जय के नारे लगाएं। सीईओ जोशी ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी संस्था (सांची) में मेहनत के साथ कार्य करें और सांची ब्राण्ड जो मध्यप्रदेश की शान है इनको शिखर तक स्थापति करने में सभी लोग सौंपी गई जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएं। सीईओ जोशी ने कहा कि सभी शाखाओं के सेवक, सुरक्षा गार्ड अपने नए नए नवाचारों के साथ सुझाव दे सकते हैं।

### टाटा मोटर्स ने 7 से 55 टन तक की क्षमता वाले 17 ट्रकों को लांच किया



**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने 7 से 55 टन तक की क्षमता वाले 17 ट्रकों का अपना अगली पीढ़ी का पोर्टफोलियो लांच किया, जो सुरक्षा, लाभ और प्रगति में नए मानक स्थापित करता है। यह व्यापक लांच नई अजुरा सीरीज, अत्याधुनिक टाटा ट्रक्स डॉट ईवी रेंज और मशहूर प्राइमा, सिग्ना तथा अल्ट्रा प्लेटफॉर्म्स में महत्वपूर्ण अपग्रेड पेश करता है। ये ट्रक दुनिया के कड़े सुरक्षा नियमों के हिसाब से बने हैं और इनका मकसद ट्रांसपोर्टर्स की बचत बढ़ाना, रखरखाव का खर्चा कम करना और काम को आसान बनाना है। कंपनी के एमडी एवं सीईओ गिरीश वाघ ने कहा कि भारत में ट्रकिंग का क्षेत्र सरकारी नीतियों, बेहतर सड़कों और सुरक्षित व साफ-सुथरे ट्रांसपोर्ट की मांग के कारण तेजी से बदल रहा है। टाटा मोटर्स ने हमेशा से इस बदलाव में आगे रहकर नए बेंचमार्क स्थापित किए हैं जोकि इंडस्ट्री के भविष्य को आकार देते हैं।

### डिज्नी क्रूज लाइन पर 'द लायन किंग' थीम पर आतिशबाजी शो

**भोपाल।** डिज्नी क्रूज लाइन ने डिज्नी एडवेंचर पर शानदार आतिशबाजी का ऐलान किया है। एक अनोखे और नए-नवेले, ओरिजिनल आतिशबाजी शो, द लायन किंगः सेलिब्रेशन इन द स्काई से पूरी तरह से जगमगा उठेगा। समुद्र में शानदार आतिशबाज़ी का जलवा दिखाने वाली दुनिया की एकमात्र क्रूज़ लाइन के तौर पर, डिज़्नी क्रूज़ लाइन इस पसंदीदा, खास परंपरा को मनोरंजन के बादशाह शाहरुख खान के साथ और भी खास बनाएगी, जो इस नए शो के नैरेटर होंगे। वे इस शो को अपनी दमदार आवाज़ से एक अलग अहसास में बदल देंगे।

### इंडिया एनर्जी वीक 2026 में थिंक गैस में वृद्धि, शहरी ऊर्जा परिवर्तन पर प्रकाश डालेगी



**नई दिल्ली।** थिंक गैस इंडिया एनर्जी वीक 2026 में हिस्सा लेकर भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और शहरी एवं अर्ध-शहरी बाजारों में गैस आधारित आधारभूत ढांचे के विस्तार को लेकर प्रतिबद्धता दोहराने जा रही है। आगंतुक हॉल नंबर 2, स्टॉल 2एफ18 पर थिंक गैस की टीम से बातचीत कर सकते हैं जहां यह कंपनी अपनी एकीकृत सीजीडी क्षमताओं, पीएनजी और एलएनजी आधारभूत ढांचे में ग्राहक केंद्रित सॉल्यूशंस प्रदर्शित करेगी। इस आयोजन में चेयरमैन अमितव सेन गुप्ता, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर एवं प्रमुख विनुकुमार बालकृष्णन, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर चिरदीप दत्ता और चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर निशांत नेहरू शामिल होंगे । सीईओ - थिंक एलएनजी इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड संदीप त्रेहन भी मौजूद रहेंगे। थिंक गैस के प्रबंध निदेशक और सीईओ अभिलाष गुप्ता ने कहा कि इस दौरान एक रणनीतिक सम्मेलन सत्र के दौरान एक वक्ता के तौर पर ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने में सीजीडी की भूमिका और कम उत्सर्जन वाली गतिशीलता को समर्थ बनाने और भारत की दीर्घकालीन डीकार्बोनाइजेशन लक्ष्यों में सहयोग इसकी भूमिका पर अपना दृष्टिकोण साझा करेंगे।

**कहीं टैरिफ टैरेरिज्म चल रहा है, कहीं सत्ता का उन्माद**

# पतंजलि योगपीठ के योगऋषि रामदेव ने गणतंत्र दिवस पर दिलाए 'पंचप्रण'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार




पतंजलि योगपीठ के परमाध्यक्ष रामदेव व महामंत्री आचार्य बालकृष्णने पतंजलि वेलनेस, फेस-2 में ध्वजारोहण कर देशवासियों को देश के 77वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर रामदेव ने स्वदेशी शिक्षा, स्वदेशी चिकित्सा, स्वदेशी अर्थव्यवस्था, स्वदेशी सनातन जीवन पद्धति तथा स्वदेशी से स्वावलम्बी विकसित भारत-पंचप्रण लेते हुए राष्ट्र सेवा की बात कही। उन्होंने कहा कि कहीं टैरिफ टैरेरिज्म चल रहा है, कहीं सत्ता का उन्माद, कहीं सम्पति का उन्माद और कहीं मज़हबी उन्माद, और भारत में तो सनातनधर्मियों में ही एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करके सनातन में भी गौमाता, गंगा व पालकी के नाम पर उन्माद फैलाने की बात की जा रही है। अमेरिका ने कनाडा को 100 प्रतिशत टेरिफ की धमकी दी तो कभी भारत पर 25-50 प्रतिशत, कभी किसी देश पर तो 500 प्रतिशत टैरिफ की धमकी, दुनिया एक बहुत खतरनाक दौर से गुजर रही है। उन्होंने देशवासियों से आह्वान किया कि सब स्वदेशी का व्रत लें और मैकाले की शिक्षा का बहिष्कार करें, बहुराष्ट्रीय कंपनियों का बहिष्कार करें। उन्होंने कहा कि सारी बुराइयों का और सब प्रकार के आपसी लड़ाई-झगड़ों का बहिष्कार करके हमें भारत की एकता, अखण्डता और संप्रभुता को सर्वोपरि रख करके डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपए को मजबूत बनाना है। योग ऋषि रामदेव ने कहा कि भारत मजबूत होगा, तो पूरी दुनिया में हिंदुओं पर कोई अत्याचार करने का दुस्साहस नहीं कर पाएगा। आज इजराइल मजबूत है तो पूरी दुनिया में यहूदियों पर कोई टेढ़ी नजर नहीं कर सकता। बुरी नजर से नहीं देख सकता, क्योंकि उसके पीछे बहुत बड़ी बैक है। यदि हम अपने देश को मजबूत नहीं बनायेंगे तो कहीं न कहीं से संकट हम पर मंडराते ही रहेंगे और हिंदू जहां रहेंगे, पिटते ही रहेंगे।

### सैमसंग ने लांच किया नया साउंड टावर

**गुरुग्राम।** सैमसंग इंडिया ने नया साउंड टावर 2026 लाइनअप लांच किया है। यह दमदार साउंड, बेहतर पोर्टेबिलिटी और शानदार एंटरटेनमेंट फीचर्स के साथ भारतीय ग्राहकों के लिए खास अनुभव लाता है। यह लाइट और साउंड के जरिए पार्टी का पूरा मज़ा देता है। सैमसंग के 2026 साउंड टावर मॉडल सेमसंग डॉट कॉम प्रमुख, ऑफलाइन रिटेल स्टोर्स और बड़ी ई-कॉमर्स साइट्स पर उपलब्ध होंगे। इनकी कीमत 25,500 रुपए से शुरू होती है। नई रेंज में एसटी50एफ और एसटी40एफ मॉडल शामिल हैं।

# उन्नति पैनल अध्यक्ष पद प्रत्याशी गोविंद गोयल और उनकी पूरी पैनल का सराफा बाजार में हुआ जोरदार स्वागत

**एडवांस सैलरी बोनस मिलने से बाजारों में खरीदारी का उत्साह**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव में उन्नति पैनल के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी गोविंद गोयल और उनकी पूरी पैनल का सराफा चौक बाजार में जोरदार स्वागत हुआ। इसी क्रम में उन्नति पैनल ने सोमवारा, लखेरापुरा, इब्राहिमपुरा, चौक बाजार और सराफा में व्यापारियों से उनके व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर जाकर पूरी पैनल के लिए वोट मांगे।

### सराफा बाजार में पार्किंग की होंगी उचित व्यवस्थाएं

अध्यक्ष पद के प्रत्याशी गोविंद गोयल ने कहा है कि सराफा बाजार एक बहुत बड़ा बाजार है लेकिन यहां की सकरी गलियों में वाहन खड़े रहते हैं जिसकी पार्किंग की व्यवस्था के लिए भी चुनाव जीतने के बाद व्यापारियों का सहयोग और चर्चा कर व्यवस्थित किया जाएगा। उन्होंने वही उनके सामने वन टाइम सेटलमेंट की भी बात सामने आई।

# पारदर्शी विपणन व्यवस्था प्रदान करने की दिशा में मंडी बोर्ड ने की अभिनव पहल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कृषि विपणन प्रणाली में मूल्य अस्थिरता, पारदर्शिता की कमी तथा भुगतान में विलंब जैसी समस्याएं जो लंबे समय से किसानों की आय को प्रभावित करती रही हैं। मध्यप्रदेश शासन द्वारा इन चुनौतियों के समाधान के लिए भावांतर योजना-2025 एवं ई-मंडी योजना को एकीकृत डिजिटल ढांचे के अंतर्गत लागू किया गया है। ये योजनाएं किसानों को मूल्य संरक्षण, त्वरित भुगतान एवं पारदर्शी विपणन व्यवस्था प्रदान करने की दिशा में एक अभिनव पहल हैं।

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के आयुक्त सह प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप लागू भावांतर योजना-2025 देश में प्रथम बार लागू की गई एक अभिनव योजना है, जिसका उद्देश्य किसानों को बाजार भाव में गिरावट से सुरक्षा प्रदान करना है।




इस योजना के अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य एवं वास्तविक विक्रय दर/मोडल रेट के मध्य अंतर की भरपाई सीधे किसान को की जाती है। बाजार मूल्य में गिरावट से किसान की आय की सुरक्षा होती है। एमएसपी एवं विक्रय दर के अंतर की सीधी वित्तीय भरपाई योजना के मार्फत होती है। पंजीयन, विक्रय एवं भुगतान की सरल, पारदर्शी एवं पूर्णतः ऑनलाइन प्रक्रिया से होती है। भावांतर राशि का भुगतान किसानों के आधार लिंक्ड बैंक खाते में हस्तांतरित होता है।

### 6.4 लाख कृषकों के खाते में 1292 करोड़ राशि अंतरित हो चुकी

विक्रय के 15 दिवस के भीतर भुगतान सुनिश्चित है। सोयाबीन खरीदी राज्य में 220 से अधिक मुख्य मंडियों एवं 80 उप-मंडियों में हुई। भावांतर की राशि सिंगल-क्लिक भुगतान व्यवस्था द्वारा त्वरित राशि अंतरण हुई। लाखों किसानों की सहभागिता के माध्यम से व्यापक प्रभाव दिखा। इस योजना अंतर्गत 9,36,352 कृषकों का पंजीयन हुआ। लगभग 6.4 लाख कृषकों के खाते में 1292 करोड़ रुपए राशि अंतरित हो चुकी है।

### ई-मंडी योजना, ई-अनुज्ञा प्रणाली का विस्तारित एवं उन्नत डिजिटल स्वरूप

ई-मंडी योजना, ई-अनुज्ञा प्रणाली का विस्तारित एवं उन्नत डिजिटल स्वरूप है। जिसका उद्देश्य मंडी की समस्त प्रक्रियाओं को रियल टाइम डेटा कैप्चरिंग के माध्यम से डिजिटल बनाना है। ई-मंडी की कार्यप्रणाली में किसान के प्रवेश से लेकर अनुबंध, तौल, बिक्री प्रमाणक एवं अनुज्ञा तक की संपूर्ण प्रक्रिया डिजिटल है।

## चिंतन

# वैश्विक व्यापार राजनीति में भारत की बड़ी आर्थिक जीत

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का संपन्न होना भारत की आर्थिक कूटनीति की बड़ी सफलता है। यह समझौता करीब 18 वर्षों की लंबी, जटिल और कई बार की ठहरी हुई बातचीत के बाद हुआ है। यह केवल आयात-निर्यात बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत को वैश्विक मूल्य शृंखलाओं में एक भरोसेमंद, दीर्घकालिक साझेदार के रूप में स्थापित करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। यह समझौता ऐसे समय में सामने आया है, जब वैश्विक व्यापार व्यवस्था अस्थिरता, टैरिफ युद्ध और संरक्षणवादी नीतियों से जूझ रही है। अमेरिका सहित कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं द्वारा लगाए जा रहे शुल्कों के बीच भारत और ईयू का यह करार खुले, नियम-आधारित और भरोसेमंद वैश्विक व्यापार का मजबूत संदेश देता है। भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, जबकि यूरोपीय संघ दूसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है। दोनों मिलकर वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 25 प्रतिशत, विश्व व्यापार का एक-तिहाई और दुनिया की करीब 30 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसे में यह एफटीए स्वाभाविक रूप से दुनिया के सबसे बड़े द्विपक्षीय व्यापार समझौतों में गिना जा रहा है। इससे भारत के श्रम-प्रधान और निर्यात-उन्मुख क्षेत्रों को सबसे अधिक लाभ मिलने की संभावना है। कपड़ा, चमड़ा, जूते, ज्वेलरी, ऑटो पार्ट्स और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों पर यूरोपीय संघ में लगने वाली ड्यूटी कम या समाप्त होने से भारतीय उत्पाद यूरोपीय बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे। इससे भारत का निर्यात बढ़ेगा, औद्योगिक उत्पादन को गति मिलेगी और देश में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा। साथ ही, आईटी और सेवा क्षेत्र को भी यूरोप में बेहतर बाजार पहुंच मिलने से भारत की सेवा अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी। इससे 'मेक इन इंडिया', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत 2047' जैसे दीर्घकालिक लक्ष्यों को ठोस आधार मिलेगा और भारत वैश्विक मूल्य शृंखलाओं में एक भरोसेमंद केंद्र के रूप में उभरेगा। इसका गहरा रणनीतिक और भू-राजनीतिक महत्व भी है। यूरोपीय संघ को भारत जैसा विशाल, युवा और तेजी से बढ़ता बाजार चाहिए, वहीं भारत को एक नियम-आधारित, तकनीकी रूप से उन्नत और राजनीतिक रूप से स्थिर साझेदार की आवश्यकता है। भारत ने डेयरी, अनाज, कृषि, फार्मिंग और पोल्ट्री जैसे क्षेत्रों को इससे बाहर रखकर अपने किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के हितों की रक्षा भी की है। वहीं, ईयू की लग्जरी कारों पर टैरिफ 110 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत और प्रीमियम शराब पर 150 प्रतिशत से 20 प्रतिशत होना भारतीय उपभोक्ताओं के लिए राहत लेकर आएगा, हालांकि इससे घरेलू उद्योगों पर प्रतिस्पर्धात्मक दबाव बढ़ेगा। इस एफटीए के 2027 में लागू होने की संभावना है, लेकिन असली चुनौती इसके प्रभावी और संतुलित क्रियान्वयन की होगी। गैर-शुल्क बाधाएं, यूरोपीय मानकों की कठोरता और छोटे व मध्यम उद्योगों की सीमित क्षमता जैसी चुनौतियां सामने आ सकती हैं। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि इस समझौते का लाभ केवल बड़ी कंपनियों तक सीमित न रहे, बल्कि एमएसएमई, स्टार्टअप्स और श्रमिक वर्ग भी इससे समान रूप से लाभान्वित हों। यदि इसे दूरदर्शिता, संतुलन और समावेशी नीतियों के साथ लागू किया गया, तो यह निस्संदेह भारत की विकास यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा।



## भारत-ईयू एफटीए
विवेक शुक्ला

भारत और यूरोपीय संघ के बीच यह समझौता केवल एक व्यापारिक करार नहीं है, बल्कि वैश्विक आर्थिक और कूटनीतिक क्षेत्र में एक मील का पत्थर है, जिसे कई बार रोक-टोक और बहस के बाद आज निर्णायक रूप से अंतिम रूप दिया गया है। आने वाले वर्षों में यह समझौता भारत और यूरोपीय देशों के संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। यदि इसे संतुलित और दूरदर्शी तरीके से लागू किया गया, तो यह न केवल दोनों पक्षों के लिए लाभकारी होगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी एक सकारात्मक मॉडल प्रस्तुत करेगा। शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और सांस्कृतिक आदान–प्रदान के क्षेत्र में भी इसके सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकते हैं।

# वैश्विक चुनौतियों से निपटने की कवायद

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मंगलवार को एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता हुआ है, जिसे दोनों पक्षों ने 'मदर ऑफ ऑल डील्स' (सबसे बड़ी डील) के रूप में वर्णित किया है। यह समझौता लगभग 18 वर्षों से चली आ रही बातचीत का परिणाम है और इसे दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार, निवेश, रणनीतिक सहयोग और वैश्विक अर्थव्यवस्था में गहरे बदलाव लाने वाला एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच यह समझौता केवल एक व्यापारिक करार नहीं है, बल्कि वैश्विक आर्थिक और कूटनीतिक क्षेत्र में एक मील का पत्थर है, जिसे कई बार रोक-टोक और बहस के बाद आज निर्णायक रूप से अंतिम रूप दिया गया है। इसे वैश्विक चुनौतियों से निपटने की कवायद कहना अधिक तर्कसंगत होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे भारत के इतिहास का सबसे बड़ा फ्री ट्रेड एग्रीमेंट बताया है, जो आर्थिक समृद्धि, निवेश और साझेदारी की नई दिशा देगा। इस समझौते के तहत दोनों पक्षों ने ज्यादातर वस्तुओं पर शुल्कों को कम या समाप्त करने का निर्णय लिया है, लगभग 96.6% उत्पादों पर शुल्क समाप्त या कम किया जाएगा। भारतीय बाजार में यूरोपीय कारों पर शुल्क 110% से घटाकर 10% तक लाया जाएगा।

शराब पर शुल्क में भारी कटौती होगी, जिससे ये वस्तुएं भारत में सस्ती होंगी। भारत को अपनी टेक्सटाइल, चमड़ा, रत्न एवं आभूषण, रसायन और इंजीनियरिंग सामान को यूरोपीय बाजार में अधिक आसानी से निर्यात करने का मौका मिलेगा। इस समझौते में केवल व्यापारिक पहलू ही नहीं, बल्कि रणनीतिक और सुरक्षा साझेदारी को भी स्थान दिया गया है, जिसमें समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और रक्षा तकनीक सहयोग शामिल हैं। इससे यूरोपीय कंपनियों को भारत जैसे बड़े और तेजी से बढ़ते हुए बाजार में प्रत्यक्ष और आसान पहुंच। वाहन, मशीनरी, वाइन और मोटर गाड़ियों जैसे उत्पादों को भारतीय बाजार में विस्तृत अवसर मिलेगा। यूरोप को वैश्विक व्यापार में भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी का लाभ। यह समझौता वैश्विक आर्थिक क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव लाएगा, खासकर तब, जब अमेरिका और चीन जैसे बड़े आर्थिक संरचनाएं भी वैश्विक व्यापार नियमों और साझेदारियों में बदलाव ला रहे हैं। विशेष रूप से, अमेरिका द्वारा टैरिफ में वृद्धि और व्यापारिक दबाव के बीच, यह भारत और यूरोप के लिए एक विकल्प और समाधान के रूप में उभर रहा है। इससे विश्वव्यापी व्यापारिक जोखिमों से निपटने में मदद मिलेगी। यद्यपि समझौता आज घोषित हुआ है, इसे लागू होने के लिए अभी कुछ क़ानूनी प्रक्रियाएं और संसद/सम्मेलन की मंजूरी लेनी होगी। कुछ संवेदनशील क्षेत्रों, जैसे कृषि, पर अभी भी बहस जारी रहने की संभावनाएं हैं। विभिन्न उद्योगों को अनुकूल बनाने के लिए समय और नीतिगत समर्थन की आवश्यकता होगी। यह समझौता केवल व्यापार समझौता नहीं, बल्कि भारत और यूरोपीय देशों के बीच गहरे, रणनीतिक, आर्थिक और साझेदारी के नए अध्याय का उद्घाटन है। यह न केवल दोनों अर्थव्यवस्थाओं के लिए, बल्कि वैश्विक आर्थिक स्थिरता, निवेश, तकनीकी सहयोग और बहुपक्षीय व्यापार ढांचे को भी मजबूती देगा। भविष्य में, इसके लाभ भारतीय उद्योगों, उपभोक्ताओं और निवेशकों को मिलने की उम्मीद है, जिससे भारत को वैश्विक व्यापार का एक मजबूत



नेतृत्वकर्ता देश बनने का अवसर मिलेगा। यह समझौता केवल व्यापारिक सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि आर्थिक, रणनीतिक, तकनीकी और वैश्विक साझेदारी के नए आयामों को भी परिभाषित करता है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में, जब विश्व अर्थव्यवस्था अनेक चुनौतियों से गुजर रही है, भारत-यूरोप समझौता स्थिरता, विकास और सहयोग का एक सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है। भारत और यूरोपीय देशों के बीच सहयोग का इतिहास कई दशकों पुराना है। यूरोपीय संघ भारत का एक प्रमुख व्यापारिक और निवेश साझेदार रहा है। हालांकि, व्यापक स्तर पर एक औपचारिक और संतुलित समझौते को अंतिम रूप देने में काफी समय लगा। इसके पीछे दोनों पक्षों के अपने-अपने आर्थिक हित, नीतिगत प्राथमिकताएं और संवेदनशील क्षेत्र रहे हैं। यह समझौता लंबी बातचीत, आपसी विश्वास और बदलती वैश्विक परिस्थितियों के अनुरूप सोच का परिणाम है। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य भारत और यूरोपीय देशों के बीच व्यापार को सरल, पारदर्शी और अधिक लाभकारी बनाना है। इसके अंतर्गत वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार को बढ़ावा देना, निवेश को प्रोत्साहित करना, तकनीकी सहयोग को सशक्त बनाना और रोजगार के नए अवसर सृजित करना शामिल है। साथ ही, यह समझौता दोनों क्षेत्रों को वैश्विक आपूर्ति शृंखला में एक-दूसरे का भरोसेमंद भागीदार बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। समझौते के अंतर्गत दोनों पक्षों ने कई उत्पादों पर आयात-निर्यात शुल्क कम करने या समाप्त करने पर सहमति व्यक्त की है। इससे भारतीय उत्पादों को यूरोपीय बाजारों में अधिक प्रतिस्पर्धी मूल्य पर पहुंचने का अवसर मिलेगा। विशेष रूप से वस्त्र, परिधान, चमड़ा, रत्न एवं आभूषण, कृषि-आधारित उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स और इंजीनियरिंग सामान को इसका लाभ मिलने की संभावना है। दूसरी ओर, यूरोपीय देशों के उच्च गुणवत्ता वाले औद्योगिक उत्पाद, मशीनरी, ऑटोमोबाइल, तकनीकी उपकरण और पर्यावरण अनुकूल वस्तुएं भारतीय बाजार में अधिक सहजता से उपलब्ध होंगी। यह समझौता केवल वस्तुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि सेवाक्षेत्र को भी समान महत्व देता है। सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाएं, अनुसंधान, शिक्षा, स्वास्थ्य और पेशेवर सेवाओं में सहयोग को प्रोत्साहन मिलेगा। भारतीय आईटी और सेवा कंपनियों को यूरोप में नए अवसर प्राप्त होंगे, जबकि यूरोपीय निवेशकों को भारत के तेजी से बढ़ते सेवा क्षेत्र में निवेश का आकर्षक वातावरण मिलेगा। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए नियमों को सरल और स्पष्ट बनाने पर भी बल दिया गया है। इस समझौते से भारतीय अर्थव्यवस्था को कई स्तरों पर लाभ होने की उम्मीद है। सबसे पहले, निर्यात में वृद्धि से विदेशी मुद्रा आय बढ़ेगी। दूसरा, घरेलू उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय बाजार से जुड़ने का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में सुधार होगा। तीसरा, नए निवेश और परियोजनाओं के माध्यम से रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा, जो भारत जैसे युवा आबादी वाले देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालांकि यह समझौता अनेक अवसर लेकर आया है, लेकिन इसके साथ कुछ चुनौतियां भी जुड़ी हैं। घरेलू उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना एक बड़ी चुनौती होगी। कुछ क्षेत्रों में छोटे और मध्यम उद्यमों को प्रारंभिक दबाव का सामना करना पड़ सकता है। आने वाले वर्षों में यह समझौता भारत और यूरोपीय देशों के संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। यदि इसे संतुलित और दूरदर्शी तरीके से लागू किया गया, तो यह न केवल दोनों पक्षों के लिए लाभकारी होगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी एक सकारात्मक मॉडल प्रस्तुत करेगा। शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और सांस्कृतिक आदान–प्रदान के क्षेत्र में भी इसके सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकते हैं।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## यूजीसी बिल
डॉ. घनश्याम बादल



# सामाजिक न्याय या संवैधानिक असंतुलन

हाल में लागू किए गए यूजीसी के नए इक्विटी और शिकायत निवारण संबंधी प्रावधानों ने विश्वविद्यालय परिसरों से निकलकर सड़कों, दफ्तरों और सामाजिक चेतना तक को झकझोर दिया है। एक ओर दलित और पिछड़े वर्ग इन नियमों को लंबे समय से चली आ रही संस्थागत उपेक्षा के विरुद्ध सुरक्षा-कवच मान रहे हैं, तो दूसरी ओर सवर्ण समाज का एक बड़ा हिस्सा इन्हें समानता के सिद्धांत के विरुद्ध और "उल्टे भेदभाव" की ओर ले जाने वाला मान रहा है। इस टकराव ने तब और तीखा रूप ले लिया, जब वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री द्वारा सार्वजनिक असहमति और इस्तीफे और बाद में शासन द्वारा उन्हें निलंबित करके उनकी आवाज को दबाने के प्रयास ने इसे राष्ट्रीय बहस का रूप दे दिया। हालांकि, यहां यह भी उल्लेखनीय है कि क्या एक सरकार के अधीन कार्य कर रहे उच्च अधिकारी को सरकार की नीतियों के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बयान देना चाहिए? नियम अनुसार तो यह सरकारी कर्मचारियों के कोड ऑफ कंडक्ट के विरुद्ध ही जाता है और उन्हें निलंबित करने के पीछे सरकार की मंशा भी साफ है कि वह ऐसी हर आवाज को दबा देना चाहती है जो उसके अपने ही अधिकारी द्वारा उठाई जाए। यह विवाद केवल यूजीसी के किसी एक नियम का नहीं है, बल्कि उस संवैधानिक संतुलन का है, जिस पर भारत की सामाजिक संरचना टिकी हुई है। आंकड़े बताते हैं कि उच्च शिक्षा संस्थानों में भेदभाव, बहिष्कार, सूक्ष्म अपमान और अवसरों की असमानता आज भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। छात्रावास, शोध निर्देशन, मूल्यांकन और यहां तक कि अनौपचारिक अकादमिक नेटवर्क हर जगह असमान शक्ति-संतुलन मौजूद है।

इस पृष्ठभूमि में इक्विटी सेल, विशेष शिकायत समितियां और संरक्षित प्रक्रिया दलित-पिछड़े वर्गों को राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी का निर्वहन प्रतीत होती हैं। संविधान का अनुच्छेद 15(4) और 15(5) राज्य को यह अधिकार देता है कि वह ऐतिहासिक रूप से वंचित समुदायों के लिए विशेष प्रावधान करे। इस वर्ग का तर्क है कि समानता तब तक खोखली है, जब तक असमान सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियों को बराबर करने के लिए अतिरिक्त सहारा न दिया जाए। उनके लिए यह बहस "समान अवसर" बनाम "विशेष अवसर" की नहीं, बल्कि सम्मान और सुरक्षा की है। वहीं इस संदर्भ में सवर्ण समाज की चिंता को भी दरकिनार नहीं किया जा सकता है। इस यूजीसी बिल के आने से उसके मन में आशंका और असुरक्षा की भावना घर कर रही लगती है, लेकिन इस बहस का दूसरा पक्ष भी उतना ही वास्तविक है। सवर्ण समाज का एक बड़ा तबका मानता है कि नए यूजीसी नियमों में शिकायत तंत्र की संरचना ऐसी है, जिसमें पूर्वाग्रह की आशंका निहित है। अस्पष्ट परिभाषाएं, एकतरफा प्रतिनिधित्व और प्रारंभिक जांच के बिना कार्रवाई की संभावना, ये सभी घटक भय का वातावरण पैदा करते हैं। अब यहां जानना होगा कि आखिर इस प्रतिवाद के पीछे असली प्रश्न क्या है? न्याय या असंतुलन? इस पूरे विवाद का प्रश्न यह नहीं है कि सामाजिक न्याय चाहिए या नहीं, इस पर लगभग सर्वसम्मति है। असली प्रश्न यह है कि सामाजिक न्याय को लागू करते समय संवैधानिक संतुलन कैसे बनाए रखा जाए। यह बात हम सबको ध्यान में रखनी होगी कि संविधान न तो प्रतिशोध का दस्तावेज़ है और न ही किसी वर्ग विशेष की स्थायी ढाल। वह सुधारात्मक न्याय की अनुमति तो देता है, लेकिन बदले में नैसर्गिक न्याय, निष्पक्ष प्रक्रिया और समान गरिमा की भी मांग करता है। यह भी जानना श्रेयस्कर होगा कि इस संघर्ष और ऊहापोह के बीच आगे का रास्ता क्या हो। यूजीसी और सरकार के लिए यह समय आत्ममंथन का है, इसलिए आवश्यक है कि शिकायत तंत्र सभी वर्गों के लिए समान रूप से सुलभ और संतुलित हो।

प्रारंभिक जांच, समयबद्ध प्रक्रिया और अपील की स्पष्ट व्यवस्था हो, अकादमिक स्वतंत्रता और वैचारिक बहस को संरक्षित किया जाए, तथा राज्यों, शिक्षकों और छात्रों से व्यापक परामर्श हो। दूसरी कड़वी सच्चाई यह भी है कि राजनीति लगभग हर क्षेत्र में अपना हित ढूंढने लगती हैं। यूजीसी के नए नियमों पर छिड़ी बहस रेखांकित करती है कि संविधान एक जीवंत दस्तावेज़ है, जो संतुलन, विवेक और संवाद से चलता है। सवर्ण, दलित और पिछड़े तीनों की चिंताएं वास्तविक हैं और तीनों की उपेक्षा लोकतंत्र को कमजोर करेगी। आवश्यकता है कि नीति भावना नहीं, बल्कि संवैधानिक विवेक से चलें, क्योंकि अंततः विश्वविद्यालय किसी एक वर्ग के नहीं, बल्कि पूरे समाज के भविष्य का निर्माण करते हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## शांति से खत्म किए जा सकते हैं सभी दुःख



संकलित
**दर्शन**

हम स्वयं शांति के सर्वश्रेष्ठ प्रहरी हैं। हमें कोई दूसरा व्यक्ति या वस्तु या स्थान शांति दे सकता है, यह एक काल्पनिक विचार है। हम स्वयं शांति से रह सकते हैं और दूसरों को भी शांतिपूर्वक रख सकते हैं। शांति एक मानवीय गुण तो है ही, लेकिन यह आत्मिक शक्ति है। शांति सभी सुखों की मूल है। इससे सभी वैभव एवं ऐश्वर्य की पूर्ति संभव है। शांति द्वारा सभी दुखों का शमन किया जा सकता है। इससे हर रोग का निदान होता है। शांति का माध्यम सभी समस्याओं का समाधान तैयार करता है। शांति ही देश का निर्माण करती है, वहीं अशांति से देश का पतन आरंभ होता है। शांति और अशांति के बीच समाज, समुदाय, वर्ग, कौम, जाति और संस्थाएं गतिहीन हो जाती हैं। देश की उन्नति, विकास और पुनर्निर्माण के लिए शांति का वातावरण अनिवार्य है। शांति एक शब्द मात्र नहीं है। शांति को मन मंदिर में बसाने वाले लोग देव तुल्य होते हैं। इसलिए स्वयं भी शांति के प्रहरी बनिए और दूसरों को भी शांति दूत बनाइए। यही संसार के मंगल का भेद है। शांति से बड़ी कोई दौलत नहीं है। परिवार में शांति एक वट वृक्ष की तरह है, जिसकी छाया में आनंद की अनुभूति पाई जा सकती है। अशांति कालांतर में अग्नि के समान जीवन के हर अंग को भस्म कर देती है। मानवता का मूल इसी शांति के गर्भ में स्थिर है। यदि जीवन को सुख और वैभव से संपन्न करना हो तो निश्चित ही शांति की पूजा करनी होगी। देश में जन सामान्य को शांति के सूत्र अपनाने चाहिए।

## ब्रह्मा को दंड देने के लिए प्रकट हुए थे कालभैरव



संकलित
**प्रेरणा**

शिवजी के 19 अवतारों में से एक है कालभैरव। भैरव अवतार से जुड़ी कई अलग-अलग मान्यताएं हैं। कुछ मान्यताओं में ब्रह्माजी को दंड देने के लिए शिवजी के क्रोध से कालभैरव प्रकट हुए थे। कालभैरव की उत्पत्ति से जुड़ी सृष्टि की शुरुआत के समय की बहुत प्रचलित कथा है। एक दिन ब्रह्मा जी और विष्णु जी खुद को श्रेष्ठ बताने के चक्कर में विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि युद्ध की स्थिति बन गई। उस समय शिवलिंग प्रकट हुआ और शिव जी ने इन दोनों का विवाद शांत किया। उसी समय वहां एक विशाल पुरुष की आकृति प्रकट हुई। ये आकृति शिवजी का ही एक रूप थी। शिव जी ने उससे कहा कि तुम काल के समान हो और भीषण हो। इसी वजह से तुम्हारा नाम कालभैरव होगा। पंचमुखी ब्रह्मा जी बार-बार खुद को श्रेष्ठ बताने की कोशिश कर रहे थे। उस समय ब्रह्मा जी को दंड देने के लिए कालभैरव ने ब्रह्माजी का एक सिर काट दिया था। इस घटना के बाद से ब्रह्मा जी चतुर्मुखी हो गए। शिव जी ने कालभैरव को काशी का नगरपाल बना दिया। कालभैरव की पत्नी भैरवी देवी पार्वती की अवतार हैं। कालभैरव की पूजा में शराब (मदिरा), तामसिक खाना खासतौर पर चढ़ाया जाता है। दरअसल, कालभैरव हमारी बुराइयों को खत्म करने वाले देवता हैं। इनकी पूजा करते समय भक्त नशे की चीजें चढ़ाकर अपनी बुराइयां छोड़ने का संकल्प लेता है। जो लोग इस संकल्प को निभाते हैं, उन्हें भैरव की विशेष कृपा मिलती है।

## सटाका




## आज की पाती

### गणतंत्र के 77 वर्ष

भारत का गणतंत्र 77 वर्ष का हो चुका है। 26 जनवरी 1950 को लागू हुए संविधान ने एक नए भारत की नींव रखी, जो स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानों से प्रेरित थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से हमने अनेक क्षेत्रों में प्रगति की– साहित्य, खेल, कृषि, विज्ञान–प्रौद्योगिकी से लेकर आर्थिक–सैन्य क्षमता तक। विविध संस्कृति को मजबूत करते हुए राष्ट्र ने वैश्विक पटल पर अपनी पहचान बनाई। चंद्रयान मिशनों से अंतरिक्ष विज्ञान में अग्रणी बने, यूपीआई जैसी डिजिटल क्रांति ने भुगतान व्यवस्था बदल दी, जबकि ओलंपिक–एशियाड में पदकों की बौछार ने खेलक्षेत्र में नई ऊंचाइयां छुईं। आज विश्व भारत को चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देखता है, जहां विकास दर ने गरीबी उन्मूलन में योगदान दिया।

*– दीपक वर्मा, सरायपाली*

## ट्रेंड

### सीखने के अवसर



किसी भी शोध संगठन की सबसे बड़ी पूंजी उसके लोग होते हैं। आपके वैज्ञानिक, इंजीनियर और तकनीशियन ही आपकी वास्तविक शक्ति हैं। उन्हें सीखने के अवसर देने होंगे, नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपनी होगी और उन्हें यह विश्वास दिलाना होगा कि उनके विचारों को सुना जाएगा।

**- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### मुक्त व्यापार समझौता



आज भारत ने अपने इतिहास में अब तक के सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौते को संपन्न किया है। आज 27 तारीख है और ये सुखद संयोग है कि आज ही के दिन, यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ भारत ये एफटीए कर रहा है।

**- पीयूष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री**

### पूर्वोत्तर भारत की संस्कृति



सिर्फ़ राष्ट्रपति भवन में ही नहीं, जब राहुल गांधी असम आए, तब भी उन्होंने गमोछा पहनने से इनकार किया। गांधी परिवार के लिए असम और पूर्वी उत्तर भारत की संस्कृति कोई मायने नहीं रखती।

**-हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### स्वास्थ्य सर्वोपरि




प्रतिस्पर्धा के इस दौर में बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक सुरक्षा सर्वोपरि है। अक्सर बच्चे तनाव और अवसाद के साथ-साथ ऑटिज़्म जैसी स्थितियों से भी जूझ रहे होते हैं, जिसे सामान्यतः माता-पिता और शिक्षक भी समय पर पहचान नहीं पाते।

**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर

### सिंगापुर में भारत सहित 8 विदेशी मेडिकल डिग्रियों को मान्यता

सिंगापुर में डॉक्टर बनने के इच्छुक छात्र अब भारत के 'मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन' सहित आठ और विदेशी संस्थानों में मेडिकल की पढ़ाई कर सकेंगे। सिंगापुर ने उम्रदराज होती आबादी के कारण डॉक्टरों की बढ़ती मांग को पूरा करने के उद्देश्य से इन विश्वविद्यालयों की डिग्रियों को मान्यता देने का फैसला किया है। स्वास्थ्य मंत्रालय और सिंगापुर चिकित्सा परिषद ने संयुक्त बयान में कहा कि नयी मंजूरी प्राप्त ये संस्थान सिंगापुर को उम्रदराज़ होती जनसंख्या के बीच डॉक्टरों की बढ़ती जरूरत को बेहतर ढंग से पूरा करने में मदद करेंगे। इन आठ विश्वविद्यालयों को शामिल किए जाने के साथ ही एक फरवरी 2026 तक सिंगापुर में मान्यता प्राप्त विदेशी मेडिकल स्कूलों की संख्या 112 से बढ़कर 120 हो गई है। मंत्रालय ने बताया कि उसने चिकित्सा पंजीकरण अधिनियम, 1997 की दूसरी अनुसूची में आठ मेडिकल स्कूलों को जोड़ने संबंधी एसएमसी की सिफारिश को स्वीकार कर लिया है। मणिपाल के अलावा जिन विश्वविद्यालयों को सूची में शामिल किया गया है, उनमें ऑस्ट्रेलिया का एडिलेड विश्वविद्यालय, आयरलैंड का यूनिवर्सिटी ऑफ गॉलवे, मलेशिया का यूनिवर्सिटी सैन्स मलेशिया, पाकिस्तान का आगा खान यूनिवर्सिटी मेडिकल कॉलेज, चीन का त्सिंगहुआ विश्वविद्यालय, ब्रिटेन का यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर और ब्रिटेन का ही सिटी सेंट जॉर्ज़, यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन शामिल हैं।



## ऑफ बीट

### समुद्र में कहां से आते हैं सीप कई जीव भी बनाते हैं कंकाल

सीप बस जीवों के कंकाल ही हैं। लेकिन इंसानों और अधिकतर दूसरे पशुओं से अलग, इन घोंघों, क्लैम, ऑयस्टर और मसेल्स में एक एक्सोस्केलेटन होता है, जिसका मतलब है कि यह उनके शरीर के बाहर होता है। जब सीपियों की बात होती है, तो उनका मतलब आमतौर पर घोंघों जैसे जीवों के बाहरी खोल यानी शेल से होता है। कई दूसरे समुद्री जीव भी कंकाल बनाते हैं, जिनमें सैंड डॉलर जैसे इकाइनोइड्स शामिल हैं जो अंदरूनी कंकाल बनाते हैं। ये समुद्री जीव अपने नरम शरीर को बाहरी खतरों, जैसे शिकारियों या उनके रहने की जगह में होने वाले बदलावों से बचाने के लिए अपने शेल खुद बनाते हैं। शेल इन समुद्री जीवों को समुद्र तल पर स्थिर रहने, बड़ा होने या ज़्यादा अच्छे से घूमने में भी मदद कर सकते हैं। इस बाहरी आवरण या शेल बनाने की प्रक्रिया को 'बायोमिनरलाइजेशन' कहते हैं। समुद्री जानवर शेल कैसे बनाते हैं, यह अलग–अलग प्रजातियों के हिसाब से अलग हो सकता है, लेकिन इन सभी जानवरों के शेल बनाने के लिए खास ऊतक होते हैं। अधिकतर समुद्री जीव अपने शेल कैल्शियम कार्बोनेट से बनाते हैं, जो एक मजबूत मिनरल है और लाइमस्टोन में भी पाया जाता है। कुछ स्पंज और सूक्ष्मजीव एक और पदार्थ सिलिका का इस्तेमाल करते हैं।



**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।



# गांधी टॉक्स का ट्रेलर रिलीज, बिना बोले दमदार कहानी दिखाती है फिल्म

**मुंबई।** विजय सेतुपति की आगामी साइलेंट फिल्म 'गांधी टॉक्स'का ट्रेलर रिलीज हो गया है। साइलेंट फिल्म होने के नाते ट्रेलर में एक भी डायलॉग नहीं है। लेकिन हां, एआर रहमान का संगीत ट्रेलर को रोमांचक बनाता है। । 'गांधी टॉक्स' 30 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर आपको चार्ली चैपलिन की फिल्मों के दौर की भी याद दिलाएगा। ट्रेलर से पता चलता है कि कहानी के केंद्र में विजय सेतुपति हैं। ट्रेलर फिल्म को लेकर लोगों का उत्साह बढ़ाता है। यह फिल्म बेरोजगार विजय सेतुपति की कहानी है, जिसे अपने घर के सामने रहने वाली पड़ोसी अदिति राव से प्यार हो जाता है। दूसरी कहानी करोड़पति अरविंद स्वामी की है, जो अपनी सारी दौलत खो देता है।

लाइफ Style



# मिमी
## स्टेज परफॉर्मेंस के दौरान उत्पीड़न का लगाया आरोप

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मिमी चक्रवर्ती ने एक लाइव स्टेज शो के दौरान उत्पीड़न और अपमान का आरोप लगाया है। यह घटना रविवार को बनगांव शहर के नयाग्राम इलाके में हुए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में हुई। मिमी की शिकायत के अनुसार, आयोजकों में से एक व्यक्ति तन्मय शास्त्री स्टेज पर चढ़ गया। उसने मिमी की परफॉर्मेंस को बीच में रोक दिया।

मिमी ने कहा कि इस घटना से उन्हें बहुत अपमान और बुरा लगा। उन्होंने ईमेल के जरिए बनगांव पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दी। दूसरी तरफ, आयोजक युवक संघ क्लब ने इन आरोपों से इनकार किया है। उनका कहना है कि मिमी तय समय से करीब एक घंटा लेट आईं। तन्मय शास्त्री ने कहा, 'कार्यक्रम की इजाजत सिर्फ आधी रात तक की थी। इलाके में छात्रों की बोर्ड परीक्षाएं होने वाली हैं, इसलिए कार्यक्रम को समय पर रोकना पड़ा। हमने मिमी का अपमान नहीं किया और न ही उन्हें परेशान किया। उनके आरोप बिल्कुल गलत हैं।' उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मिमी के बॉडीगाड्र्स ने क्लब की महिला सदस्यों के साथ बदतमीजी की, जो रात 11:45 बजे उन्हें सम्मान देने स्टेज पर आई थीं। तन्मय शास्त्री ने आगे कहा, 'हमें पता है कि मिमी एक बड़ी स्टार हैं, लेकिन अगर हम रात 12 बजे के बाद कार्यक्रम चलाते तो पुलिस खुद आकर बंद करवा देती और हम पर केस करती। अगर मिमी को कोई गलतफहमी हुई है या उन्हें बुरा लगा है, तो हम इसके लिए माफी मांगते हैं।' पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। मिमी चक्रवर्ती एक भारतीय बंगाली अभिनेत्री, गायिका और पूर्व राजनीतिज्ञ हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# अभिनेत्रियों को समझा जाता है कठपुतली

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड में अक्सर ही अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बहस होती है। इसको लेकर कई अभिनेत्रियों ने सवाल भी उठाए हैं। लेकिन, अब 'ट्विलाइट' फेम अभिनेत्री क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों के साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है। क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि इंडस्ट्री में एक्ट्रेस के साथ बहुत बुरा बर्ताव किया जाता है। मुझे आपको बताना ही होगा।



# लोलापलूजा इंडिया में मिले प्यार पर जताया आभार...

**मुंबई।** लोलापलूजा इंडिया 2026 की परफॉर्मेंस के दौरान भारत के लोगों ने ब्रिटिश कलाकार यंगब्लड को काफी प्यार दिया है। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर भारत के लोगों का आभार जताया है। मुंबई में लोलापलूजा इंडिया 2026 की शानदार परफॉर्मेंस के बाद यंगब्लड ने अपने सभी भारतीय फैंस को धन्यवाद दिया है। ब्रिटिश कलाकार ने लोलापलूजा इंडिया के पहले दिन अपने परफॉर्मेंस से मुंबई की भीड़ को मंत्रमुग्ध कर दिया। परफॉर्मेंस के कुछ घंटों बाद, यंगब्लड ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने मुंबई शो की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए। इसके साथ उन्होंने एक पोस्ट लिखी। इंस्टाग्राम पर यंगब्लड ने भारत के लोगों का आभार जताते हुए एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि वह अपने फैंस से मिल रहे हैं। फैंस उन्हें गले लगा रहे हैं।



# संजय-नीना फिर बने मिस्ट्री थ्रिलर का हिस्सा

**मुंबई।** नीना गुप्ता और संजय मिश्रा की फिल्म 'वध 2' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस बार फिल्म में थ्रिल डबल होने वाला है। एक बार फिर से नीना और संजय मिश्रा एक हत्या को लेकर जांच के दायरे में है। साल 2022 में फिल्म वध रिलीज हुई। छोटे बजट की इस फिल्म ने दर्शकों को चौंकाया, क्रिटिक्स ने भी फिल्म को सराहा है। फिल्म 'वध 2' के ट्रेलर में एक जेल गार्ड शंभूनाथ के रोल में संजय मिश्रा नजर आते हैं। वह जेल की एक कैदी मंजू सिंह (नीना गुप्ता) के करीब आते हैं। दोनों के बीच एक अलग तरह का रिश्ता बनता है। लेकिन इसी बीच जेल में कैदी गायब हो जाता है। वह कैदी कहां गया? उसके गायब होने से संजय मिश्रा और नीना गुप्ता के किरदारों का क्या कनेक्शन है, यही पूरी फिल्म की कहानी है। फिल्म 'वध 2' 6 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




# वेलकम टू... की रिलीज डेट का ऐलान...

**मुंबई।** बस पांच महीने का इंतजार और फिर सिनेमाघरों में होगा धमाल! जी हां, क्योंकि 'वेलकम टू द जंगल' की रिलीज डेट सामने आ गई है। कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' जून में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह मल्टीस्टारर फिल्म 26 जून को रिलीज होगी। 'वेलकम' फ्रेंचाईजी की यह तीसरी किस्त है और काफी मजेदार होने वाली है। इसमें अक्षय कुमार के अलावा कई और शानदार सितारे नजर आएंगे। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' के निर्देशन की कमान अहमद खान ने संभाली है। इसमें अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ सहित करीब 30 सितारे नजर आएंगे। रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, परेश रावल, राजपाल यादव, जॉनी लीवर, आफताब शिवदासानी, लारा दत्ता, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, और दलेर मेहंदी भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## टीवी मसाला



# लाफ्टर शेफ 3 की विनर बनी कृष्णा और अली की टीम

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ 3' की विनिंग टीम सामने आ चुकी है। अली गोनी, कृष्णा अभिषेक, कश्मीरा शाह, समर्थ जुरेल, जन्नत जुबैर और अभिषेक कुमार की टीम 'कांटा' ने इस शो की ट्रॉफी अपने नाम की है। कलर्स चैनल के इंस्टाग्राम पेज पर विनर्स की घोषणा की गई है। कृष्णा अभिषेक की टीम 'कांटा' की टक्कर एल्विश यादव की टीम 'छोरी' से हुई। दोनों टीमों ने अच्छा परफॉर्म किया, बढ़िया खाना बनाया। लेकिन आखिर में विजेता कृष्णा अभिषेक की टीम बनी। इस शो में कॉमेडियन भारती सिंह बतौर होस्ट नजर आती हैं। 'लाफ्टर शेफ' के पहले के दो सीजन भी काफी पॉपुलर रहे हैं। इस शो की थीम दर्शकों को पसंद आती है। प्रतियोगी या कुछ टीम बनाकर टीवी सेलेब्स कुकिंग करते हैं। इस दौरान हंसी-मजाक का खूब तड़का लगता है। इस तरह यह शो काफी मनोरंजन से भरपूर होता है। यह शो इसी वजह से टीआरपी लिस्ट में भी जगह बनाने में कई बार कामयाब हुआ है।

## 'द 50' में मनीषा और रजत की हुई एंट्री

**नई दिल्ली।** जल्द ही टीवी पर एक नया रियलिटी शो 'द 50' आने वाला है। इस शो का हिस्सा सेलिब्रिटी कपल युविका चौधरी और प्रिंस नरुला बन रहे हैं। हाल ही में इंफ्लुएंसर मनीषा रानी और रजत दलाल की एंट्री भी इस शो में हुई है। दोनों ने अपना गेम प्लान बताया है। धीरे-धीरे 'द 50' रियलिटी शो के प्रतियोगियों के नाम



सामने आ रहे हैं। हाल ही में एक प्रेस मीट के दौरान रजत दलाल और मनीषा रानी से शो के बारे में बात की। मनीषा रानी ने कहा, 'हम जहां खड़े हो जाते हैं, लाइन वहीं से शुरू होती है।'वह इस रियलिटी शो को लेकर काफी एक्साइटेड दिख रही हैं। वहीं रजत दलाल ने भी कहा कि वह शो में फरमाइश नहीं करने जा रहे हैं, वह गेम खेलने जा रहे हैं। इस तरह यह दोनों ही प्रतियोगी 'द 50' रियलिटी शो को खेलने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। रजत दलाल और मनीषा रानी के अलावा फिल्म एक्ट्रेस युविका चौधरी भी 'द 50' की प्रेस मीट में नजर आईं। वह कई साल बाद किसी रियलिटी शो का हिस्सा बन रही हैं।

# 'आशिकों की कॉलोनी' में थिरकते नजर आए शाहिद, दिशा ने लगाई आग

**मुंबई।** शाहिद कपूर की अपकमिंग फिल्म ओ रोमियो इन दिनों चर्चा में है। मंगलवार को इस फिल्म का नया गाना 'आशिकों की कॉलोनी' रिलीज हुआ। इस गाने में शाहिद कपूर और दिशा पाटनी का अंदाज पर फैंस फिदा हो गए। विशाल भारद्वाज की अपकमिंग फिल्म 'ओ रोमियो' 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। इस फिल्म का ट्रेलर जब से रिलीज हुआ है, तब से सोशल मीडिया पर 'ओ रोमियो' चर्चा का विषय है। अब इस फिल्म का नया गाना भी ट्रेंड कर रहा है। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने में दिशा पाटनी ने आइटम डांस किया है। साथ ही शाहिद कपूर भी अपनी डांसिंग स्किल दिखाते नजर आ रहे हैं। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने में दिशा पाटनी के साथ शाहिद कपूर गजब का डांस कर रहे हैं। गाने में एक जगह वह माइकल जैक्सन की पॉपुलर डांस स्टेप 'मून वॉक' को करते नजर आए। डांस करते हुए शाहिद कपूर की एनर्जी देखने लायक है। इस गाने के संगीतकार



विशाल भारद्वाज हैं। गीतकार गुलजार ने इस गाने को लिखा है। गाने में मधुबंती बागची और जावेद अली की आवाज है। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने के म्यूजिक अरेंजर और प्रोड्यूसर मेघदीप बोस हैं। 'ओ रोमियो'का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है। फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के अलावा नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, तमन्ना भाटिया, दिशा पाटनी, अविनाश तिवारी और फरीदा जलाल जैसे एक्टर्स अहम किरदारों में नजर आएंगे।

# बैटल ऑफ गलवान के सेट पर लौटे सलमान

*सलमान खान की अपकमिंग वॉर फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का टीजर पिछले साल उनके जन्मदिन, 27 दिसंबर को जारी किया गया था। इसी के साथ फिल्म की रिलीज डेट को लेकर भी अनाउंसमेंट किया गया। दिसंबर में फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई थी। खबरों के मुताबिक सलमान अब एक एक्स्ट्रा शूटिंग के लिए सेट पर लौट आए हैं।*

**मुंबई।** सलमान खान, निर्देशक अपूर्व लखिया और पूरी टीम फिल्म के लिए अब पैचवर्क के काम में जुट रहे हैं। इसके अलावा वे कुछ नए सीन भी जोड़ रहे हैं, जिनमें से कुछ में एक्शन सीन भी शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक, ये 15 दिनों का शेड्यूल है और पैचवर्क पहले से ही तय था। खबर है कि एडिशनल शूटिंग इसलिए हुई, क्योंकि फिल्म के मेकर्स और सलमान को लगा कि ये सीन कहानी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और इनसे फिल्म का प्रभाव बढ़ेगा। सलमान कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते और यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि 'बैटल ऑफ गलवान' दर्शकों के लिए एक शानदार अनुभव साबित हो। इसी के चलते उन्होंने एडिशनल शूटिंग के लिए सहमति दी।

फिल्ममेकर्स को पूरा भरोसा है कि फिल्म 17 अप्रैल को तय रिलीज डेट से काफी पहले तैयार हो जाएगी। वहीं, फिल्म का पहला गाना 'मातृभूमि' हाल ही में 24 जनवरी को रिलीज हुआ था। इस फिल्म में लीड रोल में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह लीड रोल में हैं। फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' कर्नल बिक्कुमल्ला संतोष बाबू की कहानी है और इस भूमिका को पर्दे पर जीते दिखेंगे सलमान खान। 15 जून, 2020 के तनावपूर्ण बैकग्राउंड पर बेस्ड ये फिल्म 'कोविड-19' महामारी के दौरान गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुए वीर संघर्ष की कहानी बयां करती है।



## आलीशान बंगला, लग्जरी गाड़ियां सब बिक गईं

# भारत भूषण को जुनून ने बनाया राजा से रंक!

*नई दिल्ली। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री चमक-दमक की दुनिया है। इसने किसी को रंक से राजा बनाया तो कभी राजा बनाकर सबकुछ छीन भी लिया। एक ऐसे ही एक्टर थे भारत भूषण। जो अपने पिता की मर्जी के खिलाफ एक्टर बने। 10 साल के संघर्ष के बाद स्टारडम मिला। जब पैसा, शोहरत सब मिल गया तो एक फैसले ने उन्हें वापस फर्श पर लाकर पटक दिया। आप शायद ही जानते होंगे कि 'आशीर्वाद' बंगला इन्हीं का था, जिसे राजेंद्र कुमार और राजेश खन्ना दोनों ने खरीदा था। और ये बंगाल शापित माना जाता है। कहते हैं कि जैसे ही ये तीनों स्टार्स इस घर में आए, इनका बुरा समय शुरू हो गया। भारत भूषणगुप्ता। जिन्हें भारत भूषण के नाम से जाना गया। 14 जून 1920 में मेरठ, उत्तर प्रदेश में उनका जन्म हुआ, लेकिन परवरिश अलीगढ़ में हुई। उनके पिता रायबहादुर मोतीलाल मेरठ के सरकारी वकील और इलाहाबाद में सुप्रीम कोर्ट के जज थे। भारत का एक बड़ा भाई भी था। जब वो दो साल के थे, तब मां का निधन हो गया। इसके बाद वो अपने नाना के पास अलीगढ़ चले गए थे। वहीं पर ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई की।*



### एक्टिंग के खिलाफ थे भारत के पिता

भारत के बड़े भाई फिल्म प्रोड्यूसर और हाई कोर्ट जज रमेश चंद्र गुप्ता थे, जिनका लखनऊ में आइडियल स्टूडियो था। पढ़ाई के बाद उन्होंने पिता की मर्जी के खिलाफ जाकर एक्टिंग शुरू की। सिनेमा में काम करने के लिए पहले वो कोलकाता गए। बाद में मुंबई का रुख किया।

### डेब्यू मूवी

भारत भूषण ने 1941 में सुपरहिट फिल्म 'चित्रलेखा' में छोटा सा किरदार निभाकर अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। पर केदार शर्मा की सुपरहिट फिल्म में काम करने के बावजूद उनका कॅरियर आगे नहीं बढ़ पाया। वो उनकी एक और फिल्म 'सुहाग रात' में भी नजर आए थे। पर उनकी बाकी फिल्में कमर्शियली अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाईं।

### 11 साल बाद मिला स्टारडम

साल 1952। विजय भट्ट की 'बैजू बावरा' में वो लीड रोल में नजर आए। फिल्म ब्लॉकबस्टर रही और भारत भूषण भरोसेमंद स्टार बन गए। इसी साल 'मां' और 'आनंद मठ' जैसी सफल फिल्मों में उनके स्टारडम को मजबूत कर दिया। 1953 में 'लड़की' के साथ एक और ब्लॉकबस्टर दी। ये उस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फइल्म थी, जिसमें वैजयंतीमाला, किशोर कुमार और अंजलि देवी थीं।

### 10 साल में 35 फिल्में

1941 में चित्रलेखा फिल्म से शुरुआत की। 1942 से 1950 तक भक्त कबीर, भाईचारा, सुहाग रात, उधार, भाई बहन जैसी फिल्मों में नजर आए। 1951 से 1960 तक, 10 साल में 35 फिल्में कीं, जिनमें बैजू बावरा, मां, आनंद मठ, लड़की, कवि, मिर्जा गालिब, अमानत, कल हमारा है, घूंघट, बरसात की रात जैसी फिल्में शामिल हैं।

### प्रोड्यूसर भी बने

1961 में कोई फिल्म नहीं रिलीज हुई। 1962 से 1980 तक 19 फिल्मों में नजर आएं। अब तक वो स्क्रिप्ट भी लिखने लगे थे और प्रोड्यूसर भी बन गए थे। 1991 में 'सौ करोड़' में उन्होंने पिता का रोल निभाया था, वो भी कैमियो में। उनकी मौत के बाद 1992 और 1993 में हमशक्ल और आखिरी चेतावनी रिलीज हुई थी।

### बेचना पड़ा आशीर्वाद बंगला

भारत भूषण का बॉम्बे के बांद्रा इलाके में एक बंगला था। इसका नाम 'आशीर्वाद बंगला' था। कहते हैं कि भाई के कहने पर भारत भूषण ने जब प्रोडक्शन की दुनिया में कदम रखा तो उन्हें बहुत नुकसान हुआ। उनकी सिर्फ दो फिल्में सफल रहीं, बाकी फ्लॉप हो गईं। उन्हें अपना बंगला बेचना पड़ा। इसे उन्होंने राजेंद्र कुमार को बेचा। बाद में राजेंद्र कुमार ने राजेश खन्ना को बेचा था। इस तरह से ये बंगला 3 फेमस फिल्म स्टार्स का घर रहा।

### रामायण में बने तुलसीदास

*भारत भूषण को रामानंद सागर की 'रामायण' में भी देखा गया था। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास का किरदार निभाया था।*

### मेरठ में हुई थी शादी

*पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने मेरठ के जाने-माने परिवार और जमींदार की बेटी सरला से शादी की थी। उनकी दो बेटियां थीं- अनुराधा और अपराजिता। अनुराधा को पोलियों से जुड़ी दिक्कतें थीं। भारत की पत्नी सरला की 1960 में दूसरे बच्चे को जन्म देते वक्त लेबर कॉम्प्लिकेशन के कारण मौत हो गई।*

### दूसरी शादी

*इसके बाद 1967 में भारत भूषण ने दूसरी शादी की। उन्होंने एक्ट्रेस रत्ना से ब्याह रचाया, जो 'बरसात' में उनकी को-स्टार थीं। भारत की बेटी अपराजिता ने भी फिल्मों में काम किया। पति की अचानक मौत के बाद उन्होंने एक्टिंग में कदम रखा था। वो रामायण में मंदोदरी बनी थीं।*

## भारत-ईयू के बीच ऐतिहासिक व्यापार समझौता

# पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर होगा असर, भारत से निर्यात होने वाले सभी सामानों पर यूरोप के 27 देशों में शून्य या बहुत कम 'कर' लगेगा

*इस डील से अमेरिका और चीन के आर्थिक समीकरणों को नई चुनौती मिल सकती है क्योंकि अमेरिका ने भारी टैरिफ लगाकर और चीन ने संवेदनशील वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाकर भारत पर जिस तरह दबाव बनाने का काम किया था, इस डील से उनके 'अर्थहीन' रह जाने की संभावना है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने यूरोपीय यूनियन (ईयू) के साथ वह करार कर लिया है जिस पर पूरी दुनिया की आंख लगी हुई थी। 'मदर ऑफ डील्स' कहे जा रहे इस समझौते से भारत को बड़े लाभ होने की संभावना है। भारत की निर्यात श्रेणी की लगभग सभी वस्तुओं को यूरोप के 27 देशों में शून्य या बेहद कम टैक्स दरों पर प्रवेश मिल जाएगा।

इससे देश के कृषि उत्पादकों, सेवा प्रदाता कंपनियों, दवा-कपड़ा निर्माण क्षेत्र में काम कर रही कंपनियों को लाभ होगा। इससे बड़ी संख्या में रोजगार निर्माण होने की भी संभावना है। हालांकि, इस डील से अमेरिका और चीन के आर्थिक समीकरणों को नई चुनौती मिल सकती है क्योंकि अमेरिका ने भारी टैरिफ लगाकर और चीन ने संवेदनशील वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाकर भारत पर जिस तरह दबाव बनाने का काम किया था, इस डील से उनके 'अर्थहीन' रह जाने की संभावना है।

- अमेरिका और चीन के आर्थिक समीकरणों को नई चुनौती मिलेगी
- भारत को अमेरिका के टैरिफ दबाव से मुक्ति मिलने की पूरी



भारत और यूरोपीय संघ की डील के अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ भारत और यूरोपीय संघ के अधिकारी

### भाजपा ने किया स्वागत

*ईयू से हुई इस डील का भाजपा ने स्वागत किया है। पार्टी के कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि ये डील भारत-यूरोप के 200 करोड़ लोगों के लिए लाभ का सौदा साबित होने वाली है। उन्होंने कहा कि इससे रोजगार और निर्यात में बढ़ोतरी होगी और कृषि क्षेत्र को मदद मिलेगी। उन्होंने इसे बड़ी डील करार देते हुए कहा कि यह केवल भारत-यूरोपीय देशों की अर्थव्यवस्था को ही प्रभावित नहीं करेगा, बल्कि इससे पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर प्रभाव पड़ेगा।*

## यूरोपीय परिषद अध्यक्ष कोस्टा बोले

### मैं प्रवासी भारतीय नागरिक, मुझे इस पर गर्व

यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने कहा कि भारत और ईयू साझा जिम्मेदारियों के दायरे को मजबूत करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। मैं यूरोपीय परिषद का अध्यक्ष हूं, लेकिन मैं



एक प्रवासी भारतीय नागरिक भी हूं। इसलिए मेरे लिए इसका विशेष महत्व है। मुझे गोवा से जुड़ी अपनी जड़ों पर गर्व है, जहां से मेरे पिता का परिवार आया था। यूरोप और भारत के बीच संबंध मेरे लिए व्यक्तिगत भी हैं। पीएम मोदी संवाद और कूटनीति के माध्यम से शांति के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

### यूरोप ने अमेरिका को धोखा दिया: बेसेंट

ट्रंप सरकार में ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने इसे 'यूरोप का अमेरिका को दिया गया धोखा' करार दिया



है। उन्होंने कहा कि यह डील करके यूरोप ने उस युद्ध को अप्रत्यक्ष तरीके से फाइनेंस करने का काम कर रहा है जो उसी के खिलाफ लड़ा जा रहा है। अमेरिका यूरोपीय देशों से भारत में रूस के तेल से बने पेट्रो उत्पादों की खरीद को भी रोकने की बात कर रहा था। भारत के रूप में यूरोप को बड़ा बाजार मिलने से इस टैरिफ का महत्व समाप्त है।

## डील से 75 अरब डॉलर के निर्यात के अवसर खुलेंगे

***पीएम मोदी ने बताया कि इस डील से 75 अरब डॉलर (6.41 लाख करोड़ रुपए) के निर्यात के रास्ते खुलेंगे। ईयू की 9,425 लाइनों पर भारतीय निर्यात के लिए टैरिफ खत्म होगा। साथ ही बताया गया कि इससे भारतीय मैन्युफैक्चरर्स और एमएसएमई के लिए आगे बढ़ने के रास्ते खुलेंगे और यूरोप के हाई-वैल्यू ग्राहकों तक सीधी पहुंच मिलेगी।***

***भारतीय छात्रों को लाभ:*** *भारत को यूरोप के आईटी, फाइनेंशियल और शिक्षा जैसे क्षेत्रों तक पहुंच मिलेगी। यह समझौता छात्रों के लिए भी बड़ी सौगात लेकर आया है। पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा जारी पोस्टर में बताया गया कि इस डील के तहत छात्रों को शिक्षा के बाद नौ महीने का गारंटीड वीजा की व्यवस्था की गई है।*

***एआई और सेमीकंडक्टर क्षेत्र को मजबूती:*** *समझौते के तहत ईयू और भारत एआई, क्लीन टेक और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में कॉरपोरेशन को मजबूत करेंगे। किसानों और हमारे छोटे उद्योगों के लिए यूरोपीय मार्केट तक पहुंच को आसान बनाएगा, मैन्युफैक्चरिंग में नए अवसर पैदा करेगा और हमारे सर्विसेज सेक्टर के बीच सहयोग को और मजबूत करेगा।*

***एमएसएमई सेक्टर को मिलेगा लाभ:*** *इस डील के होने से भारत के सबसे कमजोर वर्ग के लोगों और एमएसएमई सेक्टर को लाभ होने की संभावना है। भारत आज भी अमेरिका-यूरोप को तैयार कृषि उत्पाद, कपड़े और दवाइयां निर्यात करता है। कपड़े और कृषि उत्पादों के मामले में देश का सबसे कमजोर या मध्य वर्ग ही काम करता है। ऐसे में यूरोपीय देशों से व्यापार में वृद्धि होने से इस वर्ग को सीधा लाभ होने की संभावना है। इससे इन सेक्टरों में रोजगार निर्माण में भी बढ़ोतरी होने की संभावना है।*

***यूरोपीय कारें सस्ती मिलेंगी:*** *अब तक यूरोप निर्मित कारों को खरीदने पर भारी टैक्स देना पड़ता था। इस डील के बाद इन दरों में भारी कटौती होने का अनुमान है। इससे यूरोपीय देशों को भारत में महंगी कारें बेचने का अवसर मिलेगा और भारत के नव उच्च वर्ग को सस्ती दरों पर महंगी गाड़ियां मिल सकेंगी।*

***विदेशी बियर और वाइन सस्ती होगी:*** *इस समझौते के बाद विदेशी बियर और वाइन पर शुल्क घटकर 10 फीसदी की हो जाने से इससे भारत में विदेशी शराबों की बिक्री और यूरोप का मुनाफा बढ़ सकता है।*

### यूरोपीय देशों को मिलेगा बड़ा बाजार

यूरोपीय यूनियन को भी इस डील से बड़ा लाभ होने की संभावना है। यूरोपीय देश इस समय बड़ी महंगाई और अर्थव्यवस्था की सुस्ती के दौर से गुजर रहे हैं। जनसंख्या वृद्धि दर में भारी कमी के कारण वहां वस्तुओं की खपत में भी ठहराव का दौर चल रहा है। ऐसे में यूरोपीय देशों की कंपनियों को 140 करोड़ लोगों की आबादी वाला भारत जैसा देश मिल गया है जो उनकी वस्तुओं की खपत का बड़ा केंद्र बन सकता है। इससे पूरे यूरोप की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**भारत में मिलेंगे सस्ते श्रमिक**

यूरोपीय देशों की अर्थव्यवस्था का दारोमदार सेवा क्षेत्र पर ही टिका हुआ है। ऐसे में यूरोपीय देशों की सेवा प्रदाता कंपनियों को भारत में सस्ते कुशल कामगार उपलब्ध होंगे। इससे भारत सहित यूरोप को भी बड़ा लाभ होगा।

## जीरो ड्यूटी का रास्ता साफ, निर्यात को मिलेगी रफ्तार

***भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मंगलवार को हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) से देश के अधिक श्रम उपयोग वाले सेक्टर्स को बड़ी राहत मिली है। इस समझौते के तहत लेदर एंड फुटवियर, टेक्सटाइल, जेम्स एवं ज्वैलरी जैसे सेक्टर्स अब यूरोप के 27 देशों में जीरो ड्यूटी पर निर्यात कर सकेंगे।***

### श्रम-आधारित उद्योगों को मिलेगा सीधा लाभ

*केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि भारत-ईयू एफटीए से अधिक श्रम उपयोग वाले सेक्टर्स को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा और उनके निर्यात में तेज इजाफा देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह डील रोजगार सृजन और उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी।*

### टैक्सटाइल और अपैरल को फायदा

*एफटीए के तहत यूरोप को भारत से होने वाले टैक्सटाइल और अपैरल निर्यात पर अब जीरो ड्यूटी लगेगी। इससे भारतीय निर्यातकों को ईयू के 263 अरब डॉलर के टैक्सटाइल बाजार में सीधे प्रवेश का मौका मिलेगा। इससे न केवल निर्यात बढ़ेगा,*



*बल्कि भारतीय बुनकरों और कारीगरों का भी सशक्तिकरण होगा।*

### लेदर और फुटवियर सेक्टर के लिए बड़ी राहत

*केंद्रीय मंत्री के अनुसार इस समझौते के बाद लेदर और फुटवियर उत्पादों पर लगने वाली ड्यूटी, जो पहले करीब 17% तक थी, अब पूरी तरह खत्म हो गई है। इससे भारतीय निर्यातकों को यूरोप के लगभग 100 अरब डॉलर के लेदर और फुटवियर बाजार में जीरो ड्यूटी पर पहुंच मिलेगी।*

### जेम्स एवं ज्वैलरी को भी नए अवसर

भारत-ईयू एफटीए से रत्न और आभूषण उद्योग को भी बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। इससे यूरोप के 79 अरब डॉलर के प्रीमियम जेम्स एंड ज्वैलरी बाजार में भारतीय निर्यातकों के लिए नए अवसर खुलेंगे।

### इंडस्ट्रियल और सर्विस सेक्टर में भी बढ़ेगा सहयोग

*इस एफटीए के जरिए भारतीय निर्यातकों को यूरोप के करीब 2 ट्रिलियन डॉलर के इंडस्ट्रियल बाजार में प्राथमिकता के आधार पर सीधा प्रवेश मिलेगा। इससे निर्माण और सेवा क्षेत्र के बीच सहयोग और मजबूत होने की उम्मीद है।*

## घबराए ट्रंप ने 10% टैरिफ हटाया



डोनाल्ड ट्रंप | इमैनुएल मैक्रों

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्विट्जरलैंड के दावोस में हुए वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में यूरोपीय देशों पर 1 फरवरी से 10% टैरिफ लगाने की धमकी दी तो, यूरोप ने अमेरिका पर 'ट्रेड बाजूका' लगाने की धमकी दी। आखिरकार दुनिया को टैरिफ से डराने वाले ट्रंप को ईयू के 27 देशों के आगे झुकने पड़ा। उन्होंने यूरोपीय देशों पर जो 10% टैरिफ लगाने का ऐलान किया था, उससे भी पीछे हट गए। बता दें, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 20 जनवरी को दावोस इकोनॉमिक फोरम में अमेरिका पर ट्रेड बाजुका का इस्तेमाल करने की धमकी दी थी। 'ट्रेड बाजूका' दरअसल ईयू का एक खास कानून है, जिसका असली नाम है एंटी-कोएर्शन इंस्ट्रूमेंट। इस कानून का मकसद यह है कि अगर कोई देश ईयू या उसकी कंपनियों पर गलत तरीके से दबाव बनाए (जैसे टैरिफ लगाकर धमकाना), तो ईयू उसके जवाब में सख्त आर्थिक कदम उठा सके। इसके तहत ईयू- उस देश के सामान का आयात-निर्यात रोक सकता है। उसकी कंपनियों को ईयू के सरकारी टेंडर से बाहर कर सकता है। उस देश के निवेश पर पाबंदी लगा सकता है। यानी कि अगर यूरोपीय यूनियन चाहे तो अपने 45 करोड़ लोगों वाले बड़े बाजार का दरवाजा ही बंद कर सकता है। इससे सामने वाले देश की कंपनियों को अरबों डॉलर का नुकसान हो सकता है। अगर यह कदम उठाया गया तो इससे अमेरिकी कंपनियों और अमेरिका की अर्थव्यवस्था को अरबों डॉलर का नुकसान हो सकता है।*

## खबर संक्षेप

### कोर्ट में एआई ने गलत तथ्य प्रस्तुत किए

**विक्टोरिया।** ऑस्ट्रेलिया की विक्टोरिया सुप्रीम कोर्ट में एक हत्या के मामले के दौरान एआई से मिली



गलत और मनगढ़ंत जानकारी पेश करने पर एक वरिष्ठ वकील को जज से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी पड़ी। वकील ने एआई की मदद से ऐसे अदालती फैसलों और सबूतों का हवाला दिया जो असल में कभी मौजूद ही नहीं थे। जब अदालत की जांच में यह गड़बड़ी सामने आई तो जज ने कड़ी नाराजगी जताई और कहा कि न्याय व्यवस्था वकीलों की सत्यनिष्ठा पर टिकी होती है। यह मामला एआई 'हैलुसिनेशन' के बढ़ते खतरे को उजागर करता है और अदालतों में एआई टूल्स के इस्तेमाल से पहले सख्त सत्यापन की जरूरत पर जोर देता है।

### कनाडा के पीएम कार्नी मार्च में आएंगे भारत

**नई दिल्ली।** कनाडा के पीएम मार्क कार्नी मार्च के पहले हफ्ते में भारत आ सकते हैं। उससे पहले फरवरी में



भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के कनाडा जाने की चर्चा है। कनाडा में सत्ता परिवर्तन के बाद जबसे कार्नी ने कमान संभाली है, भारत और कनाडा के बीच आपसी संबंधों में काफी सुधार हुए हैं। दोनों देशों के बीच आर्थिक और अन्य मसलों पर तो चर्चा हो ही रही है और संबंधों को व्यापक बनाने पर काम चल रहा है, लेकिन भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए भी कनाडा से संबंध खास मायने रखते हैं। कार्नी के सत्ता में आने के बाद से इंटेलिजेंस और सुरक्षा सहयोग पर काफी जोर दिया है।

## यूएन में भारत ने लगाई फटकार

# 'ऑपरेशन सिंदूर' पर झूठ बोलकर पाक आतंकवाद को सही ठहरा रहा

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत ने संयुक्त राष्ट्र के मंच पर पाकिस्तान को फटकार लगाते हुए कहा कि पाकिस्तान ऑपरेशन सिंदूर पर झूठ फैला रहा है।



यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वथनेनी हरीश ने कहा कि पाकिस्तान का एकमात्र एजेंडा भारत और भारत के लोगों को नुकसान पहुंचाना है। उन्होंने यकहा कि पाकिस्तान ने ही 10 मई को सीधे हमें फोन करके लड़ाई रोकने की गुहार लगाई थी। पी. हरीश ने कहा कि पाकिस्तान का एकमात्र एजेंडा मेरे देश और मेरे लोगों को नुकसान पहुंचाना है। उन्होंने पिछले साल मई में ऑपरेशन सिंदूर के बारे में एक झूठा और स्वार्थी बयान दिया है। 'भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने का पाकिस्तान को कोई अधिकार नहीं है।

जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश भारत का एक अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहा है, है और हमेशा रहेगा। भारत ने 65 साल पहले सद्भावना, अच्छे इरादे और दोस्ती की भावना से सिंधु जल संधि की थी। साढ़े छह दशकों के दौरान, पाकिस्तान ने भारत पर तीन युद्ध और हजारों आतंकी हमले करके संधि की भावना का उल्लंघन किया है। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमलों में हजारों भारतीयों की जान गई है।

## बांग्लादेश में यूनुस सरकार की मेहरबानी

# कट्टरपंथियों के केस रद्द करने और जेल से रिहा वाला अध्यादेश लाई

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार किसी भी कीमत पर अल्पसंख्यकों के हत्यारों को बचाने पर उतारू है। इसी को लेकर सरकार ने एक अध्यादेश पास किया है जिसके तहत




जुलाई-अगस्त में हुई हिंसा के सभी आरोपियों के खिलाफ सभी केस रद्द कर दिए जाएंगे।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार जुलाई अपराइजिंग (प्रोटेक्शन ऐंड लायबिलिटी डिटर्मिनेशन) अध्यादेश 2026 लेकर आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक रविवार की रात में कानून मंत्रालय ने इसका गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसके मुताबिक प्रदर्शनकारियों पर दर्ज सारे मुकदम खत्म कर दिए जाएंगे और अगर कोई जेल में है तो उसे तत्काल रिहा कर दिया जाएगा। इसमें अल्पसंख्यकों, पुलिसकर्मियों और आवामी लीग के कार्यकर्ताओं के हत्यारे भी शामिल हैं।

जिन लोगों के साथ नरमी बरती जा रह है उनमें ज्यादातर कट्टरपंथी शामिल हैं जो कि हिंसा में शामिल थे। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का यह अध्यादेश संविधान के साथ फिट नहीं होता है और ऐसे में इसपर सवाल उठ रहे हैं। बता दें कि बांग्लादेश में आरक्षण को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बड़ा हो गया था कि तत्कालीन पीएम शेख हसीना को अपना पद छोड़ना पड़ा।

## जम्मू कश्मीर के सोनमर्ग में एवलांच, सभी सुरक्षित



**सोनमर्ग।** जम्मू कश्मीर के सोनमर्ग में लगातार जारी बर्फबारी से मंगलवार रात एवलांच आया। एवलांच में फिलहाल किसी के हताहत होने की खबर नहीं है लेकिन कई होटलों को नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने बताया कि हिमस्खलन मंगलवार रात 10 .12 बजे मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में सोनमर्ग रिजॉर्ट में हुआ। बचाव टीमों को घटनास्थल पर भेज दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि वे स्थिति पर नजर रख रहे हैं। श्रीनगर एयरपोर्ट पर, आने वाली 29 और जाने वाली 29 फ्लाइट्स रद्द कर दी गईं। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बर्फबारी के कारण रनवे ऑपरेशन के लिए असुरक्षित हो गया था। काजीगुंड और बनिहाल के बीच बर्फ जमा होने के कारण श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे ट्रैफिक के लिए बंद कर दिया गया था। बर्फबारी के कारण ट्रेन सेवाएं भी प्रभावित हुईं। बनिहाल और बडगाम के बीच कुछ ट्रेनें रद्द कर दी गईं।

## अडाणी ने विमान बनाने के क्षेत्र में रखा कदम

### एमओयू में तकनीकी हस्तांतरण, कौशल विकास भी शामिल

# अडाणी एयरोस्पेस और ब्राजील की एम्ब्रेयर के बीच ऐतिहासिक साझेदारी

*एम्ब्रेयर के ई-जेट विमान 2005 से भारत में परिचालन*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के स्वदेशी विमान निर्माण को बड़ा बढ़ावा देने के लिए अडाणी ग्रुप और ब्राजील की प्रमुख विमान निर्माता कंपनी एम्ब्रेयर ने रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग के तहत भारत में क्षेत्रीय विमानों के लिए निर्माण सुविधा और फाइनल असेंबली लाइन स्थापित की जाएगी।

दोनों कंपनियों के अधिकारियों ने मंगलवार को नई दिल्ली में नागरिक उड्डयन मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय परिवहन विमानों को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के निदेशक जीत अडाणी ने कहा कि एम्ब्रेयर के साथ सहयोग से भारत में क्षेत्रीय विमान निर्माण सुविधा स्थापित की जाएगी। एम्ब्रेयर 150 सीटों तक क्षमता वाले वाणिज्यिक विमान बनाती है।



केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू और रक्षा सचिव राजेश सिंह की उपस्थिति में समझौता

### 20 वर्षों में 500 विमानों की जरूरत

एम्ब्रेयर एविएशन के अध्यक्ष एवं सीईओ अर्जन मेइजर ने कहा कि भारत, एम्ब्रेयर के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। भारत में अगले 20 वर्षों में 80 से 146 सीटों वाले कम से कम 500 विमानों की जरूरत होगी। कंपनी के ई-जेट विमान 2005 से भारत में परिचालन कर रहे हैं।

### छोटे विमानों को निर्माण केंद्र बनेगा भारत

*नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा ने कहा कि यह सहयोग केवल विमान असेंबली तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें तकनीक हस्तांतरण, कौशल विकास, मजबूत सप्लाई चेन और भारत को क्षेत्रीय विमानों का भरोसेमंद निर्माण केंद्र बनाने की योजना भी शामिल है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि रक्षा मंत्रालय के दृष्टिकोण से इस तरह की साझेदारियां आयात पर निर्भरता कम करने, परिचालन तत्परता बढ़ाने और अतिरिक्त कलपुर्जों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्यों में सीधे तौर पर योगदान देती हैं।*

### आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

*नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि भारत में निर्माण और विकास की अपार संभावनाएं हैं और क्षेत्रीय परिवहन विमानों की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई है।*

## बीजिंग में ट्रंप के 'जासूस' घुसे

# जिनपिंग के तख्तापलट की रची साजिश, परमाणु फाइल लीक!

एजेंसी ▶▶ बीजिंग



डोनाल्ड ट्रंप और जिनपिंग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विस्तारवाद का अपना सबसे बड़ा दांव चल दिया है। ट्रंप ने जिनपिंग की नाक के नीचे ही अपना जासूस बिठा दिया। जिनपिंग के खिलाफ मोहरा चीन का ही एक टॉप जनरल बन गया है। जिनपिंग के उस टॉप जनरल का नाम है झांग यूक्सिया।

जनरल झांग यूक्सिया पर चीन के न्यूक्लियर सीक्रेट की जानकारी लीक करने का आरोप लगा है। आरोप है कि इस जनरल ने चीन के न्यूक्लियर सीक्रेट की जानकारी अमेरिका को दी। चीन के इस जनरल पर सीआईए के साथ कनेक्शन के आरोप भी हैं। चीन के न्यूक्लियर हथियारों के कार्यक्रम की भी जानकारी अमेरिका को लीक करने का आरोप लगा है। यूक्सिया के खिलाफ जांच की जा रही है। माना जा रहा है कि जिनपिंग का ये जनरल अमेरिका के इशारों पर शी का तख्तापलट करने के लिए भी काम कर रहा था।

जनरल झांग यूक्सिया ने चीन के परमाणु हथियारों की टेक्निकल जानकारी अमेरिका से शेयर की थी या नहीं इसकी जांच हो रही है। अमेरिका को भविष्य में अगर सबसे ज्यादा खतरा किसी से है तो वो रूस नहीं, बल्कि चीन है। शायद इसलिए उसके परमाणु कार्यक्रम की हर सीक्रेट डिटेल ट्रंप हासिल करना चाहते हैं।

उज्जैन के कार्तिक मेला ग्राउंड से प्रदेश की जनता को दिया संदेश

# मुख्यमंत्री ने शिप्रा के तट पर उज्जैन में फहराया राष्ट्रीय ध्वज, गणतंत्र दिवस समारोह में परेड की ली सलामी

**स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और लोकतंत्र रक्षकों का किया सम्मान**


सलामी लेते सीएम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन के कार्तिक मेला ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और लोकतंत्र रक्षकों का सम्मान किया। इस अवसर पर राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत और सिंहस्थ पर केंद्रित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां भी हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों, समारोह में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभागीय झांकियों को पुरस्कृत किया। समारोह में मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती सीमा यादव समेत विभिन्न धर्मो के धर्मगुरू, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

### तीन रंग के गुब्बारे छोड़ कर दिया राष्ट्रभक्ति और जनसेवा का संदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्तिक मेला मैदान स्थित शिप्रा तट सुनहरी घाट पर तिरंगा कलर के गुब्बारे खुले आकाश में छोड़ कर राष्ट्रभक्ति और जनसेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर मां शिप्रा में 40 से अधिक तिरंगे रंग से सरावोर नाव पर तिरंगा ध्वज लिए होमगार्ड, एसडीईआरएफ के जवान उपस्थित होकर देश भक्ति के गीत गा रहे थे। घाट पर तिरंगे की थीम पर साज-सज्जा की गई साथ ही घाट पर जनजातीय भील कलाकारों की ओर से भगोरिया नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति हुई। मुख्यमंत्री ने गणतंत्र दिवस के मंगल अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और प्रदेश की जनता के नाम संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्र के जन-गण-मन में देशभक्ति और देश के लिए गर्व का भाव सशक्त हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व-गुण के फलस्वरूप संपूर्ण विश्व में भारत की गरिमा बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने भारत माता की आज़ादी के लिए हँसते-हँसते सूली चढ़ने वाले अमर शहीदों के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2028 में सिंहस्थ का आयोजन उज्जैन में होना है। इस भव्य-दिव्य आयोजन के उपलक्ष में ही गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम पावन शिप्रा के किनारे आयोजित किया गया है।


ध्वाजारोहरण करते सीएम।

### गणतांत्रिक शासन व्यवस्था सेवा, समानता और संवेदनशीलता का संकल्प


ध्वजारोहण करते राज्यपाल।

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि मप्र सरकार सामाजिक न्याय, किसान समृद्धि, जनजातीय उत्थान, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुदृढ़ स्वास्थ्य सेवाएं, आधारभूत संरचना विस्तार, ऊर्जा आत्मनिर्भरता, उद्योग प्रोत्साहन तथा सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण को अपनी प्रमुख प्राथमिकताओं के रूप में लेकर कार्य कर रही है। इन क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियां प्रदेश को आत्मनिर्भर और विकसित राज्य बनाने की दिशा में मजबूत आधार तैयार कर रही हैं। राज्यपाल पटेल लाल परेड ग्राउंड भोपाल में गणतंत्र दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में प्रदेशवासियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी नागरिकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर, संविधान सभा के सदस्यों और अमर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। राज्यपाल ने समारोह स्थल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। सांस्कृतिक कार्यक्रमों, परम्परागत लोकनृत्यों और झांकियों की प्रस्तुति का अवलोकन किया।

### मुख्य सचिव अनुराग जैन ने गणतंत्र दिवस पर फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**भोपाल।** 77 व गणतत्र दिवस पर मुख्य सचिव अनुराग जैन ने चार इमली स्थित मुख्य सचिव आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। मुख्य सचिव ने राष्ट्रगान के बाद सलामी ली तथा पुलिसबल का निरीक्षण किया। मुख्य सचिव जैन ने इस अवसर पर मंत्रालय के अधिकारी, पुलिस अधिकारी, निवास के कर्मचारियों और सुरक्षा स्टाफ को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।


ध्वजारोहण करते सीएस।

### आयुक्त जनसंपर्क सक्सेना ने जनसंपर्क संचालनालय में फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**भोपाल।** आयुक्त जनसंपर्क दीपक सक्सेना ने गणतंत्र दिवस पर जनसंपर्क संचालनालय और माध्यम में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और अधिकारी-कर्मचारियों ने राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया। आयुक्त सक्सेना ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई और शुभाकामनाएं दी।


ध्वजारोहण करते आयुक्त जनसंपर्क।

### देशभक्ति के रंग में रंगा कथा पंडाल, जयकारों के साथ हुआ जयहिंद का जयघोष

**भोपाल।** बीएसएस कॉलेज ग्राउंड में चल रही भागवत में आयोजन समिति द्वारा हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। कथावाचक आचार्य शशांक शेखर ने सभी को अपने राष्ट्र और ईष्ट के प्रति ईमानदार रहने का संदेश दिया। युवाओं को सदाचारी बनकर देश और स्त्रियों की सुरक्षा के लिए तैयार और सजग रहने की जरूरत है। महाराज ने कथा में शिव पार्वती विवाह प्रसंग सहित देवी सरस्वती के प्रादुर्भाव की कथा का वर्णन किया। श्रोताओं ने भजनों के साथ देशभक्ति गानों पर नृत्य किया।


ध्वाजारोहण करते एसीएस।

### एसीएस मंडलोई ने मुख्यमंत्री निवास पर फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**भोपाल।** 77वें गणतंत्र दिवस पर मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने राष्ट्र ध्वज फहराया। इस अवसर पर सामूहिक राष्ट्रगान हुआ। मप्र हिंदी ग्रंथ अकादमी के संचालक अशोक कडेल विशेष रूप से उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव मंडलोई ने मुख्यमंत्री सचिवालय तथा निवास कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारियों और सुरक्षा स्टाफ को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।


नमन करते सपा नेता।

### गणतंत्र दिवस पर समाजवादी पार्टी ने निकाली विशाल तिरंगा यात्रा

**भोपाल।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी मप्र द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जोकि प्रदेश कार्यालय तुलसी नगर से प्रारंभ होकर बोर्ड ऑफिस चौराहा तक निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व पार्टी के अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष भोपाल राजेश सिंह ने किया। समापन पर कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव द्वारा ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस समारोह संपन्न कराया गया। इस दौरान भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। वक्ताओं ने बाबा साहेब के संविधान निर्माण में योगदान और सामाजिक न्याय के उनके विचारों को याद किया।

### नगर निगम कार्यालयों में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण


ध्वजारोहण करतीं महापौर।

**भोपाल।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर सोमवार को महापौर मालती राय ने आईएसबीटी स्थित नगर निगम कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया। वहीं निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने माता मंदिर स्थित निगम कार्यालय में राष्ट्रध्वज फहराया। कार्यक्रमों में निगम आयुक्त संस्कृति जैन, अपर आयुक्तगण, जोन अध्यक्ष, पार्षद, अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ध्वजारोहण से पूर्व महापौर ने फायर ब्रिगेड कर्मियों की परेड का निरीक्षण किया और बाद में नागरिकों को संबोधित करते हुए गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। निगम अध्यक्ष ने भी शहरवासियों को बधाई दी। इस अवसर पर मिष्ठान वितरण किया गया।

### शिवा रॉयल पार्क कॉलोनी में मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के सलैया स्थित शिवा रॉयल पार्क कॉलोनी में 77वां गणतंत्र गणतंत्र देशभक्ति की भावनाओं से ओतप्रोत होकर बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शिवा रॉयल पार्क कॉलोनी के अध्यक्ष राजेश खत्री की अध्यक्षता में संचालक मंडल एवं सभी रहवासियों ने प्रातः झंडा वंदन कर भारत माता की जय जयकार के नारे लगाए। गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व के दौरान बच्चों, युवाओं, बुजुर्ग, महिलाओं सभी वर्ग के लोगों ने देशभक्ति के मधुर तरानों पर नृत्य और कविताओं की प्रस्तुति भी दी। जिसमें बड़ी संख्या में कॉलोनी के रहवासी शामिल हुए। साथ ही सभी ने पूरे उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ यह देश है वीर जवानों का, जहां पांव में पायल हाथ में कंगन, मेरा रंग दे बसंती चोला, देश मेरा रंगीला जैसे ऐतिहासिक राष्ट्रीय गीतों पर नृत्य कर कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया।


कॉलोनी अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण।

### राज्य कर्मचारी संघ कार्यालय में मनाया गणतंत्र दिवस

**भोपाल।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश कार्यालय तुलसी नगर में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप गुर्जर द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष अतिथियों द्वारा भारत माता के दीप प्रज्वलन करके चित्र पर पुष्प, अक्षत अर्पण किए। इस अवसर पर संघ के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव ने कर्मचारी हित और राष्ट्र हित सर्वोपरि की विचार धारा का आवहन करते हुए कहा कि देश हित में शासकीय कर्तव्य को महत्वपूर्ण रूप से करना ही कर्मचारी का धर्म होता है।



### बीयू: गणतंत्र दिवस पर कुलगुरू ने फहराया तिरंगा, विश्वविद्यालय की प्रगति पर की चर्चा

कुलगुरू ने 5 सूत्र को जीवन में उतारने की बात कही

**भोपाल।** राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस पर प्रशासनिक भवन के प्रांगण में बीयू के कुलगुरु प्रो एसके जैन ने झंडा फहराया। इस अवसर पर विवि के कुलसचिव डॉ समर बहादुर सिंह, विवि के शिक्षक कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहे।



कुलगुरू ने संबोधन में पिछले वर्षों में विवि की उपलब्धियों और प्रगति की चर्चा की, जिसके कारण बीयू को नेक में ए ग्रेड प्राप्त हुआ। उन्होंने विवि में किए जाने वाले पर्यावरण संरक्षण और ग्रीन इनीशिएटिव के लिए किए जाने वाले कार्यों सहित अनेक तथ्यों पर विचार रखे। वर्तमान परिदृश्य में उन्होंने 5 सूत्र को जीवन में उतारने की बात कही, जिससे भारत को आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने सभी का योगदान दृष्टिगत होगा। ये 5 सूत्र सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवन शैली और नागरिक कर्तव्य हैं, जिन्हें दैनिक व्यवहार में उतारने का आह्वान किया गया।

### निटर: हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

## देशभक्ति गीतों, नृत्य, रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समां


निटर में ध्वजारोहण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


राजधानी स्थित एनआईटीटीटीआर में 77वां गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। शुरुआत निदेशक प्रो. सीसी त्रिपाठी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई, जिसके बाद राष्ट्रगान गाया गया। निदेशक त्रिपाठी ने कहा कि भारत की आन-बान और शान का प्रतीक यह राष्ट्रीय महापर्व आप सभी के जीवन में नई ऊर्जा और नए उत्साह का संचार करे। विकसित भारत का संकल्प और अधिक सुदृढ़ हो, यही कामना है। इसके बाद एनआईटीटीटीआर परिवार के सदस्यों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। देशभक्ति गीतों, नृत्य एवं रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और संविधान के मूल्यों को सुंदर रूप में प्रदर्शित किया। इस अवसर पर वंदना त्रिपाठी, संकाय सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

### शांति सरोवर हाई स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस


शांति सरोवर में ध्वजारोहण।

**भोपाल।** शांति सरोवर हाई स्कूल सतनामी नगर सोनागिरी में 26 जनवरी भारत के 77वें गणतंत्र दिवस को मनाया गया। इस शुभ अवसर पर महामंडलेश्वर पूज्य स्वामी अनिलानंद महाराज, हरिप्रिया गौशाला के अध्यक्ष आशीष तिवारी, लियो क्लब न्यू लेक सिटी भोपाल की वाइस प्रेसिडेंट लियो दीक्षा, लियो हर्ष, लियो शिवांश, लियो मुस्तफा, लियो तन्वी एवं लियो पदाधिकारी उपस्थित रहे। क्लब द्वारा स्कूल के बच्चों को स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई।

### डीआरएम में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस


डीआरएम में ध्वजारोहण।

**भोपाल।** 77वां गणतंत्र दिवस भोपाल रेल मंडल में बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम हबीबगंज रेलवे कॉलोनी स्थित खेल मैदान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) पंकज त्यागी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने से हुई। इसके बाद उन्होंने रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) की आकर्षक परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर डीआरएम ने महाप्रबंधक का संदेश का वाचन भी किया।

### पर्यटन भवन में फहराया तिरंगा


पर्यटन भवन में ध्वजारोहण।

**भोपाल।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पर्यटन भवन मुख्यालय में मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक दिलीप कुमार यादव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और निगम के अधिकारी-कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिवस देश और समाज के प्रति समर्पण एवं योगदान का संकल्प लेने का अवसर है। उन्होंने कहा कि निगम की इकाइयों में प्रतिदिन पर्यटकों और अतिथियों से सीधा संपर्क तथा व्यहवार होता है, इसलिए संविधानिक मूल्यों को कार्य-व्यवहार में अपनाना हम सभी का दायित्व है।

### राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांतीय कार्यालय में शान से फहराया तिरंगा


राजपत्रित अधिकारी संघ का ध्वजारोहण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांतीय कार्यालय में संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ संतोष कुमार गांधी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। इस अवसर पर मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ के संरक्षक डीके यादव द्वारा संघ के पदाधिकारियों का गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ संरक्षक एसएस दांगी, महामंत्री संतोष उईके, व्हीआरएस चौहान, बीके चौरसिया, संजीव शाक्य, एचएन त्रिपाठी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ सरोज यादव एवं बड़ी संख्या में अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

### स्वदेशी जागरण मंच ने धूमधाम से मनाया 77वां गणतंत्र दिवस


गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में उपस्थित स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वदेशी जागरण मंच ने प्रदेश कार्यालय,डी-7, 74 बंगला में कार्यक्रम का आयोजन कर मनाया। राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता, सम्मान एवं गौरव व्यक्त करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में मध्य भारत प्रान्त संयोजक श्रीकांत बुधौलिया, प्रान्त महिला कार्य प्रमुख सीमा भारद्वाज, भोपाल विभाग से सह प्रमुख संगीता तिवारी, साधना शर्मा, प्रिया शर्मा, प्रज्ञा सेन, हरिओम सेन, वैभव पांडे, अभिनव, शिवेन्द्र, विजेन्द्र सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी उपस्थितजनों ने भारत माता का पूजन किया। इस अवसर पर बुधौलिया ने ध्वजारोहण किया। झंडा वंदन एवं राष्ट्रगान के पश्चात सभी ने महापुरुषों का स्मरण करते हुए स्वदेशी भाव को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

### महर्षि पतंजलि आदर्श शासकीय कन्या संस्कृत विद्यालय में मनाया गणतंत्र दिवस

## देशभक्ति, संस्कार और स्वदेशी चेतना का 'संगम'


स्वदेशी जागरण मंच मध्य भारत प्रांत महिला कार्य प्रमुख सीमा भारद्वाज ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महर्षि पतंजलि आदर्श शासकीय कन्या संस्कृत विद्यालय (गार्गी) में गणतंत्र दिवस पर आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि स्वदेशी जागरण मंच मध्य भारत प्रान्त महिला कार्य प्रमुख सीमा भारद्वाज रहीं। विद्यालय की प्राचार्या स्नेहा सलोडकर, भोपाल विभाग से सहप्रमुख संगीता तिवारी, प्रज्ञा सेन एवं हरिओम सेन की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में एनसीसी बैंड ने परेड सलामी दी। इसके पश्चात सीमा भारद्वाज एवं प्राचार्या स्नेहा सलोडकर ने ध्वजारोहण किया।

**महापुरुषों के बलिदान, त्याग और तपस्या का स्मरण कराया**

मुख्य अतिथि सीमा भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में स्वदेशी चिंतन पर प्रकाश डालते हुए देश के महापुरुषों के बलिदान, त्याग और तपस्या का स्मरण कराया। उन्होंने 12 जनवरी से 31 जनवरी तक स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में चल रही स्वदेशी संकल्प दौड़, रैली एवं युवाओं-विद्यार्थियों में स्व-जागरण अभियान की जानकारी देते हुए राष्ट्र निर्माण में युवा शक्ति की भूमिका को रेखांकित किया। प्राचार्या सलोडकर स्टाफ एवं विद्यार्थियों को स्वदेशी संकल्प दिलवाया। वर्ष भर शैक्षणिक, खेल एवं गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों एवं प्राचार्या ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में भोपाल विभाग से हरिओम सेन ने स्वदेशी से संबंधित पत्रक वितरित किए।



## विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

**नजीराबाद।** नगर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए मंगलवार को वार्ड 9 स्थित सांस्कृतिक भवन काली मंदिर की नव-निर्मित छत निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया गया। इसी क्रम में वार्ड 15 में बसंत नामदेव से कमोदी कुशवाहा के निवास तक प्रस्तावित सीसी रोड निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ये सभी कार्य नगर के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आधारभूत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। काली मंदिर परिसर में सौंदर्य करण निर्माण से श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी। वहीं सीसी रोड निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में राहत प्राप्त होगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप सिंह राठौड़, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र कुमार सक्सेना, पार्षद नीरज रमेश नामदेव, प्रेम यादव, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष बलराम रत्नाकर, नितिन जैन टिक्कू, संतोष रत्नाकर सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।
जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जनता के विश्वास, सहयोग और आशीर्वाद से नगर में विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

### शराब पीने के लिए मांग रहे थे रुपए, इनकार करने पर किया हमला

# किराना दुकान में घुसकर दुकानदार और साथी के साथ डंडे से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र में रंगदारी और मारपीट की घटना सामने आई है। सात दुकान फिजा कॉलोनी, करोंद स्थित एक किराना दुकान पर कुछ युवकों ने फिल्मी अंदाज में धावा बोल दिया। आरोप है कि युवकों ने दुकानदार से शराब पीने के लिए रुपए मांगे, इनकार करने पर उसके साथ मारपीट की और दुकान में जमकर तोड़फोड़ की। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

पीड़ित नितेश सैनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 जनवरी की शाम करीब 7:20 बजे वह अपनी किराना दुकान पर बैठा था। इसी दौरान उसका पुराना किराएदार कुलदीप सोलंकी अपने साथियों सुमित राणा, उदित राजपूत और दीपू कुशवाह के साथ दुकान पर पहुंचा। चारों ने उससे शराब के लिए रुपए की मांग की। पीड़ित दुकानदार ने रुपए देने से मना किया तो विवाद शुरू कर दिया।

- *निशातपुरा की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई पूरी वारदात, आरोपियों ने दुकान में की तोड़फोड़*
- *दुकानदार के सिर, कान और गर्दन में आईं गंभीर चोटें*
- *पुलिस ने बताया कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी*


दुकान में मारपीट करने का सीसीटीवी फुटेज।

### हाथ-मुक्कों और डंडे से किया हमला

नितेश के अनुसार, आरोपी दुकान के भीतर घुस आए और उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की। इस दौरान डंडे से भी हमला किया गया, जिससे दुकानदार के सिर, कान और गर्दन में चोटें आईं। आरोपियों ने दुकान का काउंटर गिरा दिया और शोकेस, कांच की बर्नियां व फ्रीजर तोड़ दिए, जिससे उसे भारी नुकसान हुआ। बीच-बचाव करने आए सुनील नामदेव पर भी हमला किया गया। डंडे से वार करने पर सुनील के कंधे में चोट आई। घटना के बाद आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। सूचना पर निशातपुरा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कही जा रही है।

## थाना कोहेफिजा पुलिस ने किया अड़ीबाजी के फरार आरोपी को गिरफ्तार

शराब की तस्करी के एक मामले में थाना खजुरी सड़क से साल 2025 से फरार आरोपी के ऊपर मारपीट, अडीबाजी, हत्या के प्रयास जैसे करीब 10 से अधिक अपराध दर्ज है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 17 सितंबर 2025 को बबलू लोधी निवासी लालघाटी कोहेफिजा भोपाल ने बताया कि लालघाटी चौराहा पर खड़ा था, तभी कुलदीप सहेले तथा उसका साथी राहुल हंटर उर्फ राहूल लोहट आया और मुझसे मारपीट करते हुए पैसे की मांग करने लगा। गाली-गलौच मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया था। जिस पर थाना कोहेफिजा मे केस दर्ज कर लिया गया था। प्राप्त सूचना के आधार पर ट्रैक करते हुए आरोपी कुलदीप उर्फ दीप सहेले को लालघाटी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी कुलदीप सहेले वर्ष 2025 में थाना खजुरी सड़क भोपाल में अवैध शराब का परिवाहन व भंडारण करता था।



## आरके स्पोर्ट्स एकेडमी में बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित

**औबेदुल्लागंज।** नगर के वार्ड उमरिया में स्थित आरके स्पोर्ट्स एकेडमी द्वारा दो दिवसीय तहसील स्तरीय डबल्स बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की आठ टीमों के 16 खिलाड़ियों ने भाग लिया। 5 लीग मुकाबलों में 2 सर्वश्रेष्ठ टीमों के मध्य फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल खेलते हुए गुरपाल सिंग और तन्वंत सिंग की जोड़ी ने गगनदीप सिंह और भवेश पांडेय की जोड़ी को रोमांचक मुकाबले में हराया।

विजेता और उपविजेता सहित सभी खिलाड़ियों को नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे और विधायक प्रतिनिधि एवं श्री हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष सोनू चौकसे द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य प्रमोद सराठे और वरिष्ठ खिलाड़ी भी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि आर के स्पोर्ट्स एकेडमी पिछले एक वर्ष से क्षेत्र के छोटे बच्चों एवं वयस्कों को संपूर्ण सुविधा उक्त इनडोर एवं आउटडोर खेल सुविधाएं उपलब्ध करा रही है और प्रशिक्षित कर रही है। संस्था के संचालक तन्वंत सिंग स्वयं राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरीय खेलों में पदक प्राप्त कर चुके है और मैराथन में लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज कर चुके हैं।

## द एमिटी स्कूल में ध्वजारोहण

**औबेदुल्लागंज।** 77वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में द एमिटी स्कूल में ध्वाजारोहण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।





स्कूल में झंडा वंदन करतीं पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया और अन्य शिक्षक।

## शासकीय कन्या शाला में पार्षद हेमलता ने किया झंडा वंदन

**औबेदुल्लागंज।** शासकीय कन्या शाला माध्यमिक विद्यालय मैं पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया ने झंडा वंदन किया। इस अवसर पर विद्या अग्रवाल, अनुराधा विजयवर्गीय, मानसी मित्तल, प्रियंका गुप्ता, अशोक मित्तल, पुरुषोत्तम शर्मा, मनोज चौरसिया, नीरज चावला सहित स्कूल का स्टाफ एवं महिला मंडल के सदस्य मौजूद थे।



गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण करते व्यापारी।

## व्यापारी महासंघ ने मुख्य चौराहे पर फहराया तिरंगा, बांटी मिठाइयां

**औबेदुल्लागंज।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर व्यापारी महासंघ ने मुख्य चौराहे पर सिद्धार्थ मित्तल की दुकान के सामने झंडा वंदन किया। इस अवसर पर अशोक मित्तल, अध्यक्ष जगदीश चंदानी, उपाध्यक्ष कैलाश डब्बू नागर, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजू, उपाध्यक्ष विवेक मित्तल, सचिव प्रदीप अरोरा, कोषाध्यक्ष आशीष दीक्षित, महामंत्री रतन मेघानी, सह सचिव राजेश नागर (राजू), मीडिया प्रभारी दिनेश सेन, अर्जुन दास अरोरा, विक्रम धाड़ी, नीरज चावला, रवि कमल, संजय अग्रवाल, विजय जैन, अशोक जायसवाल, बल्लू अरोरा, रमेश वासवानी, मनोज मेघानी, अमित राय आदि व्यापार संघ के सदस्यों ने झंडा वंदन किया और मिठाई बांटी।


तारा नगर में आयोजित व्यापार महासंघ के सम्मेलन में उपस्थित सदस्य।

## व्यापार महासंघ का तारानगर में विशाल मिलन समारोह आयोजित

### नगर के कई गणमान्य लोगों को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

व्यापार महासंघ ने तारानगर में विशाल मिलन समारोह का मंगलवार को आयोजन किया। इस अवसर पर आदर्श रामलीला भजन मंडल हिरनिया द्वारा सुंदरकांड के बाद राष्ट्रीय भजन से सभी का मनमोहा। व्यापारी महासंघ मिलन समारोह में व्यापार संघ के पदाधिकारीयों ने कहा कि यह हरिभूमि की पहल का ही नतीजा है, जो आज मिलन समारोह सफल हुआ। मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नपा अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे, एसडीओ शीला सुराणा, नपा उपाध्यक्ष नामिता बागिस अग्रवाल, संरक्षक अशोक मित्तल, अशोक सेठी, प्रेम नारायण सोनी आदि उपस्थित थे। मिलन समारोह में नगर के गणमान्य लोगों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर व्यापार महासंघ के जगदीश चंदानी, कैलाश डब्बू नागर, देवेंद्र सिंह राजू, विवेक मित्तल, प्रदीप अरोड़ा, आशीष दीक्षित, रतन मेघानी, राजू भाई पटेल, सिद्धार्थ मित्तल, दिनेश सेन, विक्रम धारी, नीरज चावला, पंकज कोठारी, संजय अग्रवाल, रवि कमल, राजेश खटीक, अशोक जायसवाल, मनोज मेघानी, अमित राय आदि ने बताया कि नगर के विकास और उत्थान के लिए व्यापार संघ दृण संकल्पित है

### कार्यक्रम में इनका हुआ सम्मान


मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, साहू समाज के अध्यक्ष बसंत साहू, विधायक प्रतिनिधि सोनू चौकसे, पार्षद नरेश सेठी, बागिश अग्रवाल, सुनील सेरिया, सुजीत यादव, सुरजीत सिंह बिल्ले, परेश नागर, जेपी शर्मा, गौरी शंकर नागर, अशोक पटेल, बहावलपुरी समाज अध्यक्ष बल्लू अरोरा, वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन, सिंधी समाज अध्यक्ष रमेश वासवानी, बबलू कहार, मनीष गोसिंधे, राजेश दीक्षित, मनजीत सिंह, कलार समाज के अध्यक्ष श्याम मालवीय, अन्य लोगों का सम्मान किया गया।

## औद्योगिक क्षेत्र में 500 से अधिक जगहों पर किया झंडा वंदन, हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

नपा अध्यक्ष अग्रवाल ने कार्यालय में फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। नगर में 500 से अधिक जगहों पर झण्डा रोहण किया गया। नगर पालिका मंडीदीप में अध्यक्ष प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल ने तिरंगा फहराया, थाना मंडीदीप में रंजीत सराठे, सतलापुर में विजय त्रिपाठी ने झंडा वंदन किया। नगर के उद्योगों में भी उद्योगपतियों ने अपने संस्थान में झंडा वंदन


नपा अध्यक्ष बच्चों के साथ गणतंत्र दिवस मनाते हुए।



गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।


गणतंत्र दिवस पर झंडा वंदन करते बंसल इंडस्ट्रीज के सदस्य।

### नपा के 21 दिन चले खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन

मंडीदीप नगर पालिका द्वारा लगातार 30 वर्षों से चल रहे स्कूली बच्चों के खेल एवं संस्कृतिक कार्यक्रमों का 26 जनवरी को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। नपा द्वारा 21 दिन तक लगभग 70 से अधिक शासकीय और प्राइवेट के स्कूली बच्चे खेलकूद में भाग लेते है, जिसमें मुख्य रूप से कबड्डी, खोखो, बेडमिंटन, क्रिकेट, दौड़, रस्साकसी, समेत कई खेलों का आयोजन किया जाता है। उसके बाद तीन दिन तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिसमें स्कूली बच्चे मंच पर एक से बढ़ कर एक रंगारंग प्रस्तुति दी, जिसमें भक्ति गीत और स्वच्छता को लेकर संदेश देते हुए गानों पर नृत्य प्रदर्शित किए गए। 26 जनवरी को विजेता स्कूल के करीब 1400 बच्चों को पुरस्कार वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया

## सतलापुर थाना प्रभारी त्रिपाठी और आरक्षक दायमा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर मंडीदीप के उप नगर औद्योगिक थाना के निरीक्षक विजय त्रिपाठी को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मौके पर रायसेन में जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पवार, जिला कलेक्टर रायसेन अरुण कुमार विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक रायसेन आशुतोष गुप्ता के समक्ष प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। ये सम्मान विजय त्रिपाठी द्वारा थाना क्षेत्र में घटित हुए घटना जिसमें चार मर्डर (अंधे कत्ल) की गुत्थी चंद दिनों में सुलझा कर आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया और नगर में दो बड़ी चोरी का पर्दाफाश किया। विजय त्रिपाठी को पिछले वर्ष भी बरेली पुलिस प्रभारी रहते हुए भी कई बड़े लूट और मर्डर का खुलासा किया। वहीं सहयोगी पुलिस आरक्षक राजेंद्र दायमा को भी जिला पुलिस अधीक्षक ने सराहना और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। नगर में लोगों ने त्रिपाठी और दायमा को बधाई दी है।








कॉलेज में झंडा वंदन करते हुए।

## वीर सावरकर शासकीय महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

**औबेदुल्लागंज।** 77वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में वीर सावरकर शासकीय महाविद्यालय में ध्वाजारोहण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।


ध्वजा रोहण करते पार्षद राजेश खटीक।

## चाणक्य इंग्लिश मीडियम स्कूल में पार्षद खटीक ने किया ध्वजारोहण

**औबेदुल्लागंज।** चाणक्य इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर पार्षद एवं हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक ने झंडा वंदन किया। चाणक्य स्कूल के संस्थापक सीएस सिंह, प्राचार्य भूपेंद्र कौर, अन्य स्टाफ सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### सरस्वती शिशु मंदिर में झंडा वंदन

**औबेदुल्लागंज।** महानगरीय बस सेवा औबेदुल्लागंज स्टैंड इंचार्ज सुरेंद्र सिंह थानेदार ने सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं के साथ गणतंत्र दिवस पर झंडा वंदन किया।



### मॉडर्न कान्वेंट स्कूल में पार्षद सेरिया ने किया झंडा वंदन

**औबेदुल्लागंज।** मॉडर्न कान्वेंट स्कूल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। पार्षद सुनील सेरिया ने झंडा वंदन किया। इसके बाद स्कूल के संचालक फूलसिंह राजपूत, प्रिंसिपल विशाखा शर्मा ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।



### दुष्कर्म का आरोपी हलवाई गिरफ्तार

**भोपाल।** दिसंबर में महिला के साथ दुराचार करने वाले आरोपी को पुलिस से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी भोपाल में घटना को अंजाम देने के बाद नीमच में छिपा हुआ था। इस मामले में फरियादी ने पुलिस में मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने शिकायत के बाद जांच विवेचना के आधार पर आरोपी को नीमच से गिरफ्तार करके भोपाल लेकर आई है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 8394 | | |
| दिन: | 250 | 76 | 600 |
| रात: | 256 | 31 | 399 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 157 | 32 | 570 |
| रात: | 789 | 40 | 479 |

### औबेदुल्लागंज नगर परिषद प्रांगण में हुआ गणतंत्र दिवस का मुख्य आयोजन

# नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे ने फहराया तिरंगा, स्कूली बच्चों ने दी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

गणतंत्र दिवस पर नगर परिषद प्रांगण में झंडा वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे की अध्यक्षता में ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद मां सरस्वती की पूजा की गई और मुख्यमंत्रीजी के संदेश का वाचन अध्यक्ष द्वारा किया गया। इसके बाद भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसमें बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।




उपाध्यक्ष नमिता बागिश अग्रवाल, पार्षद समीक्षा विक्रम यादव, भारती नरेशसेठी, प्रीति अनूप चौधरी, राजेश खटीक, सुजीत यादव, शंकरलाल इरपाचे, सरोज रामेश्वर नागर, राधा राजेंद्र साहू, सना आमीर ममनून, सुनील सेरिया, हेमलता मनोज चौरसिया, दीपेश परमार, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, विधायक प्रतिनिधि सोनू चौकसे, सुरजीत सिंह बिल्ले, नगर परिषद सीएमओ किरण राहगंडाले, मुकेश जैन, नगर परिषद के सभी अधिकारी कर्मचारी, अन्य गणमान्य नागरिक बंधु, विकासखंड शिक्षा, बीआरसी सतीश कुशवाहा, खेल टीचर, स्कूलों के संचालक, शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे। इस दौरान स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान खेल प्रतियोगिता में विजयी छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी-मेडल और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### विद्यार्थियों को दी ट्रॉफी

स्टेट लेवल से हुए खेले के विजेता खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले स्कूलों के विद्यार्थियों को भी प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार चाणक्य पब्लिक स्कूल एवं द्वितीय पुरस्कार संस्कार द फाउंडेशन एवं ब्राइड इंग्लिश मीडियम स्कूल को मिला। तृतीय पुरस्कार ग्लोबल स्कूल को दिया गया। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा समस्त नगरवासियों को शुभकामनाएं दी गई।



## सीएम राइज स्कूल में पार्षद भारती सेठी ने किया झंडा वंदन

**औबेदुल्लागंज।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास और देशभक्ति माहौल में मनाया गया। समारोह की शुरुआत वार्ड 2 की पार्षद भारती सेठी द्वारा झंडा वंदन के साथ हुई। झंडा फहराने के बाद राष्ट्रगान गाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य चंद्रावती अतुलकर ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं भी उपस्थिति रही। इसके बाद नगर में रैली निकाली गई जिसमें एनसीसी कैडेट्स, एनसीसी चीफ ऑफिसर आनंद तिवारी ने परेड किया। सांस्कृतिक समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य और गीतों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें अतिथियों ने खूब सराहा।



अपनी प्रस्तुति देते कैलाश खेर।



# सुरों की बारिश में भीगता शहर, कैलाश के कंसर्ट ने रचा यादगार पल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पद्मश्री से सम्मानित आध्यात्मिक गायक कैलाश खेर की सशक्त और भावपूर्ण आवाज ने मंगलवार की शाम को सुरों के रंग में रंग दिया। खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित म्यूजिकल कंसर्ट में कैलाश खेर की प्रस्तुति ने ऐसा समां बांधा कि हल्की बारिश भी दर्शकों के उत्साह को कम नहीं कर सकी। कंसर्ट की शुरुआत कैलाश खेर ने मप्र की सराहना करते हुए की। उन्होंने कहा मध्य प्रदेश ऐसा राज्य है, जहां प्यार और मोहब्बत की भरमार है, इसी वजह से मैं हमेशा इसकी सूरत से प्रभावित रहा हूं और इसे उन्होंने तौबा-तौबा रे तेरी सूरत से गाकर अपने अंदाज में बयां किया।

**खेलो एमपी यूथ गेम्स में पद्मश्री आध्यात्मिक गायक कैलाश खेर की प्रस्तुति पर झूमे श्रोता**



खेलो एमपी यूथ गेम्स में गीतों की प्रस्तुति देते कैलाश खेर।

### तेरी दीवानी..., अल्लाह के बंदे... की प्रस्तुति रही खास

*कंसर्ट के दौरान उन्होंने रंग दे नी..., तेरी दीवानी..., अल्लाह के बंदे...., बगड़ बम बम लहरी..., जयकारा...सहित अपने कई लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति दी। हर गीत पर दर्शकों का उत्साह चरम पर रहा और स्टेडियम सुरों व तालियों से गूंजता रहा। लगातार होती हल्की बारिश के बावजूद दर्शक अपनी जगह पर डटे रहे। सुर, साधना और समर्पण से भरी इस संगीत संध्या ने युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।*

### कैसे बताएं क्यूं तुझको चाहें

इसके बाद कैसे बताएं क्यूं तुझको चाहें गीत के दौरान उन्होंने दर्शकों से भी साथ गुनगुनाने का आग्रह किया। श्रोताओं की सामूहिक सहभागिता ने माहौल को और भी भावुक बना दिया। मुस्कराते हुए कैलाश खेर ने कहा कि यह गाना भले ही फिल्मी है, लेकिन आप सभी गुनगुनाएंगे तो इल्मी हो जाएगा।

---

## लोकधरोहर की अनुगूंज से सजी रवीन्द्र भवन और एमवीएम में 'लोकरंग' की सांस्कृतिक संध्या

# लोक की आत्मा संग नजर आया लोकगायन बासन प्रदर्शनी में दिखे 100 वर्ष पुराने बर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिर्फ उत्सव नहीं, बल्कि भारत की लोक-आत्मा का उत्सव 'लोकरंग' में लोक परम्परा के वाहक जनजातीय कलाकारों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने लोक को अंचल से जोड़ने का कार्य किया। 77वें गणतंत्र दिवस पर रवीन्द्र भवन एवं एमवीएम ग्राउंड में आयोजित 41वें 'लोकरंग' उत्सव में मंगलवार की शाम नृत्य-नाट्य हीराखान सिंह की प्रस्तुति के साथ ही राजस्थान का भवई, मथुरा का मनोहारी मयूर नृत्य, धार का ऊजार्वान भील जनजातीय नृत्य तथा भोजपुरी और मैथिली लोकगायन की सजीव प्रस्तुतियों ने समा को लोक के रंग में रंग दिया।

■ **भोजपुरी और मैथिली लोकगायन की सजीव प्रस्तुतियों ने समा**

वहीं, विभिन्न जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुति के साथ ही लोक रंग उत्सव में करीब 300 जीवन उपयोगी बर्तनों को प्रदर्शित करती बहुवर्णी बासन प्रदर्शनी का संयोजन भी खास रहा।

समारोह के समन्वयक नरेन्द्र सिंह ने बताया कि करीब 100 वर्ष पुराने यह बर्तन बघेलखंड, बुंदेलखंड, मालवा और निमाड़ में पारंपरिक रूप से उपयोग किए जाते रहे हैं, जिसमें लकड़ी-बांस और मिट्टी से बने बर्तनों के साथ कांसा, तांबा, पीतल, जस्ता, गिलट और पत्थर के बर्तन प्रदर्शित किए गए हैं।



रवींद्र भवन में 'लोकरंग' उत्सव में मंगलवार को नृत्य-नाट्य की प्रस्तुति देते कलाकार।

### हीराखान के शौर्य की गाथा कहता 'राजा हीराखान सिंह'

1 घंटे 33 मिनट का नृत्य नाट्य हीराखान सिंह में 'राजा हीराखान सिंह' में दिखाया कि कैसे राजा ने अपने बल और पराक्रम से बड़े बड़े योद्धाओं को परास्त किया तो वहीं दिल्ली की वंदना भारद्वाज एवं साथी कलाकारों ने भोजपुरी, मैथिली लोक गीतों की धुन से समा को सुरों की लहरियों में पिरो दिया। उन्होंने भगवती वंदना जय जय भैरवी असुर भयावनी... से प्रस्तुति की शुरुआत की। इसके बाद लोक भजन का लेके शिव के मनाइब हो शिव मानते नाहीं..., अगली कड़ी में कजरी- सावन के आईल महीनवां हो सखी... की प्रस्तुति दी।




नाट्य हीराखान सिंह की प्रस्तुति देते हुए।



'लोकरंग' उत्सव में गीतों की प्रस्तुति देते कलाकार।

### 50 साल से ज्यादा चलती सीतापुर की 'दरी'




देश के अनेकों स्थानों से आएं जनजातीय कलाकारों ने लोकरंग प्रदर्शनी भी लगाई। इसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश सीतापुर से आए कॉटन दरी के व्यापारी अब्बास खान ने कहा कि हम ओर्गेनिक दरी बनाते हैं। इसकी खासियत है कि यह एक दो नहं बल्कि 50 साल तक चलती है और उसको बनाने में 20 से 25 दिन का समय लगता है।

### कश्मीरी भेड़ और सिंथेटिक ऊन से बनी स्लीपर

वहीं, प्रदर्शनी में राजस्थान से आए अनीस मियां कश्मीरी भेड़ की ऊन और सिंथेटिक ऊन से बनी हुई स्पेशल होम स्लीपर लेकर आए हैं, इस स्लीपर स्टाइल को नर्मदा वर्क कहा जाता है जो की पूरे भारत में सिर्फ एक जगह राजस्थान के जिला टोंक में बनाई जाती है, इस स्लीपर की कीमत दो सौ से लेकर एक हजार तक है।



### 15 दिन में तैयार होता जूट से बना वॉल पोश



राजस्थान से आए आर्टिस्ट पुरुषोत्तम ने बताया कि हमारे द्वारा सभी चीजों को हाथों से बनाया गया हैं, उसमें सबसे अहम है वॉल पोश या वॉल हैंगिंग, पूरी तरह जूट से तैयार इस वॉल पोश की खासियत है कि एक वॉल वोश को बनाने में लगभग 15 दिन का समय लगता है और इसमें एक विशेष तरह के कॉटन का प्रयोग किया जाता है।



### गौधुली बेला में लोकनृत्यों की प्रस्तुति ने बांधा समा

गौधुली बेला में लोकनृत्यों की प्रस्तुति हुई। राजस्थान के जगदीश पंचारिया ने राजस्थान के पारंपरिक लोक नृत्य भवई पेश किया, तो वहीं गीतांजलि शर्मा एवं साथी कलाकारों ने मयूर रास की प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। मयूर रास उत्तरप्रदेश के ब्रज क्षेत्र के प्रमुख नृत्यों में से एक है। धार के मनीष सिसौदिया भील जनजातीय नृत्य पेश किया जिसमें भगोरिया नृत्य, भगोरिया हाट में होली को दर्शाया गया।

### लोकधुनों में मिट्टी की सौंधी महक से महका 'लोकराग'

वहीं लोकराग लोकधुनों में मिट्टी की सौंधी महक के रूप में साक्षी पटेरिया ने बुंदेली लोकगायन की सुरमयी प्रस्तुति दी तो वहीं धरोहर श्रृंखला में पंजाब के जसबिंदर सिंह एवं साथी कलाकारों ने गिद्दा नृत्य की प्रस्तुति दी तो वहीं जगदीश पंचारिया एवं साथी कलाकारों ने घूमर नृत्य की प्रस्तुति देकर राजस्थानी लोक को रविंद्र भवन में जीवंत कर दिया।



---

*पद्मश्री आध्यात्मिक गायक कैलाश खेर से हरिभूमि की खास बातचीत*

# हम रहते फिल्मों में हैं, जीते इल्मों में हैं.....

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अब फिर से वही सनातन-संस्कृति का दौरा आ गया है, अब भक्ति गीतों की क्लबिंग हो रही है। कैलाश बैंड की प्रस्तुति पर सिर्फ साधु-संत ही नहीं, बल्कि यूथ भी झूम रहा है और ऐसा झूम रहा है कि मानों नशे में है, नशा है, लेकिन यह नशा भक्ति का है अध्यात्म का है।

श्रोता शिवत्व की धुन में रमा हुआ नजर आता है। यह नशा हमारे शब्दों में है, हमारे विचारों में है, ईश्वरत्व को महसूस करने में है। क्योंकि भले ही हम फिल्मी दुनिया में रह रहे हैं, आध्यात्मिक गीतों के साथ फिल्मी गीतों को अपनी आवाज दी, लेकिन कभी निचले स्तर के शब्दों का प्रयोग नहीं किया, हमारी गायकी सिर्फ शिव को समर्पित है इसलिए मैं कहता हूं कि हम रहते फिल्मों में हैं, जीते इल्मों में हैं...। यह कहना है पद्मश्री अध्यात्मिक गायक कैलाश खेर का, जो मंगलवार को खेलो एमपी यूथ गेम्स में प्रस्तुति देने आए और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने अनुभव साझा किए।



हरिभूमि चर्चा

कैलाश खेर, गायक

### मेरे जीवन के कठिन दौर पर आधारित पुस्तक 'शिव के कैलाश, कैलाश के शिव' होगी लांच

*'तेरी दीवानीः शब्दों के पार' किताब लिखने वाले कैलाश कहते हैं कि आने वाले समय में मेरी पुस्तक 'शिव के कैलाश, कैलाश के शिव' आने वाली है, जिसमें मेरे जीवन के कठिन पड़ावों से लेकर जीवन के अनुभवों और सीख को शामिल किया है। उन्होंने कहा बचपन में घर छोड़ दिया, आश्रमों में रहा, साधु संतों के बीच पला बढ़ा, वहीं भक्ति गीत लिखता और गाता, कभी फिल्मी गीत नहीं सुने, गजल, कव्वाली कुछ नहीं सुनी, बस शिव की धुन में रमा रहा, वही गीत गाता।*

### आज मेरा ईश्वर मेरे पीछे निवाला लेकर घूम रहा है..

उन्होंने कहा कि मुंबई आध्यात्मिक एलबम निकालने, लेकिन लोगों ने मुझे योगी कहा, बेरागी कहा, मेरा मजाक उड़ाया, अंग्रेजी बोलते और मेरा मजाक उड़ाते, लेकिन मुझे फर्क नहीं पड़ा, मैं बस अपने आराध्य की आराधना में गाता चला गया और आज मेरे पास एक दिन का भी वक्त नहीं है, मैं तो बस यही कहूंगा कि एक वक्त था कि मैं एक निवाले के लिए मेहनत करता था, अध्यात्म की धुन में गाता था। आज मेरा ईश्वर मेरे पीछे निवाला लेकर घूम रहा है। न्यूयार्क के एक हॉस्पिटल से मुझे पता चला कि दुनिया से अलविदा कहता हुआ व्यक्ति अपने अंतिम समय में प्ले लिस्ट पर मेरे गीतों को चलवाता है और कैलाशा को सुनते-सुनते दुनिया से अलविदा कहता है, वहीं कई बार मुझे बताया गया कि प्रसव पीड़ा से जूझती गर्भवती महिला भी अपनी पीड़ा को दूर करने कैलाशा के गीतों को सुनती है।

---

## 'आत्मबोध से विश्वबोध' अवधारणा पर आधारित होगा 'जश्ने उर्दू'

**भोपाल।** मप्र उर्दू अकादमी एवं मप्र संस्कृति विभाग द्वारा 'जश्ने उर्दू-2026 ' का आयोजन 30 जनवरी से 2 फरवरी तक गोलघर भोपाल में किया जा रहा है। यह आयोजन केवल एक साहित्यिक उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय बहुलतावादी संस्कृति की उस जीवंत परंपरा का उत्सव है, जिसमें भाषा, साहित्य और कला राष्ट्रीय चेतना के सशक्त माध्यम के रूप में सामने आते हैं। इस वर्ष जश्ने उर्दू की केंद्रीय अवधारणा 'आत्मबोध से विश्वबोध' निर्धारित की गई है, जो वर्तमान समय की वैचारिक आवश्यकता को रेखांकित करती है। यह जानकारी मंगलवार को उर्दू अकादमी द्वारा गोलघर में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी गई।

**केवल पाठ्य विषय नहीं, बल्कि लोकजीवन से जुड़ा हुआ जीवंत अनुभव है 'साहित्य':** निदेशक उर्दू अकादमी डॉ नुसरत मेहदी ने कहा कि 'जश्ने उर्दू-2026' के अंतर्गत उर्दू साहित्य के विविध पक्षों-शिक्षा, संस्कृति, स्त्री विमर्श, सामाजिक समरसता, सह-अस्तित्व, सांस्कृतिक चेतना तथा राष्ट्रबोध पर गंभीर और सार्थक विमर्श किया जाएगा। मुशायरे, बैतबाजी, संगीत, नाट्य, कव्वाली, हास्य-व्यंग्य, उर्दू की फिल्मी यात्रा और संगोष्ठियों के माध्यम से यह आयोजन यह संदेश देता है कि साहित्य केवल पाठ्य विषय नहीं, बल्कि लोकजीवन से जुड़ा जीवंत अनुभव है।

## बिड़ला संग्रहालय में दो दिनी डाक टिकट प्रदर्शनी

# भारत की संप्रभुता, इतिहास और सांस्कृतिक को दर्शाते डाक टिकट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डाक टिकट किसी भी देश की पहचान और उसके ऐतिहासिक मूल्यों का प्रतीक होते हैं। भारत में संविधान के निर्माण से लेकर उसके लागू होने तक की पूरी यात्रा को डाक विभाग ने विभिन्न विशेष डाक टिकटों के माध्यम से संजोया गया है। बिड़ला संग्रहालय में दो दिवसीय डाक टिकट प्रदर्शनी का आयोजन किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित यह प्रदर्शनी भारत की संप्रभुता, इतिहास और सांस्कृतिक मूल्यों को दर्शाने वाले दुर्लभ डाक टिकटों का अनूठा संग्रह प्रस्तुत करती है।

### महापुरुषों पर आधारित विशेष डाक टिकट

*महात्मा गांधी के आदर्शों और सिद्धांतों की छाप भारतीय संविधान में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है, जो भारत की लोकतांत्रिक सोच को मजबूत आधार प्रदान करती है। प्रदर्शनी में शाहिद हसन खान द्वारा संकलित महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस सहित अन्य महापुरुषों पर जारी डाक टिकट प्रदर्शित किए गए। इन टिकटों के माध्यम से देश के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले महान व्यक्तित्वों को श्रद्धांजलि दी गई।*

## राम आस्था मिशन के साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

# अग्रोहा क्लब ने रोपे 50 से अधिक फलदार पौधे



पौधरोपण अभियान में शामिल हुए अग्रोहा क्लब के सदस्य।

**भोपाल।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरक कदम उठाते हुए अग्रोहा क्लब की सदस्यों ने मंगलवार को भदभदा स्थित रामवन ताज साइट पर व्यापक पौधरोपण अभियान चलाया। यह स्थल राम आस्था मिशन द्वारा संरक्षित और संवर्धित किया जा रहा है, जहां प्रकृति, आस्था और पर्यावरण संरक्षण का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। इस विशेष अवसर पर क्लब की सदस्यों ने 50 से अधिक फलदार पोधों का रोपण किया। आम, अमरूद, जामुन जैसे पौधों को रामवन तकनीक के माध्यम से रोपा गया, जिससे भविष्य में यह क्षेत्र न केवल हरित आवरण से सुसज्जित होगा, बल्कि स्थानीय जैव विविधता को भी समृद्ध करेगा। सदस्यों ने लगभग 10 फीट ऊंचे पौधे रोपे। कार्यक्रम के दौरान राम आस्था मिशन के बोर्ड सदस्य एवं पूर्व आईएफएस अधिकारी आरपी सिंह उपस्थित हुए।

## प्रदेशभर के पुष्प उत्पादक, व्यवसायी और वैज्ञानिक होंगे सम्मिलित

# पुष्प उत्पादन को व्यवसायिक स्वरूप देने राज्य स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी 30 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में पुष्प उत्पादन को व्यावसायिक स्वरूप दिया जाएगा। पुष्पों के उत्पादन के प्रति किसानों को आकर्षित करने 30 जनवरी को गुलाब उद्यान में राज्य स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा किया जाएगा। प्रदर्शनी में पुष्प उत्पादक कृषक, पुष्प विशेषज्ञ, नर्सरी व्यवसाय से जुड़े उद्यमी, पुष्प उत्पादक संस्थाओं के प्रतिनिधि, कृषि विश्वविद्यलयों के छात्र तथा पुष्प प्रेमी शामिल होंगे। यह कहना है उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह का जो मंगलवार को गुलाब उद्यान में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे।



पत्रकारवार्ता में जानकारी देतेमंत्री नारायण सिंह कुशवाह।

### 40 हजार किसान फूलों की खेती से जुड़े

मध्यप्रदेश पुष्प उत्पादन में देश में द्वितीय स्थान पर है। प्रदेश के लगभग 45 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में फूलों की खेती की जा रही है, जिसमें 5 लाख मी. टन फूलों का उत्पादन प्रतिवर्ष हो रहा है। प्रदेश में लगभग 40 हजार किसान फूलों की खेती से जुडे हुए है। राज्य शासन का लक्ष्य फूलों के उत्पादन के व्यवसायिक स्वरूप प्रदान कर आय को दोगुना करना है।

**उज्जैन के आस-पास 100 एकड़ में फूल उत्पादन का विशेष क्लस्टर हो रहा तैयार:** उद्यानिकी विभाग द्वारा 2028 में होने वाले सिंहस्थ मेले को बड़े अवसर के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर उज्जैन के आस पास लगभग 100 एकड़ में फूल उत्पादन का विशेष क्लस्टर विकसित करने पर कार्य किया जा रहा है।

---

## एसजीएसयू में एमपी स्किल कॉम्पिटिशन 2026 का आयोजन


**भोपाल।** स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी भोपाल में युवाओं के कौशल विकास और तकनीकी दक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एमपी स्किल कॉम्पिटिशन 2026 का आयोजन हुआ। यह प्रतियोगिता भारत सरकार की इंडिया स्किल्स एंड वर्ल्ड स्किल्स इंडिया पहल के तहत आयोजित हुई, जिसमें प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें 10वीं-12वीं उत्तीर्ण, आईटीआई एवं कॉलेज स्तर के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। स्पर्धा में तकनीकी ज्ञान, प्रायोगिक कौशल, रचनात्मकता और समस्या-समाधान क्षमता का आकलन किया गया।

## रामकृष्ण रंगोत्सव के अंतर्गत अभिनय मंच में नाटक 'दास्तान-ए-भोपाल' और 'डेढ़ इंच ऊपर' का मंचन

# भोपाल के इतिहास, संस्कृति और संघर्ष को प्रस्तुत करता 'दास्तान-ए-भोपाल'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

'दास्तान-ए-भोपाल' एक अद्भुत नाटक है जो भोपाल के इतिहास, संस्कृति, और संघर्ष को बहुत ही प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करता है। दास्तानगोई की परंपरा में रचित यह नाटक भोपाल को एक जीवंत शहर के रूप में दर्शाता है, जिंसमें रानी कमलापति, नवाब सिद्दीक हसन खान, शाहजहां बेगम, खान शाकिर अली खान, और डॉ. शंकर दयाल शर्मा जैसे महत्वपूर्ण व्यक्तियों की कहानियां शामिल हैं। 'दास्तान-ए-भोपाल' की इस अद्भुत गाथा पर आधारित नाटक का मंचन मंगलवार शाम अभिनय मंच में किया गया।



नाटक की प्रस्तुति देते कलाकार।

### एक इंसान अपनी जिंदगी में कई यादों से घिरा

## प्रेम, रिश्ते और दर्द की उम्दा व्याख्या करता 'डेढ़ इंच ऊपर'

एक इंसान अपनी जिंदगी में कई यादों से घिरा रहता है और इन यादों में प्रेम, रिश्ते और पीड़ा सब शामिल हैं। इंसान की आंतरिक दुनिया, अकेलेपन, रिश्तों के टूटने और जीने की मजबूरी को दिखा गया नाटक डेढ़ इंच ऊपर। यह नाटक एक मोनोलग (एकल संवाद) के रूप में लिखा गया है। इसमें एक व्यक्ति (नायक) मंच पर बैठकर अपनी डायरी, यादें, पीडा, प्रेम और जीवन के अनुभव दर्शकों से साझा करता है।

### सत्ता के केंद्र से लेकर लोकतंत्र की प्रयोगशाला तक की यात्रा दिखाता 'दास्तान-ए-भोपाल'



'दास्तान-ए-भोपाल' में भोपाल का चित्रण एक ऐसे शहर के रूप में किया गया, जो सत्ता के केंद्र से लेकर लोकतंत्र की प्रयोगशाला तक की यात्रा करता है। यह नाटक दर्शाता है कि भोपाल की पहचान उसकी इमारतों से नहीं, बल्कि उसके लोगों, उनकी तहजीब, और उनके संघर्ष से बनती है।

## देशभक्ति एवं सामाजिक जागरुकता का दिया संदेश

# मानव संग्रहालय में अमेजिंग कार रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया की यूथ विंग एवं महिला विंग हार्मोनी के द्वारा मानव संग्रहालय में अमेजिंग कार रैली का आयोजन किया गया। यह विशेष वाहन रैली पूर्णतः महिला कार चालकों द्वारा संचालित की गई, जो ऑपरेशन सिंदूर की सफलता, महिला सशक्तिकरण,आत्मनिर्भरता एवं नेतृत्व क्षमता का सशक्त प्रतीक बनी।

रैली में 38 महिला कार चालकों ने ट्रैफिक के नियमों का पालन करते हुए सक्रिय सहभागिता की तथा देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश समाज तक पहुंचाया। कार रैली में प्रथम स्थान संगीता हरवानी को, द्वितीय महेंद्र मनवानी तथा तृतीय स्थान दिशा गुदलानी को प्राप्त हुआ। यह रैली सफल रिट्रीट प्रेम पूरा, वन विहार से प्रारंभ होकर कालियासोत एडवेंचर जोन, प्रेमपुरा वन विहार के पास में संपन्न हुई।



## झांकियां गणतंत्र दिवस का गौरव

# 'वंदे मातरम के 150 साल' की थीम पर कर्तव्य पथ पर जीवंत हुईं झांकियां

77वें गणतंत्र दिवस परनई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित भव्य परेड ने भारत की एकता, विविधता और विकास यात्रा की शानदार तस्वीर पेश की। राज्यों और केंद्रीय मंत्रालयों की झांकियों में देश की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक गौरव, आत्मनिर्भर भारत का संकल्प और 'वंदे मातरम' की भावना प्रभावशाली रूप से दिखाई दी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर समारोह राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने, भारत की सैन्य शक्ति और सांस्कृतिक विविधता का अनूठा संगम दिखा। इस मौके पर अलग-अलग झांकियों के जरिए देश की उपलब्धियों को चिह्नित किया।

इसमें ऑपरेशन सिंदूर से लेकर आत्मनिर्भर भारत और वंदे मातरम के इतिहास से लेकर अंतरिक्ष में भारत की उपलब्धियों को पेश किया। कुल 30 झांकियां- राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की 17 और मंत्रालयों/विभागों/सेवाओं की 13 झांकियां शामिल रहीं। वंदे मातरम' और 'समृद्धि का मंत्रः आत्मनिर्भर भारत' के व्यापक विषय के साथ झांकी 150 वर्षों के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम और देश की समृद्ध और जीवंत सांस्कृतिक विविधता में डूबी बढ़ती आत्मनिर्भरता के पीछे देश की तीव्र प्रगति को प्रदर्शित किया।




**केंद्रीय लोक निर्माण विभाग**

केंद्रीय लोक निर्माण विभाग की झांकी 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने की थीम पर आधारित रही। इसमें मातृभूमि के प्रति प्रेम, राष्ट्रीय एकता और विकास में बुनियादी ढांचे की भूमिका को दर्शाया गया।



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में गणतंत्र दिवस परेड के झांकी कलाकारों के साथ समूह तस्वीर खिंचवाई।

## खबर संक्षेप

### 'जन नायकन' के रिलीज पर सस्पेंस बरकरार



**चेन्नई।** एक्टर विजय की फिल्म 'जन नायकन' अपनी रिलीज को लेकर विवादों में है। मामला कोर्ट पहुंचा। विजय स्टारर फिल्म के मेकर्स ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन द्वारा सेंसर सर्टिफिकेट जारी न किए जाने के बाद कोर्ट का रुख किया था। 20 जनवरी को मद्रास हाईकोर्ट में सुनवाई हुई थी।

### उधमपुर में बस-बाइक की टक्कर, 4 की मौत



**उधमपुर।** जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाइवे पर मंगलवार को एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना उधमपुर जिले के शारदा माता के पास हुई, जहां एक बस और एक मोटरसाइकिल के बीच जोरदार टक्कर हो गई। अधिकारियों ने बताया कि बस उधमपुर की ओर जा रही थी।

### कांग्रेस की बैठक से नदारद रहे थरूर



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर एक बार फिर से पार्टी की एक अहम बैठक से दूर नजर आए हैं। आगामी बजट सत्र से पहले पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के दिल्ली स्थित आवास पर हुई बैठक में पार्टी के तमाम बड़े नेता उपस्थित हुए। बैठक में बजट सत्र के लिए सरकार को घेरने की रणनीति तैयार की जानी थी।

### भंडारा- गडचिरोली माग जल्द बनकर होंगे तैयार



**मुंबई।** महाराष्ट्र मंत्रिमंडल की इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधा समिति की बैठक में कुछ महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स की समीक्षा की गई और जरूरी फैसले लिए गए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में बैठक में नागपुर-गोंदिया, भंडारा- गडचिरोली महामार्ग के कार्यों को गति प्रदान करने की बात कही गई।

## विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नए नियमों पर देशभर में मचा बवाल

# समान अवसरों को लेकर भेदभाव किया गया नियमों में जाति आधारित भेद का 'बड़ा आरोप'




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के हाल में जारी नियमों को चुनौती देने के लिए सुप्रीम में एक याचिका लगाई गई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि इन नियमों में जाति आधारित भेदभाव की परिभाषा अपनाई गई है और संस्थागत सुरक्षा से कुछ श्रेणियों को बाहर कर दिया गया है। याचिका में केंद्र सरकार और यूजीसी को अंतरिम निर्देश देने की मांग की गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन नियमों के तहत बनाए गए समान अवसर केंद्र और समानता समिति बिना किसी भेदभाव के उपलब्ध हों।

याचिका में कहा गया है कि यूजीसी के हाल में अधिसूचित 'उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने संबंधी विनियम, 2026' का नियम 3 (सी) 'गैर-समावेशी' है और जो छात्र एवं शिक्षक आरक्षित श्रेणियों के नहीं हैं, उन्हें सुरक्षा प्रदान नहीं करता है। विनीत जिंदल द्वारा दाखिल याचिका में इन विनियमों की इन आधार पर आलोचना की गई है कि जाति आधारित भेदभाव को सख्ती से एससी-एसटी और ओबीसी के सदस्यों के खिलाफ भेदभाव के रूप में परिभाषित किया गया है।

### संस्थान के उद्देश्य सही, पर बदलाव जरूरी: एबीवीपी

*संस्थागत सुरक्षा से कुछ श्रेणियों को बाहर कर दिया*

*केंद्र सरकार और यूजीसी को अंतरिम निर्देश देने की मांग*



भाजपा का छात्र संगठन एबीवीपी भी खुलकर यूजीसी नियमों के विरोध में आ गया है। एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि यूजीसी के विवादित नियमों में बड़े बदलाव की आवश्यकता है। उन्होंने कहा है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी अधिसूचना 'विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्धन हेतु) विनियम, 2026' का उद्देश्य सही है, लेकिन सामान्य वर्ग के छात्रों की चिंताओं को देखते हुए इसमें बदलाव की आवश्यकता है। एबीवीपी नेता ने कहा कि प्रत्येक नागरिक के पास समान अधिकार होना चाहिए।

## छात्रों ने किया दिल्ली में प्रदर्शन का ऐलान

### नियमों से परिसरों में होगी अराजकता

दिल्ली में मंगलवार को कुछ छात्रों ने यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है। ये छात्र मुख्यालय के बाहर इकट्ठा हुए। उनका कहना है कि नए नियमों से कॉलेज और विश्वविद्यालयों में अव्यवस्था फैल सकती है। विरोध कर रहे छात्रों ने सभी छात्रों से एकजुट होने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि नियम भेदभावपूर्ण हैं और छात्रों को आवाज उठानी चाहिए। छात्रों का कहना है कि तभी उनका विरोध मजबूती से सामने आ पाएगा। नए नियम सामान्य वर्ग के छात्रों की व्यापक आलोचना को जन्म दिया है, जो तर्क देते हैं कि यह ढांचा उनके खिलाफ भेदभाव का कारण बन सकता है।

### नए नियमों पर छात्रों की आपत्ति और अराजकता की आशंका

जाति आधारित भेदभाव को रोकने के लिए लागू किए गए नए नियमों के तहत यूजीसी ने संस्थानों को




शिकायतों, विशेष रूप से एससी-एसटी और ओबीसी के छात्रों की शिकायतों को संभालने विशेष समितियां, हेल्पलाइन और निगरानी दल गठित करने को कहा है। दिल्ली विश्वविद्यालय के पीएचडी छात्र आलोकित त्रिपाठी ने कहा कि नए नियमों से कॉलेजों में पूरी तरह से अराजकता फैल जाएगी क्योंकि अब सबूत का बोझ पूरी तरह से आरोपी पर आ जाएगा और गलत तरीके से आरोपी ठहराए गए छात्रों के लिए कोई सुरक्षा उपाय नहीं होंगे।

### नेताओं ने दी मिलीजुली प्रतिक्रियाएं

#### भाजपा को डबल लाभः उदित राज



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उदित राज को आशंका है कि भाजपा को इससे डबल फायदा हो सकता है। उदित राज ने सवर्णों की ओर से किए जा रहे विरोध के पीछे साजिश का दावा करते हुए कहा कि अधिकतर भाजपा और आरएसएस के समर्थक ही ऐसा कर रहे हैं। विरोध के बावजूद दलित, ओबीसी और आदिवासी भाजपा से खुश हो जाएंगे।

#### नियम भेदभाव को बढ़ाएगाः चतुर्वेदी



शिवसेना उद्धव गुट ने भी इस नियम के खिलाफ मोर्चा खोला है। सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि यह नियम यूनिवर्सिटियों में भेदभाव को बढ़ाएगा। चतुर्वेदी ने यूजीसी के नए नियमों को भेदभाव करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि इन नियमों से यूनिवर्सिटियों में भेदभाव कम होने की जगह लगातार बढ़ता जाएगा।

#### कुछ गलत नहीं कियाः राम गोपाल



समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव ने यूजीसी के नए नियमों का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि यूजीसी ने कुछ भी गलत नहीं किया है। यूजीसी ने केवल उन लोगों को शिकायत का अधिकार दिया है, जिनके खिलाफ अन्याय हो रहा था।

### संस्थानों के अंदर इक्विटी कमेटी सुनेगी शिकायत

## दिग्विजय की अध्यक्षता वाली समिति ने की थी यह सिफारिश

यूजीसी ने हाल ही में एक अधिसूचना जारी की है, जिसके अनुसार सभी यूनिवर्सिटीज, कॉलेजों और उच्च शिक्षण संस्थानों को अपने संस्थानों के अंदर एक इक्विटी कमेटी बनानी होगी। ये



कमेटी उस संस्थान के अंदर एससी-एसटी या ओबीसी कैटगरी के छात्रों, शिक्षकों या गैर शिक्षण कर्मियों के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी शिकायतें सुनेंगी और तय समय-सीमा में उसका निपटारा करेगी। देशभर का सवर्ण समाज इस नियम का विरोध कर रहा है। बड़ी बात यह है कि जिस संसदीय समिति की सिफारिश पर यूजीसी ने यह कानून बनाया है, उसके अध्यक्ष कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह है। उनके साथ इस समिति में कुल 30 सदस्य हैं। इनमें कई भाजपा के सांसद हैं।

### शिक्षा, महिला बच्चों, युवा और खेल पर समिति ने की सिफारिश

यह सिफारिश शिक्षा, महिला, बच्चों, युवा और खेल पर संसद की स्थाई समिति ने की है। दिग्विजय समिति के अध्यक्ष हैं। इसमें 21 लोकसभा और 9 राज्यसभा के सांसद हैं। समिति में भाजपा के 16, कांग्रेस के 4, सपा के 3, तृणमूल के 2, सीपीएम के 1, डीएमके के 1, एनसीपी (अजीत ) के 1, एनसीपी (शरद ) के 1 और आम आदमी पार्टी की 1 सदस्य शामिल हैं।

### ये हैं समिति के सदस्यों में शामिल

*संसद की वेबसाइट पर उपलब्ध नामों के मुताबिक इस समिति में राज्यसभा से दिग्विजय के अलावा भीम सिंह (भाजपा राज्यसभा के सांसद) बिकास रंजन भट्टाचार्य (सीपीएम नेता और बंगाल से राज्यसभा सांसद), घनश्याम तिवाड़ी (भाजपा नेता, राज्यसभा सांसद), रेखा शर्मा (भाजपा नेता और राज्यसभा सांसद और महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष), सी. सदानंदन मास्टर (केरल भाजपा के उपाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद), सिकंदर कुमार (भाजपा नेता, राज्यसभा सांसद), सुनेत्रा पवार (एनसीपी नेता और राज्यसभा सांसद) और स्वाती मालीवाल (आप की पूर्व नेता और राज्यसभा सांसद) हैं।*

### बंगाल में हुंकार भरेंगे भाजपाध्यक्ष

## दुर्गापुर व आसनसोल पहुंचेंगे, पार्टी कार्यकर्ताओं को देंगे एकता का मंत्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिम बंगाल में चुनाव नजदीक है। इसे देखते हुए भाजपा पूरे दमखम से साथ चुनावों की तैयारियों नें जुटी हुई नजर आ रही है। अब भाजपा के नए अध्यक्ष नितिन नवीन का पश्चिम बंगाल दौरा करेंगे। अध्यक्ष पद संभालने के बाद से यह उनका पहला दौरा हो सकता है। वे दुर्गापुर और आसनसोल के औद्योगिक क्षेत्र का दो दिन के दौरे के लिए जा सकते हैं। मंगलवार शाम को बंगाल के घरेलू हवाई अड्डे अंडाल एयरपोर्ट पर पहुंचे। बुधवार तक पश्चिम बर्धमान जिले में रहेंगे। वे संगठनात्मक बैठकों और कार्यकर्ताओं में एकता बढ़ाने के काम करेंगे। नवीन पहले दौरे के दौरान राजधानी कोलकाता नहीं जा रहे हैं। इससे कई राजनीतिक अटकलें भी लगाई जा रही है। लेकिन पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि दुर्गापुर-आसनसोल का चुनाव प्रतीकात्मक नहीं बल्कि रणनीतिक है। ऐसे संकेत थे कि वह बर्धमान जाते समय कोलकाता में रुक सकते हैं। वे शाम को दुर्गापुर के चित्रालय मेला ग्राउंड में कमल मेला में शामिल हुए, जिसके बाद संगठनात्मक बैठक होगी।

### शाह बोले- संतों का आशीर्वाद जरूरी

## सनातन को नजरअंदाज करने वाले लोग कभी सरकार नहीं बना पाएंगे

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सनातन धर्म और उसकी परंपराओं को लेकर बड़ा राजनीतिक बयान दिया है। गुजरात के गांधीनगर में स्वामीनारायण संप्रदाय के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जो सरकार सनातन धर्म के अनुयायियों को निराश करती है, वह देश में दोबारा सत्ता में नहीं लौट सकती। उनके इस बयान को आने वाले राजनीतिक हालात और सांस्कृतिक विमर्श से जोड़कर देखा जा रहा है।

#### 'शिक्षापत्री' पर आधारित था कार्यक्रम

यह कार्यक्रम स्वामीनारायण संप्रदाय के पवित्र ग्रंथ 'शिक्षापत्री' के 200 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित किया गया था। शिक्षापत्री में 212 संस्कृत श्लोक हैं, जिन्हें भगवान स्वामीनारायण ने 1826 में लिखा था। यह ग्रंथ अनुयायियों के लिए आचरण, नैतिकता, समाज और आध्यात्मिक जीवन का मार्गदर्शन करता है। अमित शाह ने कहा कि आजादी के बाद लंबे समय तक सनातन परंपराओं को उचित सम्मान देने वाली सरकार की प्रतीक्षा रही।

## सरकार ने सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों से की चर्चा तो विपक्ष सरकार को घेरने के लिए लामबंद

### आज राष्ट्रपति के अभिभाषण से होगी बजट सत्र की शुरूआत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के बुधवार से शुरू हो रहे बजट सत्र के हंगामेदार होने के पूरे आसार हैं। विपक्षी दल कई मुद्दों पर सरकार को घेरने के लिए लामबंद हैं। कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों ने मंगलवार को कहा कि बुधवार से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र में मनरेगा, मोदी सरकार की विदेश नीति, अमेरिकी शुल्क, डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत में गिरावट, वायु प्रदूषण और जनहित के कई अन्य विषयों को उठाया जाएगा। बावजूद इसके सरकार द्वारा मंगलवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में बजट सत्र को लेकर चर्चा की गई, हालांकि कांग्रेस



किरेन रिजिजू, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा

ने इसे लेकर विरोध दर्ज कराया कि सरकार ने कोई विधायी एजेंडा सामने नहीं रखा है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को सर्वदलीय बैठक हुई। जिसके बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि केंद्र सरकार संसद के बजट सत्र से पहले सभी राजनीतिक दलों के सुझाव सुनने को तैयार है। उन्होंने कहा कि चर्चा संसदीय नियमों के मुताबिक ही होनी चाहिए।

ज्ञात हो कि बजट सत्र आज 28 जनवरी से शुरू होगा और 2 अप्रैल तक चलेगा। पहला चरण 28 जनवरी से 13 फरवरी तक। जबकि दूसरा चरण 9 मार्च से 2 अप्रैल तक होगा। सत्र में कुल 30 बैठकें होंगी। वहीं, 1 फरवरी को 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सत्र की शुरुआत में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों की सुयंक्त बैठक को संबोधित करेंगी।

बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए रिजिजू ने कहा कि नियमों के अनुसार, चर्चा सिर्फ बजट पर ही होनी चाहिए। सत्र की शुरुआत में राष्ट्रपति संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी।

## परम मित्र मानव निर्माण संस्थान ने किया प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित

# स्व. चौधरी मित्र सेन आर्य की 16वीं पुण्यतिथि पर खांडा खेड़ी में हुआ कार्यक्रम

**नारनौंद।** वैदिक पथ के पथिक स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य की 16वीं पुण्यतिथि गांव खांडा खेड़ी के भारत मित्र स्तंभ के प्रांगण में मनाई गई। परिवार सहित अन्य लोगों ने समाधि स्थल पर जाकर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद भारत मित्र स्तंभ में सिंधु परिवार सहित सैकड़ों लोगों ने हवन में आहुति डाली। भजनों का कार्यक्रम भी हुआ जिसमें इंडस स्कूल की छात्राओं ने वैदिक भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में सैकड़ों प्रतिभावान विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर वीर सेन सिंधु, हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष कैप्टन सत्यपाल, व्रतपाल सिंधु, देव सुमन, राज्य सूचना आयुक्त डॉ. कुलबीर छिक्कारा, कुलबीर सुरजेवाला, सुभाष श्योराण, जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा, मार्केट कमेटी चेयरमैन शमशेर मोर, चेयरमैन मास्टर उदय सिंह लोहान, अजय सिंधु, पार्षद सुनील बैरागी, जिला पार्षद संजय खरब, चेयरमैन रविंद्र रॉकी, मंडल प्रधान कर्णपाल पेटवाड़, महावीर श्योराण, सोनू सैनी, रमेश सांगवान समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।








### परिवार बढ़ा रहा परंपरा को आगे : कैप्टन रूद्र

*परम मित्र मानव निर्माण संस्थान के अध्यक्ष कैप्टन रूद्र सेन सिंधु ने इस अवसर पर कहा कि वर्ष 2010 में हमारे पूज्य पिताजी स्व. चौधरी मित्र सेन आर्य ने प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करने की परंपरा शुरू की थी और आज पूरा परिवार इसको आगे बढ़ाने में लगा है। इस क्षेत्र के जो छात्र 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त करते हैं, उनको प्रमाण पत्र, मेडल और नगद राशि देकर सम्मानित किया जाता हैं ताकि इसको देखकर अन्य छात्रों में भी प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा हों। उन्होंने अध्यापकों से अनुरोध किया कि वे छात्रों में शिक्षा के अलावा सामाजिक गुणों का पाठ पढ़ाने का भी काम करें। उन्हें साफ सफाई और स्वच्छता के बारे में भी जागरूक किया जाए।*

### संकल्प लेकर कार्य करते थे चौधरी मित्रसेन : कैप्टन अभिमन्यु

प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि स्व. चौधरी मित्र सेन आर्य ने जो कार्य शुरू किए थे उन्हीं कामों को एक लक्ष्य लेकर आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उनकी पुण्यतिथि पर वैदिक रीति से हवन यज्ञ करके उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। इसी दिन विद्यार्थियों को को छात्रवृत्ति दी जाती हैं। कैप्टन रुद्रसेन के नेतृत्व में देश भर में नए गुरुकुलों का निर्माण और उनमें सहयोग किया जा रहा है। समाज के कार्यों में भी सहयोग देकर आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। चौधरी मित्र सेन आर्य कुछ संकल्प लेकर कार्य करते रहे। उन्होंने जड़ों से जुड़कर सामाजिक सरोकारों को निभाने का काम किया और जड़ों से अलग कभी नहीं हुए।

### सम्मानित करने वालों का दायरा बढ़ाया : सुभाष श्योराण

इंडस शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर सुभाष श्योराण ने बताया कि कैप्टन रूद्र सेन ने घोषणा की है कि इस कार्यक्रम में अब तक प्रतिभावान छात्रों को ही सम्मानित किया जाता था। भविष्य में सांस्कृतिक, आर्ट, पेंटिंग और खेलों में मेडल जीतने वाले युवाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। सभी छात्रों को प्रमाण पत्र, मेडल नगद राशि देकर सम्मानित किया गया है।

### सम्मानित हुए छात्र

टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारनौंद, उपासना सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारनौंद, होली फील्ड सीनियर स्कूल नारनौंद, न्यू आरईडी हाई स्कूल पेटवाड़, इंडस स्कूल मिर्चपुर, इंडस स्कूल जींद, आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल हैबतपुर, एसबीएस स्कूल माढ़ा, भारती विद्या मंदिर, स्वामी विवेकानंद स्कूल खेड़ी चौपटा, बाबा श्रीराम स्कूल पेटवाड़, विकास आदर्श हाई स्कूल, एमडी हाई स्कूल पेटवाड़, न्यू आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल लोहारी राघो, बाल ज्योति स्कूल बुडाना, परममित्र कन्या विद्या निकेतन स्कूल खांडा खेड़ी, बाबा उद्लदेव स्कूल मदन हेड़ी, होली एंजल मॉडल स्कूल गैबी नगर, पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल लोहारी राघों, बीएमएस पब्लिक स्कूल बास के लगभग 350 छात्रों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा भारत जानो प्रतियोगिता के करीब 30 छात्रों को सम्मानित किया गया।

# टी-20 वर्ल्ड कप चैंपियन टीम इंडिया के सामने अपने देश में खिताब जीतकर इतिहास लिखना लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप 2026 की शुरुआत 7 फरवरी से होनी है, जिसमें सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में भारतीय टीम खेलेगी।

पिछले संस्करण का खिताब भारत ने जीता था और ऐसे में आगामी संस्करण में टीम खिताब का बचाव करने उतरेगी। अब तक किसी भी टीम ने अपने घर पर हुए टी-20 विश्व कप को नहीं जीता है और ऐसे में भारतीय टीम इतिहास बदलना चाहेगी। इस बीच भारतीय टीम, शेड्यूल, इतिहास और अन्य जानकारी पर एक नजर डालते हैं।

### इन खिलाड़ियों को मिला है टीम में मौका

टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में चुने गए वाशिंगटन सुंदर चोटिल हैं। वह टूर्नामेंट से बाहर हो सकते हैं। दूसरी तरफ तिलक वर्मा के फिट होने की संभावना है। टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीमःसूर्यकुमार यादव (कप्तान), अक्षर पटेल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, ईशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, और वॉशिंगटन सुंदर।

### कोई भी टीम अपने देश की धरती में नहीं जीत सकी टी-20 वर्ल्ड कप



### अमेरिका के खिलाफ पहला मैच 12 को

ग्रुप-ए ने मौजूद भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 7 फरवरी को यूएसए क्रिकेट टीम के खिलाफ मुंबई में खेलेगी। इसके बाद 12 फरवरी को नामीबिया के खिलाफ दिल्ली में मुकाबला होगा। भारत और पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बीच 15 फरवरी को आर प्रेमदासा स्टेडियम (कोलंबो) में मैच खेला जाएगा। आखिर में भारतीय टीम अपना अंतिम लीग मैच नीदरलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 18 फरवरी को अहमदाबाद में खेलेगी।

### अभी तक 2 खिताब जीत चुकी है भारतीय टीम

महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम ने 2007 में टी-20 विश्व कप पर कब्जा जमाया था। इसके बाद रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय टीम 2024 में दूसरी बार विजेता बनी थी। इसके अलावा भारतीय टीम 2014 के संस्करण में उपविजेता रही थी। भारत के अलावा इंग्लैंड और वेस्टइंडीज ने 2-2 बार इस प्रतिष्ठित खिताब को अपने नाम किया है। इनके अलावा पाकिस्तान, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया 1-1 बार विजेता बनी है।

### भारतीय टीम का विश्व कप में प्रदर्शन

क्रिकइंफो के मुताबिक, टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम ने सभी संस्करणों (2007-2024) में कुल 52 मैच खेले हैं, जिसमें से 35 में टीम जीती और 15 में हार झेली है। इसके अलावा 1 मैच बेनतीजा और 1 मैच टाई रहा है। भारतीय टीम का सर्वोच्च टीम स्कोर 218 रन रहा है और सबसे कम स्कोर 79 है। टी-20 विश्व कप में भारत फिलहाल सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीम है।

## खबर संक्षेप



### इंग्लैंड ने दूसरे वनडे में श्रीलंका को हराकर सीरीज में की बराबरी

**कोलंबो**। इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने मेजबान श्रीलंका क्रिकेट टीम को वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में 5 विकेट से हराते हुए 3 मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी हासिल कर ली। इंग्लिश टीम को पहले मैच में हार मिली थी। कोलंबो में हुए मैच में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 219 का स्कोर बनाया था। जवाब में इंग्लिश टीम ने 46.2 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर नजर डालते हैं। इस तरह से रोचक रहा मुकाबला श्रीलंकाई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 68 रन तक अपने 3 अहम विकेट गंवा दिए थे। उसके बाद कप्तान चरिथ असलंका (45), धनंजय डी सिल्वा (40) और पवन रत्नायके (29) ने अहम पारियां खेलते हुए टीम के स्कोर को 49.3 ओवर में 219 तक पहुंचाया। जवाब में इंग्लैंड ने जो रूट (75), हेरी ब्रुक (42), बेन डकेट (39) और जोस बटलर (33*) की पारियों के दम पर 46.2 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की पहली भिड़ंत आयरलैंड से

**नई दिल्ली**। टी-20 विश्व कप 2026 की शुरुआत 7 फरवरी से होनी है, जिसमें मिचेल मार्श की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम अपनी चुनौती पेश करेगी। 2024 में खेले गए पिछले संस्करण में कंगारू टीम सुपर-8 में भी नहीं पहुंच सकी थी। ऐसे में आगामी संस्करण में मार्श के नेतृत्व में टीम दूसरा खिताब जीतना चाहेगी। इस बीच ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीम की घोषणा कर दी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने स्पिनर्स से भरी टीम चुनी है, जिसमें एडम जैम्पा स्पिन विभाग की अगुआई करेंगे। उनके साथ मैथ्यू कुह्नमैन, कूपर कोनोली, ग्लेन मैक्सवेल और मैथ्यू शॉर्ट जैसे अन्य स्पिन गेंदबाजी के विकल्प शामिल हैं।



### अतिका क्वालीफाइंग में दूसरा स्थान पाने वाली पहली भारतीय



**ला कोंका (इटली)**। भारत की 11 वर्षीय रेसिंग सनसनी अतिका मीर ने डब्ल्यूएसके सुपर मास्टर कार्टिंग सीरीज में शानदार शुरुआत की और वह 37 ड्राइवरों के क्वालीफाइंग ग्रिड में दूसरा सबसे तेज समय निकालने वाली पहली भारतीय बन गईं। अतिका ने 2026 में मिनी (8 से11 वर्ष की आयु) से जूनियर श्रेणी (12 से 14 वर्ष की आयु) में जाने के बाद पहली बार ओकेएनजे वर्ग में ड्राइविंग करते हुए उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। अतिका ने 49.76 सेकंड का समय निकाला। वह एक समय पोल पोजीशन हासिल करने की स्थिति में थी लेकिन अंतिम क्षणों में फिनलैंड के लियो लैटिनन ने उन्हें पीछे छोड़ दिया।

## चौथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच आज विशाखापट्टनम स्टेडियम में शाम 7 बजे से

# मुकाबला आज : भारत अपनी जीत की लय बरकरार रखने और न्यूजीलैंड विजयरथ को रोकने बेकरार

एजेंसी ▶▶| विशाखापट्टनम

भारतीय क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच 5 मैचों की सीरीज का चौथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला आज बुधवार 28 जनवरी को खेला जाएगा। सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना चुकी सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम जीत के क्रम को बरकरार रखना चाहेगी।

इसी तरह मिचेल सैंटनर की कप्तानी वाली कीवी टीम भारत का विजय रथ रोकने और सीरीज में अपनी पहली जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच यह मुकाबला विशाखापट्टनम के डॉ वाई एस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में शाम 7 बजे से से खेला जाएगा।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ भारी रहा है भारत का पलड़ा

टी-20 अंतरराष्ट्रीय में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी रहा है। दोनों टीमों के बीच अब तक 28 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 17 में भारतीय टीम को जीत मिली है, जबकि 10 मैच कीवी टीम ने जीते हैं। 1 मैच टाई रहा है। भारतीय सरजमीं पर दोनों टीमों के बीच 14 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 10 मैचों में भारत ने जीत दर्ज की, जबकि शेष 4 मैच न्यूजीलैंड ने अपने नाम किए हैं।



### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

अभिषेक ने पिछले 10 मैचों में 200.60 की स्ट्राइक रेट से 331 रन बनाए हैं। कप्तान सूर्यकुमार ने 10 मैचों में 249 रन अपने नाम किए हैं। न्यूजीलैंड से चैपमैन ने पिछले 9 मैचों में 215 रन बनाए हैं। कप्तान सैंटनर 10 मैचों 207 रन बनाने में सफल रहे हैं। वरुण चक्रवर्ती ने 8 मैचों में 16 विकेट अपने नाम किए हैं। इसी प्रकार जैकब डफी 9 मैचों में 14 विकेट चटका चुके हैं। इनके प्रदर्शन पर नजरें रहेंगी।

### ऐसी हो सकती है भारत की प्लेइंग इलेवन

भारतीय सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन सीरीज में अब तक कुछ खास नहीं कर पाए हैं। ऐसे में वह बड़ी पारी खेलकर वापसी करना चाहेंगे। इसी तरह अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और सूर्यकुमार अपनी फॉर्म बरकरार रखने का प्रयास करेंगे। तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह और हर्षित राणा पर होगी।
**संभावित एकादशः** संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, और जसप्रीत बुमराह।

### इस संयोजन के साथ उतर सकती है कीवी टीम

दूसरे टी-20 मैच में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने निराश किया था और भारतीय बल्लेबाजों के सामने जमकर रन लुटाए थे। ऐसे में मेहमान टीम पिछली गलतियों से सबक लेते हुए अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेगी। कीवी टीम अपने शीर्षक्रम से भी बड़ी पारियों की उम्मीद करेगी।
**न्यूजीलैंड की संभावित एकादशः** टिम सिफर्ट, डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, डेरिल मिचेल, मिचेल सैंटनर (कप्तान), मैट हेनरी, काइल जैमीसन, ईश सोढ़ी, और जैकब डफी।

## पद्म पुरस्कार 2026

# विजय अमृतराज को पद्म भूषण, रोहित व हमरनप्रीत समेत आठ को पद्म श्री



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पद्म पुरस्कार 2026 के विजेताओं की घोषणा कर दी है। इनमें उल्लेखनीय कार्य के लिए 5 हस्तियों को पद्म विभूषण, 13 को पद्म भूषण और 113 को पद्म श्री सम्मान दिया गया है। सूची में खेल जगत से पूर्व भारतीय टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज को पद्म भूषण, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर समेत 8 को पद्म श्री मिला है।

### इन खेल हस्तियों को मिला पद्म श्री

इस साल पद्म श्री सम्मान हासिल करने वालों में पूर्व भारतीय टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा, महिला वनडे विश्व कप 2025 की विजेता कप्तान हरमनप्रीत कौर, पेरिस पैरालिंपिक 2024 के स्वर्ण पदक विजेता पैरा एथलीट प्रवीण कुमार, भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता पूनिया, देश में महिला हॉकी में क्रांति लाने वाले कोच बलदेव सिंह, भगवानदास रायकवार और मार्शल आर्ट स्टार के पजानिवेल शामिल है। इसी तरह पूर्व कुश्ती कोच व्लादिमीर मेस्तविरिशविली को मरणोपरांत पद्म श्री दिया गया है।

### कौन हैं विजय अमृतराज

तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में जन्मे विजय अमृतराज भारत के पूर्व टेनिस खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने अपने करियर में 2 बार विंबलडन और US ओपन के क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया था। इसी तरह उन्होंने भारत की डेविस कप टीम को 1974 और 1987 में 2 बार फाइनल तक पहुंचाया था। वह इस साल खेल जगत से पद्म भूषण हासिल करने वाली एकमात्र हस्ती हैं। उन्हें 1983 में पद्म श्री और 1974 में अर्जुन पुरस्कार मिल चुका है।
**मेस्तविरिशविली ने तैयार किए थे कई प्रमुख पहलवान** : कुश्ती कोच रहे मेस्तविरिशविली ने सुशील कुमार, योगेश्वर दत्त और बजरंग पुनिया सहित कई भारतीय ओलंपिक पदक विजेता पहलवानों को प्रशिक्षित किया था। रायकवार को बुंदेलखंड की प्रसिद्ध बुंदेली युद्ध कला को संरक्षित करने के लिए यह सम्मान किया गया है।

## अंडर-19 विश्व कप 2026

# भारत ने न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराकर दर्ज की लगातार तीसरी जीत



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंडर-19 विश्व कप 2026 के 24वें मुकाबले में भारतीय टीम ने बारिश से बाधित मैच में न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हरा दिया। भारतीय टीम की टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत है। वहीं, न्यूजीलैंड पहला मुकाबला हारी है। न्यूजीलैंड की पारी के 7 ओवर के बाद बारिश से मैच 37-37 ओवर का किया गया। इसके बाद कीवी टीम 36.2 ओवर में 135 रन पर ढेर हो गई। जवाब में भारतीय टीम ने 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### भारत ने इस तरह दर्ज की जीत

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कीवी टीम को 22 रन तक 5 झटके लग गए थे। उसके बाद टीम ने कैलम सैमसन (37*), सेल्विन संजय (28) और जेकब कॉटर (23) की पारियों से 135 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में भारत को डकवर्थ लुईस नियम से 130 रन का लक्ष्य मिला, जिसे उसने कप्तान आयुष म्हात्रे (53) और वैभव सूर्यवंशी (40) की पारियों से महज 13.3 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### कैसी रही भारतीय टीम की गेंदबाजी?

मैच में सभी भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कीवी टीम को बैकफुट पर धकेल दिया। युवा तेज गेंदबाज आरएस अंबरीश 8 ओवर में 1 मेडन के साथ 29 रन खर्च करते हुए सर्वाधिक 4 विकेट अपने नाम किए। हेनिल पटेल ने 7.2 ओवर में एक मेडन के साथ 23 रन खर्च करते हुए 3 विकेट चटकाए। इसी तरह खिलान पटेल, मोहम्मद एनान और कनिष्क चौहान ने भी बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 1-1 विकेट अपने नाम किए।

### म्हात्रे ने जड़ा यूथ कॅरियर का पहला अर्धशतक

मैच में म्हात्रे ने धमाकेदार अर्धशतकीय पारी खेली। वह 27 गेंदों में 2 चौके और 6 छक्कों की मदद से 53 रन बनाकर आउट हुए। यह उनके यूथ वनडे करियर का पहला ही अर्धशतक रहा है, जिसे उन्होंने केवल 24 गेंदों में पूरा किया। उनके अब यूथ वनडे करियर में 18 मैचों में 13 से अधिक की औसत और 96 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 274 रन हो गए हैं। वह 8 विकेट लेने में भी सफल रहे हैं।

# ऑस्ट्रेलिया के केन रिचर्डसन ने पेशेवर क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज केन रिचर्डसन ने मंगलवार 27 जनवरी को पेशेवर क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया। 34 साल के रिचर्डसन हाल ही में सम्पन्न हुई बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स की ओर से खेलते हुए नजर आए थे। वह बीबीएल में शुरुआती सीजन से ही खेल रहे थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की ओर से टी-20 विश्व कप 2021 का खिताब जीता था। आइए उनके करियर पर एक नजर डालते हैं।



### क्रिकेट में मैंने खुद को पूरा इस्तेमाल किया

रिचर्डसन ने इस मौके पर कहा, 2009 में डेब्यू करने से लेकर अब तक, मुझे लगता है कि मैंने खुद का पूरा इस्तेमाल किया है और यह मेरी जीवन के इतने मजेदार हिस्से को खत्म करने का सही समय है।

### ऐसा रहा रिचर्डसन का अंतरराष्ट्रीय करियर


रिचर्डसन ने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के लिए 25 वनडे में 31.79 की औसत के साथ 39 विकेट लिए। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 68 रन देकर 5 विकेट लेना रहा। उन्होंने 36 टी-20 मैचों में 23.53 की औसत और 8.40 की इकॉनमी रेट से 45 विकेट अपने नाम किए। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 30 रन देकर 4 विकेट लेना रहा। इस तेज गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया की ओर से कोई टेस्ट मैच नहीं खेला था।

# सबालेंका और ज्वेरेव सेमीफाइनल में

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन : गॉफ ने हार के बाद रैकेट पर निकाला गुस्सा

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मंगलवार को यहां अमेरिका की 18 वर्षीय खिलाड़ी इवा जोविक को 6-3, 6-0 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां भीषण गर्मी के कारण छत बंद करके मैच खेलने पड़े। सबालेंका सेमीफाइनल में यूक्रेन की 12वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना का सामना करेगी जिन्होंने अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को 59 मिनट में 6-1, 6-2 से करारी शिकस्त दी।



### गॉफ ने कई बार रैकेट पटका

स्वितोलिना से हारने के बाद अमरीकी खिलाड़ी कोको गॉफ ने अपना गुस्सा अपने रैकेट पर निकाला और उसे कई बार नीचे पटका। स्वितोलिना पहली बार इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंची है। गॉफ ने बाद में कहा, "मैंने फ्रेंच ओपन के दौरान भी अपना एक रैकेट तोड़ा था।

### ज्वेरेव-लर्नर के बीच हुआ रोमांचक मैच

मेलबर्न में भीषण गर्मी के बीच रॉड लेवर स्टेडियम में पहला मैच छत खुली रखकर खेला गया, लेकिन अलेक्जेंडर ज्वेरेव और अमेरिकी खिलाड़ी लर्नर टिएन के बीच पुरुष क्वार्टरफाइनल मैच के लिए इसे बंद कर दिया गया। तीसरी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने 20 वर्षीय टिएन पर 6-3, 6-7 (5), 6-1, 7-6 (3) से जीत दर्ज करके अंतिम चार में जगह बनाई। ज्वेरेव ने 24 ऐस लगाए और केवल एक डबल फॉल्ट किया।

## टी-20 विश्व कप 2026, पहला मैच स्कॉटलैंड से

# वेस्टइंडीज की टीम में जोसेफ, सैम्पसन शामिल, होप करेंगे कप्तानी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप 2026 की शुरुआत 7 फरवरी से होनी है, जिसके लिए वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम का ऐलान किया है। शाई होप की कप्तानी में युवा बल्लेबाज क्विंटन सैम्पसन को शामिल किया गया है। तेज गेंदबाज शमर जोसेफ भी टीम में अपनी जगह बनाने में कामयाब हुए हैं। बता दें कि कैरेबियाई टीम विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत स्कॉटलैंड के खिलाफ 7 फरवरी को होने वाले मैच से करेगी। वेस्टइंडीज की टीम ग्रुप-सी में मौजूद है। इस ग्रुप की अन्य टीमें स्कॉटलैंड, इटली, नेपाल और इंग्लैंड है।

### क्विंटन सैम्पसन के ऐसे हैं आंकड़े

सैमसन गुयाना सीपीएल 2025 में अमेजन वॉरियर्स के लिए तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने 9 पारियों में 151.57 की स्ट्राइक रेट से 241 रन बनाए। अपने अब तक के टी-20 क्रिकेट करियर में 27.60 की औसत और 142.26 की स्ट्राइक रेट के साथ 276 रन बनाए हैं। उन्होंने अपने युवा टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में अब तक 3 पारियों में 35 रन बनाए थे।



### जेसन और रोवमैन की भी हुई वापसी

पूर्व कप्तान जेसन होल्डर और रोवमैन पॉवेल के साथ-साथ रोमारियो शेफर्ड की भी टीम में वापसी हुई है। ये खिलाड़ी अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज में नहीं खेले थे। अल्जारी जोसेफ चोट की वजह से बाहर हो गए हैं। यही टीम 27 जनवरी को पार्ल में शुरू होने वाली 3 मैचों की सीरीज में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलेगी। टी-20 विश्व कप 2016 का खिताब जीतने वाली कैरेबियाई टीम से जॉनसन चार्ल्स भी इस टीम का हिस्सा हैं।

### ऐसी है वेस्टइंडीज की टीम

वेस्टइंडीज की टीम ग्रुप-सी में मौजूद है। इस ग्रुप की अन्य टीमें स्कॉटलैंड, इटली, नेपाल और इंग्लैंड है। वेस्टइंडीज अपना पहला मैच 7 फरवरी को स्कॉटलैंड के खिलाफ खेलेगी।
वेस्टइंडीज की टीमः शाई होप (कप्तान), शिमरोन हेटमायर, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, जेसन होल्डर, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोती, रोवमैन पॉवेल, शेरफेन रदरफोर्ड, क्विंटन सैम्पसन, जेडन सील्स, और रोमारियो शेफर्ड।




सीएम बोले-मैदान में खिलाड़ी नहीं, देश का भविष्य दौड़ता है

# भव्य आतिशबाजी के साथ खेलो एमपी यूथ गेम्स-2026 का शुभारंभ

## मुख्यमंत्री ने की राज्य स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स-2026 के विधिवत शुभारंभ की घोषणा, दर्शकों से मोबाइल की रौशनी कराकर सबकी सहभागिता से कराई गेम्स की शुरुआत





रंगारंग आतिशबाजी का ड्रोन शॉट।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में पारम्परिक और आधुनिक दोनों प्रकार के खेलों की समद्ध परम्परा है। खेलो एमपी यूथ गेम्स केवल एक स्पर्धा नहीं है, खेल महोत्सव है और यह महोत्सव हमारी उसी समृद्ध परम्परा का एक रिवीजन है। जब किसी मैदान में कोई खिलाड़ी अपना पसीना बहाता है, दौड़ता है, भागता है, परिश्रम करता है, तो उस मैदान में खिलाड़ी नहीं देश का सुनहरा भविष्य दौड़ता है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार की शाम भोपाल के तात्या टोपे नगर स्टेडियम में राज्य स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स-2026 के विधिवत शुभारंभ की घोषणा करने के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल सदियों से हमारा मान हैं, भारतीय संस्कृति की पहचान हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक नई संस्कृति का विकास हो रहा है। हमें कॉमनवेल्थ की मेजबानी मिली, अब ओलिम्पिक की तैयारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार परम्परागत खेलों को भी बढ़ावा दे रही है। पहली बार कबड्डी, खो-खो, मलखम्भ, पिठ्ठी, रस्साकशी जैसे पारम्परिक ग्राम्य खेलों के अलावा थ्रो बॉल और क्रिकेट भी खेलो एमपी यूथ गेम्स में शामिल किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने स्टेडियम में मौजूद सभी से अपने मोबाइल टार्च से रौशनी कराकर सामूहिक सहभागिता में खेलो एमपी यूथ गेम्स का शुभारंभ किया। इसके बाद बड़ी संख्या में युवाओं, खिलाड़ियों एवं भोपाल शहर के नागरिकों के भारी जोश, उत्साह और उमंग से भरे वातावरण में खेलो एमपी यूथ गेम्स का रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। खेलो एमपी यूथ गेम्स के शुभारंभ अवसर पर आकर्षक आतिशबाजी भी की गई। गेम्स के प्रारंभ पर प्रदेश के नौ संभागों के खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। इसके साथ ही रोमांचक एरोबिक डांस ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



### केंद्रीय खेल मंत्री मंडाविया बोले-यह गेम्स विकसित और सशक्त भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करेंगे



मार्च पास्ट करते हुए संभागों के खिलाड़ी।

खेलो एमपी यूथ गेम्स-2026 के शुभारंभ अवसर पर केंद्रीय युवा कल्याण एवं खेल मंत्री मनसुख मंडाविया के वीडियो शुभकामना संदेश का प्रसारण भी किया गया। केंद्रीय खेल मंत्री श्री मंडाविया ने कहा कि बेहद कम समय में करीब एक लाख खिलाड़ियों को खेलो एमपी यूथ गेम्स से जोड़ा गया है। यह केवल मध्यप्रदेश में ही संभव है। उन्होंने कहा कि यह गेम्स विकसित और सशक्त भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करेंगे। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव और खेल विभाग को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### जो विकास की धारा पीएम ने देश में बहाई, वहीं सीएम मप्र में बहा रहे

खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि विकास और कल्याण की जो धारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहाई है, वही धारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश में बहा रहे हैं। प्रदेश के गांव से लेकर शहर, शहर से लेकर खेत, खेत से लेकर खलिहान, युवा से लेकर महिला, महिला से लेकर मजदूर, मजदूर से लेकर किसान हर क्षेत्र में विकास और कल्याण की स्थापना मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि वर्ष 2047 तक यदि देश को विकसित करना है तो हमें अपने युवाओं को सही दिशा देनी होगी।

### पद्मश्री कैलाश का किया स्वागत



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स - 2026 के शुभारंभ अवसर पर अपनी परफॉर्मेंस देने भोपाल आए पद्मश्री अवार्डी, सूफी गायक एवं लोक संगीतकार कैलाश खेर को पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत-अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में 'मैदान से मैडल तक' नामक एक विशेष नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसमें खेलों से भविष्य बनाने में खिलाड़ियों के संघर्ष, परिश्रम और निष्ठा को प्रदर्शित किया।

पीपुल्स समाचार रहा उप विजेता

# पब्लिक वाणी ने जीता 31वां इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पब्लिक वाणी ने 31वां इंटरप्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 के फाइनल में पीपुल्स समाचार को 29 रन से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। मंगलवार को ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेले गए खिताबी मुकाबले में पब्लिक वाणी ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 144 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीपुल्स की टीम 19.3 ओवर में 115 रन पर सिमट गई। विजेता पब्लिक वाणी की टीम को एक लाख रुपए इनामी राशि और उप विजेता पीपुल्स समाचार की टीम को 50,000 रुपए की इनामी राशि प्रदान की गई। विजेता, उपविजेता टीम और खिलाड़ियों को पुरस्कार को सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, दिलीप बिल्डकॉन के सीएमडी दिलीप सूर्यवंशी, भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, अतिरिक्त संचालक जनसंपर्क जीएस बाधवा, आईईएस कॉलेज के डीन अजय शर्मा, आरएनटीयू के जनसंपर्क अधिकारी विजय सिंह, रुपिंदर सिंह चौहान और सुसराज सिंह घुम्मन ने प्रदान किए।

### टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ

**सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजः** प्रभात शुक्ला
**सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजः** प्रकाश
**सर्वश्रेष्ठ फील्डिरः** अजित सिंह
**सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपरः** अश्विन सोलंकी
**अनुशासित टीमः** नवदुनिया
**मैन ऑफ द फाइनलः** शशांक गुर्जर
**मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयरः** दीपक बाजपेयी
**प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंटः** जलील खान

इंटर-यूनिवर्सिटी रोलर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का समापन

# अन्ना यूनिवर्सिटी बनी ओवरऑल चैंपियन तो एमजीयू कोट्टायम का महिला वर्ग में दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय रोलर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025-26 का समापन अन्ना यूनिवर्सिटी की शानदार जीत के साथ हुआ। चैंपियनशिप में अन्ना यूनिवर्सिटी ने स्केटिंग ट्रैक पर अपनी रफ्तार और कौशल का लोहा मनवाते हुए 'ओवरऑल कंबाइंड चैंपियनशिप' का खिताब अपने नाम कर लिया। टीम ने न केवल कंबाइंड चैंपियनशिप जीती, बल्कि पुरुष वर्ग में भी अपना वर्चस्व कायम रखा।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. आलोक मिश्रा, रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक भारूखा, मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. पुष्पेंद्र तिवारी, प्राध्यापक डॉ. ध्यानेंद्र सिंह और डॉ. हरेंद्र मोदी मौजूद रहे।



### स्केटिंग ट्रैक पर लहराया परचम

500 एम+डी ट्रैक रेस में अन्ना यूनिवर्सिटी और एमजीआर मेडिकल यूनिवर्सिटी के खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। महिला वर्ग की स्पर्धा में बेहद कड़ा मुकाबला देखने को मिला। एमजीआर मेडिकल यूनिवर्सिटी की कार्तिका जे ने 54:16 सेकंड के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। एमजी यूनिवर्सिटी की देविका गिरीश ने रजत और एमयूएचएस की समीया एन मिस्त्री ने कांस्य पदक जीता। वहीं पुरुष वर्ग में अन्ना यूनिवर्सिटी के आनंद कुमार ने अपनी जबरदस्त फॉर्म जारी रखी। उन्होंने 43:84 सेकंड के शानदार समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सिम्बायोसिस इंटरनेशनल के अनीश राज दूसरे स्थान पर रहे, जबकि गलगोटिया यूनिवर्सिटी के आयुष सिरोही ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।

### पुरुष वर्ग में अन्ना यूनिवर्सिटी विजेता, महिला वर्ग में

जहां एक ओर पुरुषों में अन्ना यूनिवर्सिटी आगे रही, वहीं महिला वर्ग में केरल की महात्मा गांधी (एमजी) यूनिवर्सिटी, कोट्टायम ने बाजी मारी। शानदार संतुलन और गति का प्रदर्शन करते हुए एमजीयू कोट्टायम की महिला टीम ने 16 अंकों के साथ खिताब अपने नाम किया।

### कड़ा मुकाबला और उपविजेता

प्रतियोगिता के अंतिम क्षणों तक रोमांच बना रहा। एमजीयू कोट्टायम (ओवरऑल), कालीकट विश्वविद्यालय और तमिलनाडु की डॉ. एमजीआर मेडिकल यूनिवर्सिटी के खिलाड़ियों ने कड़ा संघर्ष किया और उपविजेता के रूप में अपनी जगह बनाई।

वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट

# आरएनटीयू ने गोवा यूनिवर्सिटी को 39 रनों से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू), भोपाल की पुरुष क्रिकेट टीम ने वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट 2025–26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने पहले नॉकआउट मुकाबले में गोवा यूनिवर्सिटी को 39 रनों से पराजित कर प्रतियोगिता में सशक्त शुरुआत की। आरएनटीयू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। विश्वविद्यालय की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 249 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। इनमें मयंक पांचाल ने 48 गेंदों में 11 छक्कों और 7 चौकों की मदद से शानदार 118 रन बनाए। वहीं गुरु प्रसाद मरावी ने 30 गेंदों में 3 चौके और 2 छक्कों की सहायता से 44 रन बनाए। इसके अतिरिक्त मोहम्मद तासीन आजाद ने 15 गेंदों में 2 चौके और 2 छक्के लगाते हुए नाबाद 28 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोवा यूनिवर्सिटी की टीम को आरएनटीयू के गेंदबाजों ने 18.1 ओवर में 210 रनों पर ऑलआउट कर दिया। इनमें अनुराग मालवीय ने 3, कप्तान प्रभांशु शुक्ला ने 2 विकेट झटके। वहीं संजय मानिक, वैभव सिंह परिहार, रितांशु राजपूत, गुरु प्रसाद मरावी और मयंक पांचाल ने 1-1 विकेट प्राप्त कर टीम की जीत सुनिश्चित की। शानदार शतकीय पारी के लिए मयंक पांचाल को मैन ऑफ द मैच चुना गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930